फाल्गुन कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 6 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 18, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता : जयशंकर 16

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज 15

परंपरा का उत्सव : मंगलवार को पुणे से 50 किमी दूर वीर गांव में श्रीनाथ वीर म्हस्कोबा उत्सव मनाया गया। इसमें हजारों शिव भक्तों ने हिस्सा लिया और परंपरा निभाते हुए एक-दूसरे पर लाल रंग लगाया। यह भगवान शिव के अवतार और उनके विवाह का उत्सव है। यह माघ पूर्णिमा को मनाया जाता है और 10 दिनों तक जारी रहता है। ● एजेंसी

लालकुआं से अमृतसर के लिए ट्रेन शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

अमृत विचार : जनपद नैनीताल से अमृतसर के लिए के लिए रेल सेवा शुरू हो गई है। मंगलवार को केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट ने लालकुआं जंक्शन पर साप्ताहिक लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर-15016) का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

केंद्रीय मंत्री भट्ट ने कहा कि लालकुआं से अमृतसर को सीधे ट्रेन संचालन से उत्तराखंड का मिनी पंजाब के रूप में पहचाने जाने वाला ऊधम सिंह नगर सीधे अमृतसर से जुड़ जाएगा। हजारों श्रद्धालु स्वर्ण मंदिर के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने टनकपुर-देहरादून तथा अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस के संचालन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वार्ष्णेय एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में उत्तराखंड में रेल सेवाओं को गति मिल रही है। वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन की भी संभावनाएं प्रबल हुई हैं। जल्द ही दिल्ली-काठगोदाम के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन होगा। अयोध्या-देहरादून होते हुए दिल्ली तक वंदे भारत एक्सप्रेस संचालन के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

इस दौरान लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, एडीआरएम राजीव अग्रवाल, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, सहायक मंडल इंजीनियर काशीपुर सुबोध थपलियाल, स्टेशन प्रबंधक पुष्कर सिंह, हेमंत नरूला, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, लक्ष्मण खाती, विनोद श्रीवास्तव, संजय अरोड़ा, नारायण सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

लालकुआं जंक्शन से लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट व अन्य। ● अमृत विचार

एक नजर

प्रधानमंत्री गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी। मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की हाईप्रोफाइल दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय बढ़ाए गए हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

गूगल भारतीय एप को बहाल करने पर राजी

नई दिल्ली। प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है। दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि गूगल और स्टार्टअप समुदाय ने हमसे मुलाकात की है, बेहद रचनात्मक चर्चा हुई है। गूगल सभी ऐप को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गई है। गूगल ने भुगतान निर्देशों का पालन नहीं करने का हवाला देते हुए शुक्रवार को प्ले स्टोर से एक दर्जन डेवलपर्स के एप को हटा दिया था।

फेसबुक-इंस्टाग्राम ठप परेशान रहे लोग

नई दिल्ली। मेटा का सर्वर मंगलवार शाम डाउन हो गया। इस दौरान फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड के यूजर्स को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसका असर भारत समेत दुनिया के कई देशों में देखने को मिला। इस दौरान यूजर्स का अकाउंट अपने आप ही लॉगआउट हो गया। हालांकि व्हाट्सएप पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है।

प्रदेश में बन रहा व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण : धामी

मुख्यमंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 में निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड सेरेमनी को किया संबोधित

11 परियोजनाओं का किया शिलान्यास 64 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उद्योग विभाग की ओर से आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया। उन्होंने 11 परियोजनाओं का शिलान्यास किया और 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 27 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा रही है। इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा चुकी है। यह ग्राउंडिंग संपादित एमओयू का 20 प्रतिशत है, इसे शत-प्रतिशत किया जाएगा। अवस्थापना के क्षेत्र में निरन्तर प्रगति हो रही है। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में चाहे रेल हो, सड़क या हवाई सेवा लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने साकार हो रहे हैं और व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण बन रहा है।

11 नई परियोजनाओं का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कृषि मंत्री गणेश जोशी और मुख्य सचिव राधा रतूड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

- 27 हजार करोड़ लागत की परियोजनाओं की हो रही है ग्राउंडिंग
- अब तक 71 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की हो चुकी है ग्राउंडिंग

स्टार्ट अप ग्रांड चैलेंज के विजेताओं को किया सम्मानित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने स्टार्ट अप उत्तराखंड ग्रांड चैलेंज 2022-23 के विजेताओं साक्षी एंड ग्रुप, अंकुश गर्ग, सौम्यदीप एंड अभि, लव शर्मा, मयंक बिष्ट, अरूण शर्मा, तेजस एंड वंश, समृद्धि एंड ग्रुप, समृद्धि एंड शिव साक्षी, कुलदीप बिष्ट को पुरस्कृत किया।

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत 3.56 लाख करोड़ के एमओयू को समय-समय पर धरातल पर उतारा जाएगा। हमारा प्रयास उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के साथ ही एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित करने का संकल्प है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिये 30 नई नीतियां बनाई हैं। उद्योग जगत से निरन्तर संवाद किया जा रहा है।

उद्योगों से संबंधित जो भी समस्या होगी, उसका त्वरित निस्तारण होगा ताकि उत्तराखंड निवेश में अग्रणी राज्य बन सके। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी, अपर मुख्य सचिव आनन्दवर्द्धन, उद्योग सचिव विनय शंकर पांडेय, पवन अग्रवाल, आरएस यादव, विश्वास डाबर, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी आदि मौजूद रहे।

युवक ने एसपी ऑफिस पर खुद को लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वाहन को लेकर था विवाद, पुलिस की कार्यप्रणाली से था आहत
- 50 फीसदी झुलसने पर लखनऊ रेफर, एएसपी सिटी करेंगे जांच

अमृत विचार : पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत युवक ने एसपी ऑफिस पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया। पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों ने आग बुझाया, लेकिन तब तक वह 50 प्रतिशत झुलस गया था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी सिटी को सौंपी है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सेहरान निवासी ताहिर अली(45) के पास दो पिकअप वाहन थे। जिसे डेढ़ वर्ष पूर्व सदर बाजार क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी एक ग्रामीण को किराए पर दिए थे। आरोप है कि उसने गाड़ी लौटाने से मना कर दिया। बाद में एसपी के आदेश पर 13 अक्टूबर 2023 को वाहन बरामद कर कैंट चौकी में खड़े करा दिए गए थे। 16 अक्टूबर 2023 को ताहिर को वाहन दे दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि वह चौकी से वाहन लेकर कांट जा रहा था, तभी उक्त ग्रामीण ने मारपीट कर वाहन छीनने का प्रयास किया जिसकी सदर बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ आरोपी उसके घर पहुंचा और जबरन वाहन उठा ले गया। तभी से दोनों वाहन कैंट चौकी पर खड़े थे।

उसने वाहन रिलीज को कोर्ट में अर्जी लगाई। वहां से बीती छह फरवरी की तारीख मिली थी। आरोप है कि सदर बाजार और पुलिस चौकी कैंट वाहन गायब करा दिए। मंगलवार दोपहर 12 बजे पत्नी व बच्चों के साथ एसपी कार्यालय गेट पर पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। आग लगाने के बाद वह एसपी कार्यालय की तरफ भागा। पुलिस कर्मियों और मौजूद लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया।

> ताहिर अली ने एसपी कार्यालय गेट पर आग लगाई है। उसके पास दो वाहन थे। वह उमेश तिवारी नाम के एक व्यक्ति के साथ काम करता था। उमेश ने उससे वाहन खरीदकर पैसे दे दिए थे, दूसरे वाहन की किश्तें जमा कर रहा था। ताहिर चाहते थे कि दोनों वाहन उन्हें मिल जाएं। जो विवाद की जड़ था। घटना की जांच एएसपी सिटी संजय कुमार को सौंपी गई है। – **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

7 राज्यों में 17 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली/चेन्नई, एजेंसी

● बंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने और कैफे विस्फोट मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी द्वारा कर्नाटक में बेंगलुरु की जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने से जुड़े मामले में मंगलवार को सात राज्यों के 17 स्थानों पर छापेमारी की है। वहीं, एक मार्च को बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि बेंगलुरु शहर पुलिस ने पिछले साल जुलाई में सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन सहित अन्य गोला-बारूद की जब्ती के बाद मामला दर्ज किया था। शुरुआत में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और उनसे पूछताछ के बाद एक और गिरफ्तारी हुई। लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी टी. नासिर इस मामले में जुनैद अहमद के साथ आरोपी है। नासिर ने बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में पांच लोगों को कट्टरपंथी बनाया था। जुनैद अहमद फरार है। उधर, एनआईए ने गत एक मार्च को कर्नाटक के बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में छापे मारे। करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआईए ने यह पता लगाने के लिए छापेमारी की कि बेंगलुरु कैफे विस्फोट के तमिलनाडु के किसी संगठन से कोई संबंध है या नहीं। प्रारंभिक जांच में विस्फोट में कर्नाटक के बाहर के लोगों के साथ कुछ संदिग्ध संबंधों की संलिप्तता का पता चला है, जिसके कारण गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंपी। उत्तरी चेन्नई के मन्नाडे और मुथियालपेट और दक्षिणी रामनाथपुरम जिले में भी छापेमारी की जा रही है।

शिवकुमार-सिद्धरमैया को मिला धमकी भरा मेल

सिद्धरमैया डीके शिवकुमार

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को एक ईमेल मिला है जिसमें 25 लाख अमेरिकी डॉलर (20.7 करोड़ रुपये) का भुगतान नहीं करने पर राज्य में विस्फोट करने की धमकी दी गई है। राज्य कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने ईमेल को पुलिस अधिकारियों को भेज दिया है और पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

तौकीर रजा 2010 के दंगे का मास्टर माइंड

अमृत विचार, बरेली : फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 में बरावफात के दिन शहर में हुए दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब किया है।

कोर्ट ने किया तलब

मंगलवार को विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही के बाद चार्जशीट में तौकीर का नाम न शामिल किए जाने का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आदेश जारी किया। इसी आधार पर तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी मौलाना का सहयोगी मानते हुए आदेश की प्रति मुख्यमंत्री योगी को भी भेजी है। सात के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए हैं। 2010 में हुए दंगे के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, हत्या की कोशिश जैसी गंभीर धाराओं में 178 नामजद और हजारों अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

अब्दुल को जिला जेल में मिला वसूली नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- तहसील प्रशासन ने जिला जेल नैनीताल भेजा नोटिस, अब आगे बढ़ाई जाएगी वसूली कार्यवाही



अमृत विचार : बनभूलपुरा मास्टर माइंड अब्दुल मलिक पर वसूली का शिकंजा कसता जा रहा है। तहसील प्रशासन ने मलिक के घर पर नोटिस होने के 24 घंटे के भीतर जिला जेल नैनीताल में भी नोटिस भेज दिया है। मलिक इन दिनों जिला जेल नैनीताल की बैरक नंबर-1 में बंद है।

नगर निगम ने बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा हिंसा में अब्दुल मलिक निवासी आजाद नगर को मास्टर माइंड माना है। हिंसा में क्षतिग्रस्त हुए नगर निगम की जेसीबी, उपकरण, वाहन आदि के नुकसान का 2.40 करोड़ रुपये का आकलन किया। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए मलिक की आरसी काटी गई थी। जिला प्रशासन की संस्तुति के बाद यह आरसी तहसील पहुंची। जब तक आरसी तहसील में पहुंचती तब तक जिला पुलिस फरार चल रहे मलिक की चल संपत्ति की कुर्की कर चुका था। ऐसे में तहसील प्रशासन के सामने नोटिस तामीली और वसूली बड़ी चुनौती थी। मलिक के फरार होने की वजह से नोटिस तामीली हो नहीं सकती थी जबकि चल संपत्ति पहले ही कुर्क हो चुकी थी।

पुलिस ने बीती 24 फरवरी को अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया था। उसको जिला जेल नैनीताल में बैरक नंबर-1 में रखा गया है। ऐसे में तहसील अधिकारी मलिक से वसूली को लेकर पशोपेश में थे। इधर, बीते सोमवार को तहसील कर्मचारियों की टीम ने मलिक के आजाद नगर लाइन नंबर-8 स्थित घर पर वसूली नोटिस चस्पा किया।

इसके 24 घंटे के भीतर वसूली नोटिस जिला जेल नैनीताल को भेज दिया है। अब जेल अधिकारी ही जेल में मलिक को नोटिस देंगे। इसकी रिपोर्ट बुधवार को मिल जाएगी। नोटिस के बाद मलिक विधिक प्रक्रिया कर सकता है।

अन्य जिलों व तहसील में भी खोजी जा रही मलिक की संपत्ति

बेतहाशा संपत्ति के मालिक अब्दुल मलिक के नाम एक भी संपत्ति नहीं मिली है। अब तक उसकी जो भी अचल संपत्ति मिली है, वो नजूल भूमि पर है या मलिक के नाम पर दर्ज नहीं है। कॉलेज वगैरह ट्रस्ट के नाम पर संचालित होते हैं। ऐसे में जिला प्रशासन हल्द्वानी छोड़कर अन्य तहसीलों में उसकी संपत्ति की तलाश कर रही है। नैनीताल तहसील के अंतर्गत उसका एक रिसोर्ट सामने आया है इसको लेकर जांच शुरू कर दी गई है। इसके अलावा उत्तराखंड के अन्य जिलों में भी उसकी संपत्ति की तलाश की जा रही है।

> अब्दुल मलिक के लिए वसूली नोटिस जिला जेल नैनीताल भेज दिया है। जेल के अधिकारी ही जेल में बैरक नंबर-1 में बंद मलिक को नोटिस तामील कराएंगे। अभी इसकी रिपोर्ट नहीं मिली है, संभावना है कि बुधवार तक तामीली की रिपोर्ट मिल जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –**सचिन कुमार**, तहसीलदार हल्द्वानी

मिलेगी सुविधा 7006 रुपये की फ्लाइट के टिकट पर 20 मार्च तक मिलेगी छूट, अयोध्या, वाराणसी और अमृतसर के लिए नियमित उड़ा शुरू

अब देवभूमि से दो हजार रुपये में पहुंचेंगे रामनगरी

देहरादून, एजेंसी

देवभूमि उत्तराखंड के देहरादून से अयोध्या धाम के दर्शन के लिए मात्र 1999 रुपये प्रति यात्री की दर से हवाई सेवा उपलब्ध होगी। यह छूट 7006 रुपये फ्लाइट के टिकट पर 20 मार्च तक उपलब्ध रहेगी।

इसके अलावा, पंतनगर, वाराणसी और अमृतसर के लिए भी हवाई सेवा के उद्घाटन के दिन अर्थात, बुधवार को मात्र 1999 रुपये किराया रहेगा जबकि नियमित उड़ान पर पूरा किराया लिया जाएगा। सभी उड़ानों का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को जौलीग्रांट में करेंगे।

उत्तराखंड के जौलीग्रांट एयरपोर्ट से राज्य सरकार एयर कनेक्टविटी योजना के तहत बुधवार से तीन बड़े शहर अयोध्या, वाराणसी और अमृतसर के लिए नियमित फ्लाइट सेवा शुरू करने जा रही है। राज्य के सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने अवगत कराया कि सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग ने बुधवार से शुरू होने जा रही उड़ानों का शेड्यूल और किराया तय कर लिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अयोध्या धाम जाने वाली फ्लाइट का किराया 7006 रुपये में बड़ी छूट देते हुए 20 मार्च तक 1999 रुपये तय किया है। इससे अयोध्या धाम और श्रीराम मंदिर के दर्शन करने वालों को समय के साथ प्रति टिकट पर 5000 का आर्थिक लाभ मिलेगा। जबकि दून से अमृतसर, वाराणसी और पंतनगर की फ्लाइट का किराया उद्घाटन के दिन 6 और 7 मार्च को 1999 रुपये रहेगा।

उन्होंने कहा कि अयोध्या के लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को फ्लाइट उड़ेगी। छूट सिर्फ 20 मार्च तक के शेड्यूल के किराए पर रहेगी, इसके बाद पूरा किराया लिया जाएगा। जबकि दून से पंतनगर का किराया 4500 रुपये, पंतनगर से वाराणसी का किराया 6400 रुपये तय किया गया है। दोनों जगह उद्घाटन उड़ान के बाद 23 मार्च से नियमित उड़ानें मंगलवार, गुरुवार तथा शनिवार से उड़ेंगी।

हेमकुंड साहिब यात्रा की राह भी हुई आसान

दून से अमृतसर के लिए हेमकुंड साहिब यात्रा के दौरान नियमित उड़ानें प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उड़ेंगी। यहां नियमित उड़ान का किराया 4850 रुपये तय किया गया है। तिवारी ने बताया कि देहरादून से अयोध्या धाम के लिए तय शेड्यूल के दिन सुबह 9:40 बजे उड़ने वाली उड़ान 11:30 बजे अयोध्या पहुंचेगी। जबकि अयोध्या से तय शेड्यूल से उड़ान अयोध्या से 12:15 बजे उड़ने वाली उड़ान 1:55 बजे देहरादून पहुंचेगी।

पुरी ने किया 17 राज्यों में 201 सीएनजी स्टेशन का उद्घाटन

नई दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को 17 राज्यों में 201 सीएनजी स्टेशन और मध्य प्रदेश के विजयपुर में पहला छोटे स्तर की एलएनजी यूनिट का उद्घाटन किया। इन कदमों से अर्थव्यवस्था में गैस का उपयोग बढ़ेगा।

आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्र को समर्पित 201 कम्प्रेस्ड प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशन गेल समूह की 15 शहरी गैस वितरण इकाइयों ने लगाए हैं। ये 17 राज्यों के 52 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में फैले हैं। गेल ने विजयपुर एलपीजी संयंत्र में देश की पहली लघु-स्तर की एलएनजी इकाई स्थापित की है।

महिला कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार, अब की बार 400 पार

भाजपा महिला मोर्चा ने हल्द्वानी शहर में स्कूटी रैली निकाली, आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन देने का आह्वान

हल्द्वानी में स्कूटी रैली निकालतीं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा महिला मोर्चा ने स्कूटी रैली निकाल कर महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र व राज्य सरकार का आभार जताया। मोर्चा ने आगामी आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन देने की अपील की गई।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना के नेतृत्व में महिला मोर्चा की कार्यकत्रियां मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में इकट्ठा हुईं। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली कालाढूंगी चौराहा, तिकोनिया, दुर्गा सिटी सेंटर से नैनीताल रोड होते हुए यह रैली संभाग कार्यालय में समाप्त हुई। रैली में 200 स्कूटी से कार्यकत्रियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर अलका जीना ने कहा महिलाओं में असीम शक्ति होती है। यह स्कूटी रैली इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं सिर्फ घर नहीं बल्कि देश चलाने के लिए भी सजग हैं। महिला सशक्तिकरण व कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कई राष्ट्रीय व प्रांतीय योजनाएं संचालित हो रही हैं। सभी ने आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता कल्पना बोरा, पूनम जोशी, सीमा बत्रा, ममता भट्ट, मुन्नी बिष्ट, पूजा जीना, विनीता वर्मा, राशि जैन, भावना साह, शांति भट्ट आदि मौजूद रहीं।

नैनीताल में पदयात्रा का शुभारंभ करतीं विधायक सरिता आर्य। ● अमृत विचार

नैनीताल में निकाली गई पदयात्रा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : भाजपा महिला मोर्चा ने नगर में रैली निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने नगर के पंत पार्क से ढोल नगाड़ों के साथ नैनीताल क्लब तक रैली निकाली। रैली को विधायक सरिता आर्या व भाजपा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए अनेक योजना जैसे सेना व अर्धसैनिक बलों में आरक्षण सुनिश्चित करने के साथ विधानसभा व संसद में उनको उचित प्रतिनिधित्व दिया है। जिला महामंत्री प्रगति जैन, जिला मंत्री दीपिका बिनवाल, तारा बोरा, मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला, रीना मेहरा, नीतू जोशी, जीवंती भट्ट, हेमलता पांडेय आदि मौजूद रहीं।

दिन में चढ़ा पारा, रात में चल रहीं सर्द हवाएं

▸▸ अगले सात दिन तक बारिश का नहीं अनुमान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बारिश के बाद अब दिन के समय तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है तो वहीं रात को सर्द हवाएं चल रहीं हैं। आने वाले दिनों में भी इसी तरह का मौसम बने रहने का अनुमान है। हल्द्वानी में हल्के बादल छाए हुए हैं। हालांकि धूप चटक निकल रही है। दोपहर के समय अच्छी धूप निकल रही है। अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री दर्ज किया। न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार अगले सात दिनों तक बारिश नहीं होने के अनुमान हैं।

उधर पहाड़ों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मुक्तेश्वर में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री दर्ज किया गया है। दिन के समय पहाड़ों में गुनगुनी धूप निकल रही है तो रात को कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

नैनीझील में मिलने वाले नालों में कूड़ा डाला तो होगा मुकदमा दर्ज

नैनीताल। नैनीताल में कई बार जागरूकता अभियान चलाने व घर-घर से कूड़ा उठवाने के बाद भी लोग घरों का कूड़ा नालों में फेंक रहे हैं। बीते रोज बारिश के दौरान जब नालों का पानी बढ़ा तो झील में कूड़े का ढेर लग गया। इसको देखते हुए पालिका की ओर से अब नालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। सीसीटीवी व अन्य माध्यमों से नाले में कूड़ा फेंकने वालों पर नजर रख कार्रवाई करने की तैयारी पालिका की ओर से शुरू कर दी गई है। अब नालों में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नालों में कूड़ा फेंकने वालों की जानकारी व वीडियो या फोटो देने वालों का नाम गुप्त रखकर इनाम दिया जाएगा। पालिका ईओ राहुल आनंद ने बताया कि शहर के नालों में कूड़ा फेंकने वालों पर नजर रखने के लिए अब सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जाएगी। साथ ही कर्मचारी भी नालों में कूड़ा फेंकने वालों पर नजर रखेंगे।

स्वयंसेवियों को सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर

हल्द्वानी : महिला डिग्री कॉलेज ने पनियाली गांव में एनएसएस शिविर लगाया। शिविर में स्वयंसेवियो को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। शिविर में पुलिस विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक महेंद्र सिंह भाकुनी ने स्वयंसेवियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता जोशी ने बताया कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने वाली महिलाएं सशक्त महसूस करती हैं। कहा कि प्रशिक्षण लेने के बाद महिलाएं हर तरह की प्रतिकूलता संभालने में सक्षम होती हैं। आत्मरक्षा कक्षाओं में सीखे गए शारीरिक और मानसिक कौशल से महिलाओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत, पुलिस विभाग से चंपा रावत, बबिता जोशी, डॉ. अंजू पालीवाल, सुनील खाती, चंद्रशेखर आदि उपस्थित रहे।

टूटा कलमठ। ● अमृत विचार

पद्मपुरी में निर्माणाधीन कलमठ टूटा, जाम लगा

भीमताल : खुटानी-धानाचूली मार्ग पर पद्मपुरी के नजदीक एक कलमठ वाहन के भार से टूट गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि सुबह करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। इस दौरान लकड़ी के फट्टे डाल कर हल्के वाहनों की आवाजाही कराई गई। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार तय मानक के तहत सड़क का निर्माण नहीं कर रहा है। मुनाफे के चक्कर में घटिया माल का उपयोग किया जा रहा है। बता दें कि खुटानी-धानाचूली मार्ग पर डामरीकरण व कलमठ दीवार निर्माण का कार्य प्रगति पर पर है। डामरीकरण का कार्य फिलहाल बंद है। दूसरी तरफ संत सोमवारी बाबा मंदिर के समीप पदमपुरी में भी घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। जबकि सड़क समय से पहले उखड़ने लगी है। घटिया निर्माण को लेकर लोगों में आक्रोश है। ग्रामीण निखिल कुमार ने कहा कि उक्त मामले की जांच होनी चाहिए। इस संबध में जेई राजीव गौड़ का कहना है उक्त ठेकेदार को भुगतान नहीं किया जाएगा। ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बलियानाला ट्रीटमेंट में लगेगा 40 प्रकार का मैटीरियल

नैनीताल : बलियानाला क्षेत्र में दशकों से हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर उपचार का कार्य शुरू हो गया है। इसमें पहले चरण के काम में राजकीय इंटर कॉलेज के हिस्से का ध्वस्तीकरण कर बलियानाले तक पहुंच मार्ग का काम पूरा हो गया है। इसके लिए गाजियाबाद की अरुण कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से मशीनों से विद्यालय को तोड़कर रास्ता बनाया गया। साथ ही निर्माण कार्य में लगने वाले सामानों को इकट्ठा करने के लिए स्टोर भी बना दिए गए हैं। बलियानाले के प्रभावित क्षेत्र में कटिंग का काम भी शुरू कर दिया गया है। वहीं वीरभट्टी से भी मशीनों को बलियानाला लाया जा रहा है। भूगर्भीय अध्ययन के बाद बलिया नाले में प्रस्तावित उपचार के कार्यों की डीपीआर तैयार की गई है। इस रिपोर्ट के आधार पर यहां लोहे की खोखली छड़ों को पहाड़ी के अंदर डालकर मजबूत एंकरिंग एवं अत्याधुनिक वायर क्रेट की गेवियन वॉल बनाई जानी हैं। जिसमें लगभग 40 से ज़्यादा प्रकार का मैटीरियल लगेगा।

एक नजर

बुजुर्ग की जहर से मौत

हल्द्वानी : एक बुजुर्ग ने संदिग्ध परिस्थिति में विषैला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हाइडिल गेट काठगोदाम निवासी मान सिंह रावत (60 वर्ष) ने सोमवार शाम संदिग्ध परिस्थिति में विषैला पदार्थ निगल लिया। परिजन उन्हें बेस अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

परचून की दुकान से शराब के 206 पव्वे बरामद

भीमताल : मुक्तेश्वर पुलिस ने परचून की दुकान से शराब के 206 पव्वे बरामद किए हैं। चौकी प्रभारी विजय कुमार ने पुलिस टीम के साथ जगदीश चन्द्रा निवासी डरमोलि मुक्तेश्वर की परचून की दुकान से 04 पेटी कुल 206 देशी पव्वे बरामद किए।

लैब के अभाव में रूट कैनाल या अन्य उपचार संभव नहीं, रोजाना ओपीडी में पहुंचते हैं 40 से 50 मरीज, होती है परेशानी

दांत निकलवाइए बेस अस्पताल में, रूट कैनाल के लिए प्राइवेट में जाइए

नरेंद्र देव, हल्द्वानी

अमृत विचार: बेस अस्पताल में दंत रोग विभाग केवल नाम का है। यहां दांतों के एक डॉक्टर हैं लेकिन सुविधाएं नहीं होने की वजह से दंत रोग में सभी तरह का उपचार अस्पताल में संभव नहीं है।

बेस अस्पताल में दंत रोग की ओपीडी में रोजाना 40 से 50 मरीज पहुंचते हैं। दंत रोग लेकर पहुंचने वाले मरीज को पता चलता है कि अस्पताल में दंत रोग के उपचार की ज्यादा सुविधाएं नहीं हैं। अस्पताल से पता चला कि ओपीडी में केवल दांत की सफाई या फिर दांत निकालने की सुविधा है जबकि यहां दूर-दूर से मरीज आते हैं। दांत में दर्द होने पर रामगढ़ से आई सविता बिष्ट ने बताया कि दांत दर्द की दवा तो मिल गयी है लेकिन अब आगे उपचार के लिए बाहर जाना होगा। पड़ताल में पता चला कि सुविधाएं नहीं होने की वजह से दांतों से जुड़े कम उपचार की ही सुविधा है। बताया कि रूट कैनाल जैसी सुविधा के लिए लैब का होना जरूरी है। जिसके लिए काफी खर्चा होता है। इसके साथ ही सहायक स्टाफ की भी नियुक्ति करनी होगी। इसके बाद रूट कैनाल या फिर अन्य उपचार किए जा सकते हैं।' सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम बेलवाल ने दांतों के उपचार के लिए अस्पताल में लैब बनाने की मांग की।

निजी अस्पतालों में महंगा उपचार

बेस अस्पताल में रूट कैनाल जैसी सुविधा नहीं होने की वजह से मरीजों को अन्य अस्पतालों में जाना पड़ता है। निजी अस्पताल में रूट कैनाल के लिए चार से पांच हजार रुपये तक लिए जाते हैं। बेस अस्पताल में अगर यह सुविधा होती तो काफी सस्ती होती।

स्टॉफ होने पर भेजेंगे प्रस्ताव

पीएमएस डॉ. केके पांडे ने कहा कि दंत रोग विभाग में स्टाफ नहीं है। स्टाफ होने पर ही लैब के लिए प्रस्ताव भेजा सकता है। कहा कि पूर्व में कभी प्रस्ताव भेजा गया हो इसकी जानकारी मुझे नहीं है, जब से मैंने कार्यभार संभाला है तब से ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।

> ओपीडी में जो भी मरीज आते हैं उनका मौजूद संसाधनों के साथ उपचार किया जाता है। दांतों की सफाई या फिर दांत निकालने की सुविधा अस्पताल में है। अन्य उपचार के लिए अस्पताल में संसाधन नहीं हैं। -डॉ. जेएस बोहरा, दंत रोग विशेषज्ञ, बेस अस्पताल, हल्द्वानी

बेस में अब त्वचा रोग विशेषज्ञ ही नहीं

हल्द्वानी : बेस अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ की सेवाएं खत्म हो गईं हैं। अनुबंध खत्म होने की वजह से उनकी ओपीडी बंद करनी पड़ रही है। इधर त्वचा रोग से जुड़े मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। बेस अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किरन केसी अपनी सेवाएं देते थे। एक मार्च से उनकी ओपीडी में ताला लगा हुआ है। दरवाजे पर एक सूचना चस्पा कर दी गई है। जिसमें बताया गया है कि डॉ. किरन अब सेवाएं नहीं देंगी। अस्पताल से जानकारी मिली कि डॉ. किरन अस्पताल में अनुबंध के तौर पर काम कर रहे थे। अब उनका

अनुबंध समाप्त हो गया है। इधर त्वचा रोग से जुड़े मरीज परेशान चल रहे हैं। त्वचा रोग की ओपीडी में रोजाना 50 से 70 मरीज पहुंचते थे। अब इन मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि दोबारा अनुबंध होने के बाद ही डॉ. किरन केसी अपनी सेवाएं देंगे।

त्वचा रोग के उपचार के लिए विख्यात था बेस

हल्द्वानी : बेस अस्पताल किसी समय में त्वचा रोग के उपचार के लिए काफी जाना पहचाना नाम था। कुमाऊं के पर्वतीय जिलों के अलावा यूपी से भी लोग आते थे लेकिन अब सरकारी उदासीनता के चलते त्वचा रोग विशेषज्ञ ही नहीं है।

हाईवे पर नहीं दौड़ेंगे ई-रिक्शा, ठेले-खोखे भी प्रतिबंधित

रफ्तार के आड़े आने वाले हर व्यवधान को नैनीताल, कालाढूंगी, रामपुर और बरेली रोड से हटाएगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रफ्तार के आड़े आने वाले ई-रिक्शा अब हाईवे पर प्रतिबंधित होंगे। इन्हें सिर्फ शहर के आंतरिक मार्गों पर ही चलने की अनुमति होगी और आरटीओ की ओर से हरी झंडी मिलते ही पुलिस इनके खिलाफ एक्शन शुरू कर दी। टुकटुक और ऑटो के साथ हाईवे पर फड़, ठेले और खोखे भी प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। पुलिस जल्द ही इनके खिलाफ अभियान की शुरूआत करने जा रही है।

शहर प्रमुख सड़कों के ईद-गिर्द पूरा हल्द्वानी शहर बसा है। जिसमें नैनीताल रोड, बरेली रोड, कालाढूंगी और रामपुर रोड है। इन्हीं प्रमुख मार्गों से शहर की आंतरिक सड़कें जुड़ी है। मौजूदा समय में सभी सड़कों पर टुकटुक चालकों की मनमानी है। मुसीबत यह है कि इनके लिए कोई रूट भी निर्धारित नहीं है।

हाईवे पर रफ्तार कम होने की वजह से ये अन्य वाहनों के लिए मुसीबत बन जाते हैं और अकसर इन्ही की वजह से हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल मई तक शहर की सड़कों पर 2602 ई-रिक्शा थे। जबकि 58 ई-कार्ट (माल वाहक), 758 ई-स्कूटर और 86 ई-कारें थीं। आज इनकी संख्या लगभग दो गुनी है। परिवहन संभागीय कार्यालय से जुड़े हल्द्वानी, रुद्रपुर, टनकपुर, काशीपुर और रामनगर की बात करें तो यहां 2063 ई-स्कूटर, 13909 ई-रिक्शा, 413 ई-कार्ट और 128 कारें पिछले साल मई तक दौड़ रही थीं, जो अब कहीं ज्यादा हैं। बहरहाल, ई-वाहनों के खिलाफ अभियान की शुरुआत परिवहन निदेशालय से हरी झंडी मिलने के बाद होगी, लेकिन इससे पहले पुलिस जाम की स्थिति पैदा करने वाले फड़, ठेले और खोखों को हाईवे से हटाने की तैयारी कर रही है। एसपी ट्रैफिक हरबंस सिंह ने बताया कि टुकटुक के खिलाफ कार्रवाई परिवहन विभाग के आयुक्त कार्यालय से अनुमति मिलने के बाद की जाएगी। फड़, ठेलों और खोखों को हाईवे से हटाने की कार्रवाई जल्द शुरू की जाएगी।

ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे पर सवारी के इंतजार में खड़े हुए है ई रिक्शा, जिस कारण यहां पर लगता है जाम।

दावे हजार, लेकिन नहीं लग पा रही लगाम

सुगम यातायात को लेकर हजार दावे होते हैं, लेकिन जमीन पर असर नहीं दिखता। पूर्व में पुलिस ने मंगलपड़ाव से लेकर स्टेडियम चौराहे तक की सड़क ई-रिक्शा, फड़, ठेले और खोखे के लिए जीरो जोन घोषित किया गया था। कालाढूंगी रोड पर सती स्वीट हाउस से चौराहे की ओर टुकटुक, ऑटो जाने की इजाजत नहीं थी, लेकिन व्यवस्था आज तक दुरुस्त नहीं हो पाई। सिंधी चौक पर भी यही व्यवस्था थी, लेकिन टुकटुक और ऑटो चालकों ने व्यवस्था को धता साबित कर दिया है।

शहर में सफेद पट्टी के बाहर पार्क होंगे वाहन

हल्द्वानी : शहर की सबसे बड़ी समस्या वाहन पार्किंग है। ऐसे में सवारी वाहनों के साथ लोग अपने निजी वाहन भी सड़कों पर ही पार्क करते हैं। फिर वो शहर के आंतरिक मार्ग हों या फिर प्रमुख मार्ग। नई व्यवस्था के तहत अब वाहनों को सड़क पर पार्क करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। नई व्यवस्था में टुकटुक और ऑटो सड़क की सफेद पट्टी के बाहर खड़े होकर सवारियां भरेंगे और उतारेंगे। इसका उलंघन करने पर पुलिस और सीपीयू ने चालानी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सख्ती

- अतिक्रमण के खिलाफ जल्द अभियान चलाएगी पुलिस
- टुकटुक के लिए आरटीओ की इजाजत का है इंतजार

पर्यटन स्थलों पर जंबो और मोबाइल हॉक

हल्द्वानी : भीमताल से लेकर नरीमन चौराहा व अन्य स्थानों पर जहां-जहां डेस्टिनेशन प्वाइंट बने हुए हैं, सभी जगहों पर सुरक्षा के लिहाज से जम्बो पुलिस और मोबाइल हॉक टीम के सिपाही तैनात किए जाएंगे। काठगोदाम स्टेशन के बाहर ट्रैफिक और सिविल पुलिस के सिपाही लगाए जाएंगे, जो जाम और भीड़ को कंट्रोल करने का काम करेंगे। जाम की वजह बनने वाले मुखानी स्थित निजी अस्पतालों के बाहर वाहन पार्क करने वालों पर भी चालानी कार्रवाई की जाएगी।

क्रशर्स का 50 करोड़ जुर्माना माफ करने पर मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने नैनीताल के पूर्व जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न स्टोन क्रशर्स पर अवैध खनन एवं भंडारण में 50 करोड़ जुर्माने को माफ करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 अप्रैल की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार चोरलगिया निवासी भुवन पोखरिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि वर्ष 2016-17 में नैनीताल के तत्कालीन जिलाधिकारी ने कई स्टोन क्रशर्स पर अवैध खनन व भंडारण पर 50 करोड़ का जुर्माना माफ कर दिया था। डीएम ने उन्हीं स्टोन क्रशर्स का जुर्माना माफ किया जिन पर करोड़ों में जुर्माना था जबकि कम जुर्माने वाले क्रशर्स को माफी नहीं मिली। इसकी शिकायत मुख्य सचिव, सचिव खनन से की

गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके उलट यह बताया गया कि यह जिलाधिकारी का विशेषाधिकार है। जब याचिकाकर्ता ने शासन से इसका लिखित जवाब मांगा तो उन्हें जवाब नहीं दिया गया। जब सूचना के अधिकार में जानकारी मांगी गई तो भी लोक सूचना अधिकारी औद्योगिक विभाग ने कहा कि लोक प्राधिकार के अंतर्गत यह धारित नहीं है। याचिका में यह कहा गया कि जब लोक प्राधिकार में उक्त नियम धारित नहीं है तो डीएम ने कैसे स्टोन क्रशर्स का 50 करोड़ रुपये का जुर्माना माफ कर दिया जबकि औद्योगिक विभाग ने 21 अक्टूबर 2020 को इस पर आख्या प्रस्तुत करने को कहा था जो प्रस्तुत नहीं की गई। याचिका में कोर्ट से मांग की गई है कि इसपर कार्यवाही की जाए क्योंकि यह प्रदेश राजस्व की हानि है।

भीमताल पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

भीमताल: लोकसभा निर्वाचन में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के तहत पुलिस अधीक्षक हरबंश सिंह और थानाध्यक्ष जगदीप नेगी के तत्वावधान में पुलिस फोर्स व आईटीबीपी ने भीमताल बाजार, डांठ, बाइपास रोड, विकास भवन आदि क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान आम जनता को निष्पक्ष मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

कैदी बनेंगे कंप्यूटर एक्सपर्ट आईटी कंपनी में करेंगे जॉब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : किसी ने हत्या की है तो कोई दुष्कर्म का दोषी है। एक-एक कर ऐसे तमाम अपराधियों की शाम जेल की सलाखों के पीछे गुजर रही है। सालों बाद ये जेल की चहारदीवारी से बाहर आएंगे तो दुनिया बदल चुकी होगी, लेकिन एक संस्था इस बदली दुनिया में भी इन अपराधियों का भविष्य उज्ज्वल बनाने की तैयारी कर रही है। बशर्ते इन अपराधियों को कंप्यूटर ज्ञान हो तो देश की आईटी सिटी में इनका भविष्य संवर सकता है।

हल्द्वानी उपकारागार में कैदी और बंदियों के भविष्य तराशने के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। पढ़ाई-लिखाई के साथ फर्नीचर बनाना, लोहे के दरवाजे-खिड़की और पेंटिंग करना और सिलाई-कढ़ाई के साथ कंप्यूटर ज्ञान भी दिया जा रहा है। उपकारागार में हमेशा बंदियों और कैदियों की संख्या 15 सौ से अधिक रहती है। वर्तमान में यहां 7 सजायाफ्ता भी कैद हैं, जो सजा पूरी होने के बाद ही बाहर की दुनिया देख सकेंगे। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय ने बताया कि जेल में 20 कैदी और बंदियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें सजायाफ्ता भी हैं। इन सभी सजायाफ्ता को 20 साल तक की सजा काटनी है।

प्रयास

- कंप्यूटर पर हाथ चला लेने वाले कैदियों को एक संस्था की मदद से सजा पूरी करने के बाद मिलेगा भविष्य संवारने का मौका

कंप्यूटर सीख रहे लोगों को भविष्य में नौकरी मिलने की उम्मीद है। दिल्ली की एक संस्था ने जेल प्रशासन से संपर्क किया है और कहा है कि कंप्यूटर का ज्ञान रखने वालों को वह आईटी कंपनी वाले शहरों में नौकरी दिलाएंगे। ये अवसर जेल में सालों गुजारने वालों के लिए एक बेहतरीन मौका है। जेल से छूटने के बाद कंप्यूटर कोर्स की जानकारी रखने वालों को दूसरे शहरों और राज्यों में नौकरी में परिवार संग अपना भविष्य संवार सकेंगे। इन शहरों में बंगलूरू भी शामिल है।

बंदी और कैदी सीख रहे व्यापार का हुनर

हल्द्वानी : नौकरी एक अलग बात है, इससे इतर जेल प्रशासन कैदी और बंदियों व्यापार का हुनर सिखा रहा है। जिसकी बदौलत जेल से निकलने के बाद ये लोग न सिर्फ खुद का व्यापार शुरू कर सकेंगे, बल्कि औरों को नौकरी भी दे सकेंगे। मौजूदा वक्त में जेल में एक रेडियो जॉकी है, जो गाने भी गाता है। लकड़ी के बेड, कुर्सी, मेज व अन्य सामान बनाने वाले हैं। कैनवास और वॉल पेंटिंग का हुनर जानने वाले भी हैं, जो अपना हुनर औरों को भी दे रहे हैं।

70 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

नैनीताल: शहर के कालाढूंगी मार्ग पर मल्लीताल पुलिस ने 70 ग्राम चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में कई चोरियों और मारपीट की वारदातों को अंजाम दे चुका है।

मंगलवार सुबह मंगली चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार एक अन्य पुलिस कर्मी के साथ नैनीताल की ओर आ रहे थे। बारापत्थर से कुछ आगे कब्रिस्तान के समीप एक युवक संदिग्ध रूप से घूमता हुआ मिला। जैसे ही उसने पुलिस कर्मियों को देखा तो भागने का प्रयास करने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास 70 ग्राम चरस बरामद हुई। उसे गिरफ्तार कर कोतवाली लाया गया।

खनन वाहन स्वामियों की हड़ताल रही बेअसर

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: गौला खनन मजदूर उत्थान समिति के आह्वान पर मंगलवार से नदी के निकासी गेटों में अनिश्चितकालीन हड़ताल यहां लालकुआं, देवरामपुर हल्दूचौड़, बेरीपड़ाव गेटों पर बेअसर रही।

उल्लेखनीय है गौला खनन मजदूर उत्थान समिति की बैठक में स्टोन क्रेशर स्वामियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए मंगलवार से गौला नदी के गेटों से निकासी ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन मंगलवार को लालकुआं, देवरामपुर, हल्दूचौड़ व बेरीपड़ाव

गेट पर बेअसर नजर आया। सुबह से ही इन गेटों पर वाहन स्वामियों ने खनिज की निकासी शुरू कर दी थी। वाहन स्वामियों के अनुसार स्टोन क्रशर स्वामियों ने जिला प्रशासन की अध्यक्षता में तय 29 रुपये प्रति क्विंटल की दर को कम देने की बात की थी। इस कारण वाहन स्वामी भड़क गए थे और आनन-फानन में बैठक आयोजित कर निकासी न करने का फैसला किया गया था।

बनभूलपुरा हिंसा के विरोध में केक नहीं काटेंगे विधायक सुमित हृदयेश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने बनभूलपुरा हिंसा से आहत होकर इस वर्ष जन्मदिन पर केक नहीं काटने का फैसला किया है।

विधायक सुमित ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर कहा कि उनका जन्मदिन 6 मार्च को होता है। इस दिन समर्थक, कार्यकर्ता, दोस्त, परिचित केक लेकर पहुंचते हैं और केक कटिंग सेरेमनी होती है। उन्होंने कहा कि इस बार हल्द्वानी बनभूलपुरा में अप्रिय घटना हुई है इसलिए वह अपने जन्मदिन पर केक नहीं काटेंगे बल्कि अपना जन्मदिन सादगी से मनाएंगे। शहर में कभी भी ऐसा हिंसा नहीं देखी है इसलिए उनका मन खट्टा है। विधायक ने कहा कि जन्मदिन पर आवास पहुंचने वाले लोगों के साथ मिलकर ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि हल्द्वानी के पुराने स्वरूप को कैसे लौटाएं। इस पर चर्चा करेंगे लेकिन केक नहीं काटेंगे।

पूर्व दर्जा मंत्री के नाम से डाली फर्जी पोस्ट

हल्द्वानी : बनभूलपुरा हिंसा को लेकर एक व्यक्ति ने पूर्व दर्जा मंत्री अजय राजौर के नाम से फर्जी पोस्ट वायरल कर दी। कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए पर्वतीय मोहल्ला गली नंबर 11 बरेली रोड निवासी अजय राजौर ने बताया कि वह दो बार दर्जा राज्य मंत्री उपाध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पद पर रह चुके हैं। 17 फरवरी को किसी व्यक्ति ने उनके फेसबुक से उनकी फोटो निकाल कर बनभूलपुरा हिंसा से जुड़ी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इस मामले में उन्होंने कोतवाली पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

परेशानी | नहर व फिल्टर प्लांट में गंदगी आने के चलते सप्लाई हुई बाधित

3 घंटे बाधित रही फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट बंद होने के चलते मंगलवार को 3 घंटे तक पानी की आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते दूसरे शिफ्ट में लोगों को पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

बीते दिन हुई बारिश के चलते बैराज से छोड़े जाने वाला पानी नहरों में होकर फिल्टर प्लांट में पहुंचता है, लेकिन नहर चोक होने के चलते बैराज का पानी फिल्टर प्लांट तक नहीं पहुंच पाया। इससे पानी की आपूर्ति तीन घंटे बाधित रही। शहर के आधा हिस्से को शीशमहल फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति होती है। प्लांट से सुबह के समय लोगों को सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति मिली लेकिन दोपहर के वक्त नहरों व फिल्टर प्लांट की सफाई होने के चलते आपूर्ति 3 घंटे तक बाधित रही।

शाम 5:30 के बाद से फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति शुरू हो गई। शीशमहल के प्लांट इंचार्ज सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि बारिश के चलते नहरों एवं फिल्टर प्लांट में गंदगी आने के चलते पानी की आपूर्ति बाधित रही।

- सफाई का काम पूरा होने के बाद पानी की आपूर्ति हुई सुचारू

नलूकप खराब होने से 4 हजार आबादी पर छाया पानी का संकट

हल्द्वानी : जीजीआईसी इलाके में नलकूप खराब होने के चलते करीब 4 हजार आबादी के सामने पेयजल का संकट छाया हुआ है। नलकूप खराब होने के चलते कई घरों में पिछले 2 दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। जेई अमित आर्या ने बताया कि नलकूप को आगामी 2 दिनों में ठीक कर लिया जाएगा तब के लिए इलाके में लोगों को टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है।



नहर चोक होने के चलते सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

काठगोदाम डिपो से अयोध्या के लिए बस का संचालन जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सवारियों की कमी के चलते हल्द्वानी डिपो और रामनगर से अयोध्या की बस सेवा बंद कर दी गई है। लेकिन काठगोदाम डिपो से अयोध्या के लिए बस का संचालन किया जा रहा है। जो बरेली, लखनऊ, सीतारपुर, बाराबंकी से हुए अयोध्या यात्रियों को पहुंचा रही हैं।

काठगोदाम डिपो के एआरएम आलोक बनवाल ने बताया कि पूर्व में हल्द्वानी, काठगोदाम और रामनगर डिपो से 1-1 बसों का संचालन किया जा रहा था। जो वाया बरेली और लखनऊ से होकर गुजरती थी लेकिन सवारियों के अभाव के चलते हल्द्वानी व रामनगर से बसों को संचालन बंद करना पड़ा वहीं काठगोदाम डिपो से अभी बस का संचालन किया जा रहा है।

यहां से निमयमित तौर पर रात्रि 8 बजे बस को रवाना किया जाता है, जिसका किराया प्रति यात्री 750 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं काठगोदाम से चलने वाली बस के लिए कई बार लखनऊ से आगे की सवारी नहीं होती जिसके चलते लखनऊ से बस को वापस बुलानी पड़ती है। लखनऊ से सवारी होने पर ही आगे अयोध्या के लिए बस को रवाना किया जाता है।

सार-संक्षेप

प्रशिक्षण के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

महिलाओं ने कढ़ाई का प्रशिक्षण लिया

हल्द्वानी : श्रद्धा महिला एवं बाल विकास संस्था तीनपानी में नाबार्ड के सहयोग से 30 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। 14 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सूट, साड़ी, लहंगे में कढ़ाई करना सिखाया गया। नाबार्ड के डीडीएम मुकेश बेलवाल ने महिलाओं को प्रमाण पत्र दिए। कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बैंक ऋण की मदद करवाई जाएगी। इस दौरान संस्था अध्यक्ष पुष्पा कांडपाल, मंजू पांडे, पूजा मल्ल, भावना, ममता आर्या, मधु, हेमा बसखेती, नीमा चौहान, कमला अधिकारी, बीना आर्या, कमला कांडपाल थे।

विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास करते विधायक दीवान बिष्ट। ● अमृत विचार

विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण

रामनगर। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने विधायक निधि, सांसद निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृत ग्राम कानिया में मिनी स्टेडियम में निर्मित ड्रेसिंग कक्ष जिसकी लागत-25.00 लाख का लोकार्पण, जिला योजनान्नर्गत विकासखण्ड रामनगर मे स्वीकृत अतिरिक्त स्टॉफ कक्ष लागत- 20.00 लाख एवं आंगनबाड़ी केन्द्रो के सुदृढ़ीकरण मद के अंतर्गत बाल विकास कार्यालय मे सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य जिसकी लागत-30.00 लाख का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य किशोरी लाल, नगर अध्यक्ष मदन जोशी, खंड विकास अधिकारी उमाकांत पंत, बाल विकास परियोजना अधिकारी गौरव पंत, परियोजना निदेशक सुरेश मठपाल, कनिष्क प्रमुख महेश भारद्वाज, ग्रामीण समूह से चंपा पांडेय, शान्ति बिष्टानिया, मोना बिष्ट, जानकी डसीला मौजूद रहे।

पीपीआईडी ने पांचों उम्मीदवार घोषित किए

हल्द्वानी : पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) ने 44 लोकसभा सीटों की पहली लिस्ट की घोषणा की है, जिसमें उत्तराखंड की पांचों लोकसभा उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पौड़ी लोकसभा सीट से सुरेशी कोहली, टिहरी लोकसभा सीट से रामपाल सिंह, हरिद्वार से इंजीनियर ललित कुमार, नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से अमर सिंह सैनी और अल्मोड़ा सुरक्षित सीट से डॉ. प्रमोद कुमार को उम्मीदवार बनाया है। पीपीआईडी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि पार्टी का प्रमुख उद्देश्य संविधान की मूल अवधारणा को बचाना है।

कराटे के टिप्स लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्राओं को पुलिस ने दिए सेल्फ डिफेंस के टिप्स

हल्द्वानी : महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा के खिलाफ छात्राओं ने कमर कस ली है। छात्राओं ने न सिर्फ महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों की जानकारी ली, बल्कि विषम परिस्थितियों में फंसने पर खुद को बचाने और अपराधी को धूल चटाने के गुर भी सीखे। उन्होंने साथ ही करीब 70 छात्राओं को उनके अधिकारों तथा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के सम्बन्ध में जागरूक किया। साथ ही उत्तराखंड फुल कांटेक्ट कराटे एसोसिएशन के सचिव व प्रशिक्षक महेंद्र सिंह भाकुनी ने आत्मरक्षा के लिए कराटे का प्रशिक्षण दिया। साथ ही छात्राओं से कहा, कराटे टिप्स का उपयोग सिर्फ मुसीबत के समय करें। खेल-खेल में इसका उपयोग खतरनाक हो सकता है। इस दौरान एसआई लता खत्री के अलावा कांस्टेबल चम्पा सैलाल व भारती मौजूद रहीं।

कृषि यंत्रों के साथ महिला किसान। ● अमृत विचार

फार्म मशीनरी बैंक से आय अर्जित कर रहीं महिलाएं

भीमताल : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत फार्म मशीनरी बैंक से कृषि यंत्रों को किराये पर महिला किसानों को उपलब्ध करा कर उनकी आमदनी को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। सहायक निर्देशक परियोजना चंदा फर्त्याल ने बताया कि जनपद नैनीताल में कुल 6 क्लस्टर लेवल फेडरेशनों को तथा कुल 30 स्वयं सहायता समूहों को फार्म मशीनरी बैंक दिए गए हैं। इसकी लागत 56 लाख है। महिलाओं को इससे न केवल कृषि कार्यों को करने में सरलता हो रही है, बल्कि कृषि यंत्रों को किराये में देकर आमदनी भी हो रही है।

भाजपा की लोकसभा स्तरीय बैठक भीमताल में हुई

भीमताल : भीमताल भवाली मार्ग पर एक निजी संस्थान में भाजपा की लोकसभा स्तरीय बैठक प्रदेश संयोजक बलवंत सिंह भौरियाल की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में लोकसभा विस्तारक दिनेश आर्य, विधायक रामसिंह कैड़ा, गोपाल रावत, जिला महामंत्री रंजन बरगली, मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, अंकित पांडे, प्रदीप बिष्ट, जिला मंत्री योगेश रजवार मौजूद थे।

पीरुमदारा के पास दुर्घटना में आईटीबीपी जवान घायल

रामनगर : पीरुमदारा में सड़क दुर्घटना में आईटीबीपी का एक जवान घायल हो गया। बताया जाता है कि क रामनगर से चुनाव से सम्बंधित ड्यूटी कर वह अपने घर काशीपुर को लौट रहा था। एसएसआई मनोज सिंह नयाल ने बताया कि आईटीबीटी जवान विनोद कुमार बीती रात सोमवार को अपनी बुलेट मोटर साइकिल (यूके 18जी 1812) से काशीपुर जा रहा था तभी पीरुमदारा से पहले अचानक सड़क पार कर रही महिला को बचाने के प्रयास में वह दुर्घटनाग्रस्त हो गए। पुलिस ने उसे काशीपुर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत यथावत बताई जा रही है।

छोटा कैलाश में 7 को होगा शिवरात्रि मेले का शुभारंभ, 9 को समापन

जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया करेंगी उद्घाटन, शाम को होगा भजन संध्या का आयोजन

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : आदि कैलाश मंदिर छोटा कैलाश में गुरुवार 7 मार्च से 9 मार्च तक शिवरात्रि मेले का आयोजन होना है। आयोजकों ने बताया कि सवेरे 9:00 बजे कलश यात्रा जटेश्वर महादेव मंदिर पिनरौ से प्रारंभ होगी।

11 बजे बटेलिया मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया करेंगी। शाम 5 बजे से भजन संध्या कैलाश मंदिर में होगी। रात 12 बजे जलाभिषेक मुख्य मंदिर आदि कैलाश में होगा। आदि कैलाश मंदिर समिति के अध्यक्ष गुमान सिंह संभल, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया और आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश चंद्र पलडिया ने बताया कि शनिवार 9 मार्च को सवेरे हवन पूर्णाहुति, महाभोग और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शिव पूजन और शिव पंचेश्वर मंत्र जाप आदि भी किए जाएंगे।

रामनगर में शिवरात्रि मेले को लेकर बैठक लेते एसडीएम। ● अमृत विचार

एसडीएम ने मंदिर समिति के साथ की बैठक

रामनगर : महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को मनाया जाएगा। इसको लेकर मंदिर समिति के साथ ही स्थानीय प्रशासन ने मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

आपको बता दें कि रामनगर के पास हल्द्वानी रामनगर मार्ग पर स्थित माता बाल सुंदरी देवी पर्यावरण सेवा समिति के तत्वावधान में इस बार भी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को मंदिर परिसर में एसडीएम राहुल शाह, सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी, कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने मंदिर समिति पदाधिकारियों के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। मंदिर समिति के संस्थापक व संयोजक अशोक शर्मा ने बताया कि इस वर्ष मेला तीन दिन चलेगा। इस दौरान समिति की ओर से निशांत पपनै, अशोक शर्मा मौजूद रहे।

हल्द्वानी में 10 मार्च तक चलेगा महोत्सव

हल्द्वानी : नाबार्ड महिला दिवस के अवसर पर उद्यमी महिलाओं का सम्मान करेगा। साथ ही 4 दिवसीय उद्यमी बाजार लगाया जाएगा। गिरिजा बुटीक एवं महिला विकास संस्था के तत्वाधान में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग हल्द्वानी में ग्रामीण महिलाओं व कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए सात से 10 मार्च तक तक 4 दिवसीय होली-शिवरात्रि उत्सव मेला होगा। आयोजन रामलीला ग्राउंड ऊंचापुल में होगा। जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल ने बताया की मेले में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। खाद्य पदार्थ व होली महोत्सव उत्पादों के साथ 30 स्टॉल सजाए जाएंगे।

डाक कांवड़ का दल हरिद्वार हुआ रवाना

हल्द्वानी : युवक कांवड़ संघ के महंत संजय त्यागी के नेतृत्व में मंगलवार को व्यापारियों का एक दल डाक कांवड़ लेने हरिद्वार को रवाना हुआ। दल बुधवार को हरिद्वार से जल लेकर महाशिवरात्रि के दिन मुखानी स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करेगा। कांवड़ दल में सूरज, योगेश, मनजीत, तनिष्क, सुमित, निक्कू, ललित आदि शामिल हैं। इस दौरान पंकज कंसल, हर्षवर्द्धन पांडे, योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, नीरज कांडपाल, विनीत उपस्थित रहे।

बालकृष्ण लाल की झांकी ने मोहा मन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: चारधाम मंदिर में चल रही भागवत कथा में कथाव्यास कपिल देव ने मंगलवार को भगवान के परम भक्त ध्रुव और प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष की कथा और सांसों के तार-तार में भजन गाकर भक्तिमय माहौल बना दिया। कथा में बालकृष्ण लाल की झांकी ने सभी का मन मोह लिया और मंदिर परिसर में मौजूद सभी भक्त झूमने लगे।

मुख्य यजमान प्रमोद पलडिया और स्वामी नयन दास मंदिर समिति अध्यक्ष जमन सिंह निगलटिया थे। इस मौके पर गोपाल दत्त पड़लिया,

नीरज तिवारी, लाखन निगलटिया प्रधान कमल पड़लिया, भास्कर, चंदन बृजवासी, त्रिवेणी, प्रमोद बोरा, चंदन टनवाल, हेमंत भट्ट, पंकज जोशी, चंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

स्कूली बसों के काफिले से जनता परेशान

भीमताल : भीमताल के समीप एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को हल्द्वानी से लाने ले जाने के लिए लगभग दो दर्जन से अधिक बसों का संचालन किया जाता है। यह संचालन कई वर्षों से किया जा रहा है। वर्तमान में बस ड्राइवरों द्वारा एक कारवां बनाकर संचालन किया जा रहा है। मोटर मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों ने बताया कि रानीबाग से लेकर सातताल तिराहे तक किसी भी वाहन को इनके द्वारा पास नहीं दिया जाता है। बसों के कारण बाकी सब लोग भी इन के पीछे चलने को मजबूर हैं। वहीं विकास भवन में कार्यरत कर्मचारियों ने अवगत कराया कि यही हाल वापसी का भी है। वाहन चालकों ने इस संबंध में नाराजगी व्यक्त की है।



सार-संक्षेप

अधिशासी अधिकारी को भावभीनी विदाई दी

अधिशासी अधिकारी को विदाई देते कर्मचारी।

भीमताल : नगर पालिका में तैनात अधिशासी अधिकारी विजय बिष्ट का नगला में स्थानांतरण होने पर कर्मचारियों और अधिकारियों ने विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान कर्मचारियों ने अवगत कराया कि उनके कार्यकाल में नगर में सर्वाधिक विकास कार्य संपादित किए गए। इस दौरान नगर निकाय कर्मचारी संगठन अध्यक्ष योगेश आर्या, वरिष्ठ सहायक ललिता भट्ट, अवर अभियंता महेन्द्र धौनी, अनिल एटनी, सोनी, गोपाल पलडिया, संजय गंगोला, जितेन्द्र पाठक, देवेन्द्र साह, नवल कुमार आदि मौजूद थे।

जनजाति समूह को मतदान के लिए किया जागरूक

रामनगर : विकास खंड के राजकीय इंटर कॉलेज थारी में लोक सभा सामान्य निर्वाचन में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित किए जाने के लिए कमजोर जनजातीय समूह के लिए स्वीप एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समस्त ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को मेरा वोट मेरा अधिकार विषय पर आधारित कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी दी गयी व मुख्य रूप से सभी को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए शपथ भी दिलायी। सहायक समाज कल्याण अधिकारी जसविंदर सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय वर्मा, स्वीप से ब्लॉक कॉर्डिनेटर भारती बिष्ट, चंदन सिंह रावत व पीपलसाना के ग्राम प्रधान मदन राम कंदला के ग्राम प्रधान मनप्रीत कौर मौजूद रहे।

नगर पालिका नैनीताल को प्रदेश में तीसरा स्थान

सम्मान ग्रहण करती ईओ पूजा चंद्रा।

नैनीताल : सिटी ब्यूटी कंपीटिशन में नगर पालिका नैनीताल को सिटी वाटर फ्रंट श्रेणी में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। मंगलवार को देहरादून में शहरी विकास मंत्री ने ईओ 2 पूजा चंद्रा ने सम्मान ग्रहण किया। इसके बाद ईओ आईएएस राहुल आनंद ने पालिका कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

तहसील दिवस में स्ट्रीट लाइट, पेयजल की समस्याएं उठीं

तहसील में अपनी समस्याएं बताते बनभूलपुरा क्षेत्र के लोग।

हल्द्वानी : तहसील दिवस के अवसर पर लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिनमें से कई समस्याओं का समाधान भी किया गया। पूर्व पार्षद शकील अहमद सलमानी ने तहसील दिवस प्रभारी को बताया कि इंदिरा नगर छोटी सड़क में गड्ढे हो गए हैं। साथ ही ट्रंचिंग ग्राउंड के पास रोड पर कूड़ा पड़ा हुआ है। कई महिलाओं ने समाज कल्याण विभाग से पेंशन नहीं आने की शिकायत दर्ज कराई। साथ ही राशन कार्ड और उज्जवला योजना का लाभ नहीं मिल पाने की भी शिकायत दर्ज कराई। इंदिरा नगर में स्ट्रीट लाइट खराब होने की भी बात उठी। हेमंत साहू ने राजपुरा में सीवर लाइन का निर्माण किए जाने, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को ठीक करने, बिजली के पोलों को बदलने सहित कई समस्याएं गिनाईं। इस दौरान प्रीति आर्य, मयंक गोस्वामी, कमलेश आर्य, काजल आर्या, बबिता कश्यप, रेशमा, यासमीन बेगम आदि रहे।

तहसील दिवस में विधायक ने सुनीं समस्याएं

लाभार्थी को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान करते विधायक डॉ. मोहन बिष्ट।

लालकुआं : विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने तहसील दिवस में फरियादियों की कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मदों से स्वीकृत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के चेक भी प्रदान दिए। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी विपिन चन्द्र पन्त, विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी संजय प्रसाद, क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी मोहित कठायत, उप राजस्व निरीक्षक लक्ष्मी नारायण यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिन्दुखत्ता जगदीश पंत, रोहित दुम्का, सतीश सनवाल मौजूद रहे।

बिलिंग घोटाले में तीन महिला कर्मी नपीं

मुख्य आरोपी महिला को काम से हटाया, दो आरोपियों को प्राचार्य कार्यालय में सम्बद्ध किया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: एसटीएच के चर्चित बिलिंग घोटाले में कॉलेज प्रबंधन ने कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। दो नियमित महिला कर्मियों को प्राचार्य कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया है और वहीं मामले में मुख्य आरोपी महिला की सेवा समाप्त कर दी गई है।

एसटीएच में रेडियोलॉजी और केंद्रीय लैब की जांच के बिलों में घपला पकड़ा गया था। आरोपियों ने बिल काटे और एकत्रित हुए रुपये को सरकारी कोष में जमा नहीं कराया। आरोप है कि उन्होंने सरकारी धन को हड़प लिया। जब मामले खुला तो मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया। मंगलवार को कॉलेज प्रबंधन ने मामले की जांच में कार्रवाई भी शुरू कर दी है। रिसेप्शन में कार्यरत दो नियमित महिला कर्मचारियों को प्राचार्य कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया है। ये दोनों ही नियमित कर्मचारी प्रभारी बिलिंग थीं। जांच में पता चला था कि बिलिंग घपले में इन दोनों महिलाओं का भी हाथ है। यही नहीं दोनों ही महिला कर्मियों के निलंबन को लेकर चिकित्सा शिक्षक निदेशक को पत्र भी लिखा गया है। मामले में मुख्य आरोपी महिला कर्मचारी उपनल के माध्यम से कार्यरत थी। उक्त महिला कर्मचारी की सेवा समाप्त करवा दी गई है और साथ ही उपनल प्रबंधन को भी पत्र लिखा गया है। अस्पताल और मेडिकल कॉलेज प्रशासन से जानकारी मिली कि इस मामले में जांच लगातार जारी है। माना जा रहा है कि घपले में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, ऐसे में जांच आगे बढ़ने के साथ ही अन्य आरोपियों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

> बिलिंग गड़बड़ी मामले में जांच की जा रही है। दो नियमित महिला कर्मचारियों को प्राचार्य कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया है। एक उपनल कर्मचारी को कम से हटाया गया है।
> **-डॉ. अरुण जोशी, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी**

भगत ने किया विकास नगर में नलकूप का शिलान्यास

नलकूप का शिलान्यास करते विधायक बंशीधर भगत व निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला।

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: भाजपा विधायक बंशीधर भगत व निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला ने मंगलवार को विकास नगर कॉलोनी में नलकूप का शिलान्यास किया। पनियाली पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण के तहत नलकूप बनाया जा रहा है। विधायक भगत ने कहा कि 1.63 करोड़ की लागत से बनने वाले नलकूप से बिठौरिया विकास नगर की पांच हजार की आबादी लाभान्वित होगी। योजना में 230 मीटर गहराई के नलकूप के साथ ही पंप हाउस बनाने, पाइप लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने नलकूप निर्माण के लिए जनहित में भूमिदान देने वाले जितेंद्र कपिल का आभार जताया। इस दौरान सुरेश गौड़, दीपक बिष्ट, दीपक सनवाल, विनोद गौला, महेश शर्मा, कंचन उप्रेती, ईई रवि शंकर लोशाली, एई हरीश चंद्र पंत, हरीश भट्ट, योगेश तिवारी, तारा कांडपाल, दिगंबर भोजक, प्रवीण जोशी, हेमा रौतेला, बीना कपिल, रवि मोहन जोशी, डॉ. जगदीश चंद्र पंत मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने फ्लैट्स मैदान के सौंदर्यीकरण की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में फ्लैट्स मैदान के सौंदर्यीकरण की समीक्षा की। उन्होंने जिला विकास प्राधिकरण बोर्ड के अधिकारियों से सौंदर्यीकरण व सुधारीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

मंडलायुक्त रावत ने कहा कि नैनीताल का फ्लैट्स मैदान हमेशा से ही आकर्षण का केंद्र रहा है। जहां वर्ष भर विभिन्न प्रकार के समारोह, खेलकूद प्रतियोगिताएं समेत तमाम गतिविधियों आयोजित होती हैं। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण इसका सौंदर्यीकरण और सुधारीकरण कर रहा है। इसके लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि डीडीए की ओर से फ्लैट्स मैदान में टॉयलेट, पानी निकासी के लिए नाली व पार्किंग, सीटिंग, रेलिंग, लाइटिंग, संपर्क मार्ग चौड़ीकरण, बॉक्सिंग रिंग आदि अन्य प्रकार की व्यवस्थाएं की जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द ही इन कामों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। फ्लैट्स मैदान, नैनीताल हमेशा से ही नैनीताल में आकर्षण का केंद्र रहा है। जहां वर्ष भर विभिन्न प्रकार के समारोह, खेलकूद प्रतियोगिताएं आदि अन्य प्रकार की तमाम गतिविधियों का आयोजन होता रहता है। जिसके सौन्दर्यीकरण और सुधारीकरण का कार्य जिला विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। प्राधिकरण बोर्ड द्वारा फ्लैट्स मैदान के सौंदर्यीकरण और सुधारीकरण की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है।

नैनीताल के सौंदर्यीकरण को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते मंडलायुक्त रावत।

सील भवन का निर्माण कार्य कराने वाले दो पर मुकदमा

हल्द्वानी : विकास प्राधिकरण ने जिन भवनों को अनियमितता पाए जाने पर सील कर दिया था, उनका निर्माण सील तोड़ कर फिर से शुरू कर दिया। प्राधिकरण अधिकारियों को खबर लगी तो उन्होंने सील तोड़कर निर्माण करने वाले दो लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के अपर सहायक अभियंता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा, ठंडी सड़क स्थित गुरुनानक कॉलोनी निवासी यश गुजराल और सीमा गुजराल के खिलाफ 28 मई 2022 को बिना अनुमति भवन निर्माण कराने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बावजूद इसके दोनों मालिकों ने मकान का निर्माण जारी रखा। निर्माण की खबर पर प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची और 30 मई को दोनों निर्माणाधीन भवनों को सील कर दिया। साथ ही बगैर अनुमित निर्माण कार्य दोबारा न शुरू करने की चेतावनी दी। आरोप है कि 29 फरवरी 2024 को सील बंद भवन ने निर्माण कार्य कराते हुए लेन्टर डाल दिया गया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

किसानों को बताईं केंद्र सरकार की योजनाएं

हल्द्वानी : भाजपा किसान मोर्चा की ओर से ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत लामाचौड़ में किसान चौपाल लगाई गई। किसानों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुकसाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की किसानों के लिए लाभकारी योजनाए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा, न्यूनतम समर्थन मूल्य, प्रधानमंत्री किसान संपदा, सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान उदपादक संगठन, पशुधन विकास, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, आयुष्मान भारत, किसान क्रेडिट कार्ड, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत ग्रामीण मिशन, जन धन, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की जानकारी दी। इस दौरान नवीन भट्ट, लाखन सिंह निगल्टिया, प्रताप बोरा, जसवंत सिंह जस्सा, दिनेश सिंह, मदन सिंह रावत, चंदन किरोला, हेमन्त भट्ट, प्रमोद पंत आदि मौजूद रहे।

वाल्मीकि, सोनकर समाज के लोगों को किया सम्मानित

भाजपा संभाग कार्यालय में सम्मानित वाल्मीकि एवं सोनकर समाज के लोग।

हल्द्वानी : भारतीय जनता पार्टी के कुमाऊं संभाग कार्यालय में मंगलवार को सामाजिक समरसता को लेकर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में वाल्मीकि और सोनकर समाज के 90 लोगों को समाज में उनके किए गए सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। प्रताप बिष्ट ने कहा कि वाल्मीकि समाज स्वच्छता और स्वास्थ्य को आगे पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इस दौरान वाल्मीकि और सोनकर समाज के लोगों का माल्यार्पण किया और प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने कहा कि नगर निगम में काम करते हुए वाल्मीकि समाज के लोगों ने स्वच्छता के साथ ही अतिक्रमण हटाने में भी अपनी जान की परवाह किए बिना महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। इस मौके पर साकेत अग्रवाल, आनंद दरम्वाल, विनीत अग्रवाल, नवीन भट्ट, रंजन बर्गली, किशोर जोशी, प्रताप रैक्वाल, प्रतिभा जोशी उपस्थित रहे।

स्ट्रांग रूम की एसएसपी मीणा ने परखी सुरक्षा

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर एमबीपीजी कॉलेज में बनाए जा रहे चुनाव कार्यालय का निरीक्षण करने के लिए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सुधार के निर्देश दिए।

मंगलवार को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, कोतवाल उमेश मलिक मय पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के एमबीपीजी कॉलेज पहुंचे। इस दौरान एसएसपी ने लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

ईवीएम रखने के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम के इर्द-गिर्द कड़ा सुरक्षा पहरा तैनात किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस व पैरामिलिट्री सुरक्षा बल तैनात करने को कहा। वहीं लगातार सीसीटीवी सर्विलांस, कंट्रोल रूम स्थापना के साथ कई पहरे में बेरीकेडिंग करने के निर्देश दिए।

जिला न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार ने उप कारागार के साथ बाल संप्रेक्षण गृह और महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण। उन्होंने कैदियों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर मंगलवार को जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार उप कारागार पहुंचे। निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याएं सुनी और कारागार अधीक्षक को निर्देश दिए। साथ ही बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता तथा किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधान, सपोर्ट टू पूअर प्रिजनर योजना व अन्य अधिकारों के संबंध में जागरूक किया। कारागार स्थित लीगल एड क्लिनिक, वीसी कक्ष, बंदी बैरक्स, अस्पताल, पाकशाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी, उप कारागार अधीक्षक प्रमोद कुमार व चीफ फार्मासिस्ट, अधिवक्ता आसिफ सिद्दकी, पीएलवी नीमा जोशी उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश ने कारागार के निरीक्षण के साथ बाल संप्रेक्षण गृह, किशोर न्याय बोर्ड स्थित लीगल एड क्लिनिक, राजकीय महिला पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

उप कारागार का निरीक्षण करते न्यायाधीश सुबीर कुमार, जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय।

जीएनजी ने जीता सुपर ओवर में मैच

हल्द्वानी : जीएनजी क्रिकेट मैदान में चल रही कुमाऊं कप क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले बल्लेबाजी करने उतरी जीएनजी एरिना की टीम ने 45 ओवर में सभी विकेट खोकर 188 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए सर्वाधिक 64 रन की पारी संचित राजपाल ने खेली। जवाब में उतरी यूनाइटेड क्रिकेट एकेडमी की टीम ने सभी विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाई जिसके बाद सुपर ओवर में जीएनजी एरिना ने मैच अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

कोसी नदी में बाढ़ सुरक्षा की कवायद तेज

रामनगर : कोसी नदी से बाढ़ से सुरक्षा की कवायद तेज हो गई है। सिंचाई विभाग ने इसके लिए बाकायदा तीन करोड़ रुपये से भी अधिक का टेंडर जारी किया है। भाजपा नेता गणेश रावत ने कहा कि अब पंपापुरी भरतपुरी के अलावा चुकुम क्षेत्र में भी तटबंध का टेंडर हुआ है। कोसी नदी से इन क्षेत्रों में बाढ़ की तबाही हो जाना आम बात है।

रामनगर से मोहान तक 2 लेन की जगह बनेगा एलिवेटेड पुल

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: अब 2 लेन के स्थान पर रामनगर से मोहान तक एलिवेटेड पुल बनाया जाएगा। ताकि वन्यजीवों की आवाजाही में कोई खलल न पड़े। इसके लिए सर्वे कर प्रस्ताव को भेजा जाएगा।

रामनगर से मोहान तक एलिवेटेड पुल बनाने की कवायद अब तेज हो गई है। एलिवेटेड पुल बनने से वन्यजीव वाहनों की चपेट में आने से बचेंगे। साथ ही उन वास स्थल भी सुरक्षित रहेगा। अब टाइगर रिजर्व और रामनगर वन प्रभाग के अधिकारी एनएच के साथ मिलकर सर्वे कर रहे हैं. एनएच अधिकारी जल्द ही सर्वे कर प्रस्ताव को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजेंगे। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। दरअसल, रामनगर से मोहान तक नेशनल हाईवे 309 पर वन्यजीवों की सुरक्षा को देखते हुए जल्द एलिवेटेड पुल का निर्माण कार्य शुरू हो सकता है। इससे पहले रामनगर के आमडंडा से शंकरपुर मरचुला तक 2 लेन सड़क के निर्माण को लेकर सर्वे हुआ था, जिसमें 2 लेन सड़क निर्माण को लेकर सैद्धांतिक मंजूरी मिली थी।

> रामनगर से मरचूला तक डबल लेन का प्रपोजल आया था। इसका 2 हफ्ते पहले एक संयुक्त सर्वे भी हुआ था। वन्यजीवों की सुरक्षा को देखते हुए एलिवेटेड पुल का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि एनएचएआई और एसीटीसीए की अपनी पालिसी भी है कि अगर वन्यजीव कॉरिडोर में हाईवे बना रहे हैं या 2 लेन बना रहे हैं तो एलिवेटेड पुल ही निर्माण होना चाहिए।- **दिगंथ नायक**, उप निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व

गणित में छात्रों को सात अंक बोनस देने की मांग उठाई

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड के 4 मार्च को हुए इंटर गणित के प्रश्नपत्र में 7 अंक के प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर से पूछे जाने की बात कहते हुए प्रतिभागी छात्रों को 7 अंक बोनस दिए जाने की मांग शिक्षक संगठन ने की है। शिक्षकों के शिष्टमंडल ने बोर्ड सचिव को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रांतीय नेता, पूर्व मंडलीय मंत्री नवेंदु मठपाल के नेतृत्व में शिक्षकों का एक शिष्टमंडल बोर्ड कार्यालय गया।

शिष्टमंडल ने बोर्ड अधिकारियों को जानकारी दी कि 4 मार्च को इंटर गणित की परीक्षा में पूछे गए प्रश्न बोर्ड पाठ्यक्रम से इतर हैं। इसलिए बोर्ड इस बाबत तत्काल जांच करे। यदि जांच में पाया जाता है की उपरोक्त दोनों प्रश्नपत्र पाठ्यक्रम से बाहर के हैं तो इंटर गणित की परीक्षा दे चुके सभी प्रतिभागियों को 7 अंक बोनस प्रदान किए जाएं।

सचिव बोर्ड की अनुपस्थिति में अपर सचिव बोर्ड बीएमएस रावत को ज्ञापन सौंपा गया। रावत ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि बोर्ड शीघ्र ही एक कमेटी गठित कर जांच की जाएगी। शिक्षक संघ की ओर से पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कौशिक कुमार मिश्रा, बालकृष्ण चंद, गणित प्रवक्ता योगेश चंद्र पांडे मौजूद रहे।

अपर सचिव बीएमएस रावत को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में इंटर में 2100 तो हाईस्कूल में 74 परीक्षार्थी अनुपस्थित

रामनगर। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में अलग-अलग परीक्षाओं में कुल 2100 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए जब कि हाईस्कूल परीक्षा में 74 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इंटर राजीनीति विज्ञान में 41,805 परीक्षार्थी थे जिनमें से 40,737 ने परीक्षा दी जबकि 1068 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इंटर कृषि वनस्पति भाग एक मे पंजीकृत 455 में से 426 ने परीक्षा दी और 29 अनुपस्थित रहे। इसी तरह इंटर कृषि अर्थशास्त्र भाग दो में पंजीकृत 442 में से 439 ने परीक्षा दी और 3 अनुपस्थित पाए गए। हाई स्कूल उर्दू की परीक्षा में 1302 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1230 ने परीक्षा दी और 74 अनुपस्थित पाए गए।

एक नजर

घायल करने वाले चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

खटीमा। ढाई माह पूर्व टनकपुर रोड पर कार चालक द्वारा टक्कर मारकर एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने आज रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नदन्ना नहरपुल चकरपुर निवासी महेश सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि 23 दिसंबर 2023 को कार संख्या यूपी19 एफ 5169 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए टक्कर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके बाद वह अपना इलाज कर रहा था। पीड़ित ने पुलिस से कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई करने की मांग की है। जिसपर पुलिस ने महेश सिंह की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

हमला कर युवक को किया घायल

काशीपुर। दो पक्षों की लड़ाई में एक पक्ष का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार को बैलजूड़ी निवासी एक युवक पास में ही अपने चाचा के घर जा रहा था। तभी पीछे से आए मोहल्ले के एक युवक ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं शोर होने पर हमलावर वहां से भाग गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे घायल युवक के चाचा ने उसे सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

20 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

पुलिस व एसओजी ने दबोचा, ट्रैक्टर चोरी में एक साल से था फरार, यूपी के 11 थानों में दर्ज हैं केस

कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पिछले एक साल से फरार चल रहे ट्रैक्टर चोरी प्रकरण के मुख्य आरोपी को आखिरकार सिडकुल पुलिस और एसओजी की टीम ने दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। फरार आरोपी पर बीस हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। उस पर यूपी के कई थानों में आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

मंगलवार को खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कत्याल और सीओ पंतनगर तपेश कुमार ने बताया कि एक फरवरी 2023 को छतरपुर थाना पंतनगर निवासी हरीश सिंह मेहता ने तहरीर देकर बताया कि 29 जनवरी को घर के बाहर से ट्रैक्टर संख्या यूके-06 सीबी-6486 को चोरों ने चोरी कर लिया था। प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

वहीं मुख्य आरोपी लक्ष्मण नगर इंटर कॉलेज थाना हाजरा पीलीभीत यूपी निवासी महेश कुमार फरार चल रहा था। पिछले एक साल से सिडकुल पुलिस और एसओजी की टीम फरार इनामी की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। 3 जुलाई को आरोपी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। आरोपी पर यूपी के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि 4 मार्च को खबर मिली कि इनामी बदमाश दिल्ली में देखा गया है। सूचना मिलते ही सिडकुल पुलिस और एसओजी की टीम ने निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

ट्रैक्टर चोरी प्रकरण का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

चेन्नई से भागा, दिल्ली में हुआ गिरफ्तार

रुद्रपुर। सिडकुल पुलिस और एसओजी को 28 फरवरी को सूचना मिली थी कि ट्रैक्टर चोरी का ईनामी बदमाश महेश चेन्नई देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस व एसओजी की एक टीम चेन्नई रवाना हुई। जिसकी भनक आरोपी को लग चुकी थी, क्योंकि आरोपी मोबाइल का प्रयोग बिल्कुल नहीं करता था और आरोपी दिल्ली फरार हो गया। पुलिस ने जब आरोपी के बड़े भाई से पूछताछ की तो आरोपी के दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन में होने की खबर मिली। टीम चेन्नई से दिल्ली रवाना हुई और इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया।

वर्ष 2023 में गिरफ्तार हो चुके हैं तीन आरोपी

रुद्रपुर। एक फरवरी को छतरपुर निवासी हरीश सिंह मेहता द्वारा ट्रैक्टर चोरी का मुकदमा दर्ज करने के बाद सिडकुल पुलिस ने कुछ ही दिनों बाद चोरी प्रकरण में शामिल धर्मपुर रुद्रपुर निवासी मनदीप सिंह, उकरौली सितारगंज निवासी महेश सिंह को रंगा और ग्राम टेमरा बिलासपुर यूपी निवासी सुखदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि चौथा मुख्य आरोपी महेश कुमार गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया था और पुलिस को लगातार गच्चा दे रहा था।

वेल्डर महेश बन गया ऑटो लिफ्टर गिरोह का मुखिया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अक्सर लोग अपने हुनर को अपने बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में कार्य करते हैं। मगर ट्रैक्टर चोरी प्रकरण में फरार इनामी महेश ने अपने इस हुनर को जरायम की दुनिया की तरफ मोड़ दिया और ऑटो लिफ्टर गिरोह का सरगना बन गया। यही कारण है कि संगठित गिरोह बनाकर आरोपी ने यूपी सहित कई प्रदेशों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया और रुद्रपुर में बाइक चोरी के प्रकरण में उसे सजा भी हुई।

सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी एक बेहतर वेल्डर था। किसी भी प्रदेश में चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले वह अपने गिरोह के साथ वहां जाता और कंपनी में वेल्डर का कार्य करता। वर्ष 2023 में भी आरोपी ने सिडकुल की कई कंपनियों में वेल्डिंग का काम किया। रेकी करने के बाद वह चोरी की घटना को अंजाम देता था। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि गिरफ्तारी से पहले वह तमिलनाडु की एक कंपनी में कार्य कर रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी पर नेपाल, तमिलनाडु, पीलीभीत, मुरादाबाद, दिल्ली सहित कई प्रदेशों में चोरी के मुकदमे पंजीकृत हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अकेले यूपी के 11 थानों में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हैं। पुलिस उसका आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में थाना ट्रांजिट कैंप में बाइक चोरी के मामले में महेश को सजा भी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अच्छा वेल्डर होने के कारण उसे तमाम जगह काम मिल जता था। इस दौरान वह काम के साथ चोरी की भी योजना बनाता रहता था। बाइक, ट्रैक्टर चोरी कर उन्हें नेपाल ले जाकर बेच देता था।

अपराध

- कई कंपनियों में कर चुका है वेल्डिंग का काम
- यूपी में दर्ज हैं 11 मुकदमे, बाइक चोरी में है सजायाफ्ता

सार-संक्षेप

शिविर में महिलाओं की जांच करती डॉक्टर। ● अमृत विचार

शिविर में 60 महिलाओं की रक्त चाप समेत हुई अन्य जांच

रुद्रपुर। 46वीं वाहिनी रुद्रपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिसकर्मियों परिवार की महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गयी। इस दौरान 60 महिलाओं की रक्तचाप, रक्त शर्करा, ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, स्तन कैंसर स्क्रीनिंग की गयी। मंगलवार को शिविर में जांच के बाद 20 महिलाओं में उच्च रक्तचाप एवं 12 उच्च रक्त शर्करा के संदिग्ध पाए गये। सभी को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भेजा गया। साथ ही आबीएसके टीम के चिकित्सकों ने सामान्य परीक्षण एवं औषधि वितरित की गयी। शिविर में एनसीडी कार्यक्रम के तहत तैनात सलाहकार संजय कुमार पांडेय ने गैर संचारी रोगों के बारे में विस्तृत रूप से आम-जनमानस को जानकारी दी। इसमें रोगों के प्रारंभिक लक्षण, जांच, उपचार एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान आरबीएसके महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ.कविता जोशी ने महिला गर्भावस्था के दौरान करायी जाने वाली जांचे, देखभाल की जानकारी दी। यहां स्वास्थ्य विभाग से डॉ. रविंद्र पाल सिंह, प्रदीप महर, डॉ. कामरान मलिक, पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

बुक्सा परिषद भवन बेरिया दौलत में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते ग्रामीण।

मतदान का महत्व बताया और शपथ दिलाई

बाजपुर। विधानसभा क्षेत्र के जनजातीय बाहुल्य ग्राम बेरिया दौलत में मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुक्सा परिषद भवन बेरिया दौनलत में आयोजित इस कार्यक्रम में जनजाति समाज के लोगों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। सभी लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान कमलदीप कौर, राजकीय इंटर कालेज बेरिया दौलत के प्रधानाचार्य डॉ. धीरज शर्मा, राजस्व उपनिरीक्षक मोहम्मद इसराइल, राजकीय प्राथिमक विद्यालय के अध्यापक रघुवीर सिंह, बीएलओ ऊषा वर्मा, सरिता वर्मा, दीपा पांगती, शकुंतला देवी, निंदर सिंह, मान सिंह, खेम सिंह, राजेंद्र सिंह सहित अनेक ग्रामीण, सुपरवाइजर व बीएलओ मौजूद रहे।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने की आरोपी महिला गिरफ्तार

काशीपुर। विदेश भेजने के नाम पर महिला से 21.07 लाख रुपये की ठगी के आरोपियों में से फरार एक महिला ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि कीरतपुर, कल्लूवाला थाना रेहड़, बिजनौर निवासी लखविंदर कौर ने कोर्ट को दिये प्रार्थना पत्र में बताया था कि विदेश भेजने के नाम पर षड़यंत्र रचकर आरोपियों ने उससे 21.07 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली और रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर थाना आईटीआई पुलिस ने बलवंत सिंह व सतविंदर कौर निवासी कचनाल गुंसाई थाना आईटीआई, और पवनदीप सिंह निवासी ग्राम मिस्सरवाला थाना कुंडा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। मुख्य आरोपी बलवंत सिंह के विदेश भागने की भनक पर पुलिस ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। पुलिस ने बलवंत सिंह को रुद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया और उसका चालान कर कोर्ट में पेश किया। जिसके बाद वह जमानत पर रिहा चल रहा है। मंगलवार को पुलिस ने फरार महिला सतविंदर कौर को उसके घर ग्राम कचनाल गौसाई से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

जु-जित्सू पदक विजेताओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम

- श्री दुर्गा मंदिर में हुआ भव्य कार्यक्रम, मुख्य अतिथि चुघ ने किया सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर की ओर से श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला में पदक विजेता जु-जित्सू खिलाड़ियों के लिए भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, विशिष्ठ अतिथि श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला सभा के अध्यक्ष चेतन धीर, मैनेजर शेखर सक्सेना, अपूर्व मनोहर सिंह, हिमा भट्ट ने संयुक्त रूप से सभी पदक विजेताओं का प्रशस्ति पत्र देकर एवं पदक पहनाकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि चुघ ने कहा कि सम्मान से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन होता है। साथ ही अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है। इसलिए इस तरह के सम्मान समारोह के आयोजन होना चाहिए। महासचिव ऋषि पाल भारती ने विगत दिनों देहरादून में आयोजित अंडर 21, एडल्ट्स, मास्टर्स व पैरा नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप में उत्तराखंड राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जनपद ऊधमसिंह नगर के 18 जु-जित्सू खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक व 10 कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों ने जु-जित्सु मार्शल आर्ट्स खेल के विभिन्न इवेंट्स में कई पदक जीते। इसमें जय प्रकाश ने दो स्वर्ण, हर्षिता सिंह, कंचन बसेरा, शिवानी, कौशल्या ने एक-एक स्वर्ण पदक, लोरी ने दो रजत पदक, प्रिया विश्वास, आकृति कौर, हैप्पी सिंह, कंचन बसेरा ने एक-एक रजत पदक, कताक्षा कौर और अभिषेक राजपूत ने दो-दो कांस्य पदक, रुनू शर्मा, बलविंदर सिंह, क्षितिज सिंह, मनीष अरोरा, प्रिया विश्वास, हैप्पी सिंह ने एक-एक कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

पदक विजेताओं के साथ मुख्य अतिथि चुघ। ● अमृत विचार

पुलिस ने पांच वारंटी किए गिरफ्तार

बाजपुर। पुलिस ने दबिश देकर पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांव बाजपुर निवासी नदीम पुत्र कलीम, ग्राम रामजीवनपुर निवासी ओमप्रकाश उर्फ दानी पुत्र जगदीश, वार्ड नंबर-सात मोहल्ला आदर्शनगर निवासी सुनील कुमार सेन पुत्र चंद्र सेन, गांधीनगर गुलजारपुर निवासी दीपा पत्नी राजन सिंह और भुल्लर तथा मोहल्ला श्यमनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी गौरव शर्मा पुत्र किशोरी लाल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अर्जुन गिरी गोस्वमी, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह बिष्ट, एएसआई बिशनलाल आगरी, कांस्टेबल जरनैल सिंह, हरेंद्र धामी, देवेंद्र सिरौला, नीरज कुमार व महिला होमगार्ड रीना कौर रहे।

लाउड स्पीकर प्रयोग पर लगे रोक

अमृत विचार, बाजपुर

अमृत विचार: उच्च न्यायालय के आदेशों के विपरीत कुछ धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की तेज आवाज से परेशान हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। साथ ही दो ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की गई। एसडीएम ने तहसीलदार व पुलिस को संयुक्त रूप से जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

लोगों का कहना था कि बाजपुर क्षेत्र में समुदाय विशेष के धार्मिक स्थलों से लगातार लाउडस्पीकर की तेज आवाज आती है। कई बार इसकी वीडियो रिकार्डिंग कर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, परंतु संबंधित धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के मंदिर और गुरुद्वारा साहिबों के प्रबंधकों द्वारा उच्च न्यायालय के आदेशों का पूर्ण रूप से पालन किया जा रहा है। इस मौके पर विहिप गौरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, विहिप जिलाध्यक्ष तेज प्रकाश शर्मा, नगराध्यक्ष राजकुमार चंद्रा, जिला मठ मंदिर प्रमुख राजेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, सुरेंद्र सिह त्यागी, नरेंद्र चौधरी, मयंक शर्मा आशु, बबलू शर्मा, मोहित चौहान आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

ट्रांजिट कैंप में मकान खंगाला

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में चोरों ने एक बंद मकान पर धावा बोलकर अलमारी में रखी हजारों की नकदी सहित लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। इधर, पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

वार्ड-तीन ए ब्लॉक थाना ट्रांजिट कैंप निवासी विवाशा शाह ने बताया कि एक ही गली में उसके दो मकान हैं। बीती 4 मार्च की रात 10 बजे वह एक मकान के मुख्य गेट पर ताला लगाकर दूसरे मकान में सोने चली गई। सुबह जब उठकर वह मकान पर गई तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और कमरे में सामान बिखरा था। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर 80 हजार की नकदी, सोने के कुंडल, चैन, चूड़ी के अलावा वाशिंग और सिलाई मशीन चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि चोरों ने नकदी, जेवरात व घरेलू सामान सहित तीन लाख से अधिक की चोरी को अंजाम दिया है। सूचना पर थानाध्यक्ष भारत सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी जुटाई।

चोरी की वारदात के बाद बिखरा सामान दिखाती पीड़ित महिला। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

सुविधा | रीजनल मैनेजर शर्मा ने ग्राहकों को नि :शुल्क इंटरनेट सुविधा देने की घोषणा की

उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के नये भवन का लोकार्पण

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: यहां उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के नये भवन का लोकार्पण मंगलवार को बैंक के रीजनल मैनेजर केएम शर्मा, उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी, बैंक के पूर्व डारेक्टर डॉ. गणेश उपाध्याय व बैंक मैनेजर साधना जोशी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

इस मौके पर बैंक के रीजलन मैनेजर केएम शर्मा ने ग्राहकों को निःशुल्क इंटरनेट कनेक्टिविटी व मोबाइल चार्जिंग की सुविधाएं देने की घोषणा की। साथ ही बैंक कर्मियों को इसके लिए तुरंत बैंक शाखा को पूर्णरूप से वाईफाई कनेक्टिविटी से लैस करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही और लोगों से सुरक्षित लेन-देन के लिए नेट बैंकिंग व मोबाइल बैंकिंग का अधिक से अधिक लाभ देने की अपील की। वित्तीय जागरूकता सलाहकार बीडी नैनवाल ने बैंक ग्राहकों व महिला समूहों को आसान ऋण सुविधाओं की जानकारी दी। बैंक प्रबंधक साधना जोशी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बैंक जल्द ही अपने ग्राहकों के सहयोग से अगले एक वर्ष में सौ करोड़ के व्यवसाय को पूरा करने में सफल होगा।

इस मौके पर मुन्ना त्रिपाठी, रीजनल ऑफिस हेड नरेन्द्र सिंह रावत, प्रधान चंद्रकला बिशन सिंह कोरंगा, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, कैलाश जोशी, गोपाल सिंह मेहता, मधु पाण्डे, खुशाल सिंह कोरंगा, नदाबल्लभ जोशी, बैंक कैशियर धर्मेन्द्र पाल सिंह, विनोद मेहता, तारा सिंह कोरंगा, नारायण सिंह मेहता, गुड्डू पाण्डे, भगवती चौहान, सरस्वती मनराल, योगिता जोशी, वीरेंद्र सिंह कोरंगा, विजय जोशी, ग्राम बिकास अधिकारी योगिता जोशी, जीवन सिंह राणा, नंदू बिष्ट, मनोज सिंह कोरंगा, कल्याण सिंह मटयानी आदि मौजूद रहे।

उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के नये भवन के उद्घाटन पर संबोधन करते केएम शर्मा।

युवक से ऑनलाइन 2.15 लाख रुपये की ठगी

काशीपुर, अमृत विचार : टेलीग्राम एकाउंट पर प्रोडक्ट्स शेयर करने के नाम पर साइबर ठगों ने एक युवक से ऑनलाइन 2.15 लाख रूपये की ठगी की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में श्यामपुरम खड़कपुर देवीपुरा निवासी महावीर सैनी ने कहा है कि 16 दिसंबर 2023 को एक अज्ञात महिला ने साक्षी नाम की लड़की का टेलीग्राम एकाउंट दिया। जिसमें ई-बाय डांट कॉम नामक ऑनलाईन साईट के कुछ प्रोडक्ट्स के लिए लिंक थे। जिसको टेलीग्राम पर शेयर करने के बदले में 100 या 150 रूपये प्रति प्रोडक्ट देने का लालच दिया। टास्क पूरे करने के बाद साइबर ठगों ने तुरंत ट्रेडिंग पर अकाउंट बनवाया। अगले दिन रिंकू नाम के व्यक्ति ने अकाउंट में गूगल पे के माध्यम से एक हजार रुपये ट्रांसफर करवाये और ट्रेडिंग के द्वारा 1700 रुपये कमाकर दिये। पीड़ित का कहना है इसी तरह साइबर ठगों ने पीड़ित को अपने झांसे में लेकर कुल 2.15 लाख रुपये अलग-अलग खातों में गूगल पे और ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करवाये। बाद में उसे ठगी का एहसास हुआ। मामले में पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

खटीमा-मझोला मार्ग की हो शीघ्र मरम्मत

खटीमा। खटीमा-मझोला मार्ग के खस्ताहाल को लेकर इस मार्ग के लोगों ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से मिले और मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। उन्होंने शीघ्र मरम्मत न होने पर आंदोलन की चेतावनी देते हुए ज्ञापन भी सौंपा। लोनिवि के अधिशासी अभियंता को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि खटीमा से मझोला तक मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिस कारण आए दिन लोग सड़क दुर्घटनाओं में घायल हो रहे हैं। सड़क पर न केवल वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है बल्कि सड़क से उड़ने वाली धूल आसपास के प्रतिष्ठानों और घरों में भर जाती है। उन्होंने तत्काल सड़क की मरम्मत करने की मांग की। यह भी चेतावनी दी है कि यदि सड़क की मरम्मत शीघ्र नहीं कराई गई तो वह लोनिवि कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में उत्तम कुमार, गुरदीप सिंह, लव विश्वास, अजय गौतम, महेश सिंह, जितेंद्र सिंह, दिनेश, अजय कुमार, रंजीत, भुवाल मौर्य आदि शामिल रहे।

बैठक कर डीएम कार्यालय पर धरना, पूर्व रिसीवर पर साजिशन मुकदमा दर्ज कराने व गुरुद्वारे की संपत्ति पर कब्जा करने का आरोप

फिर गरमाया पदाधिकारियों पर दर्ज मुकदमे का मामला

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के पदाधिकारियों पर दर्ज मुकदमा प्रकरण एक बार फिर गरमा गया है। पूर्व रिसीवर पर साजिशन मुकदमा दर्ज कराने और गुरुद्वारे की संपत्ति पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए यूपी-उत्तराखंड सिख समाज के लोगों ने आवास विकास स्थित गुरुद्वारे में बैठक की और डीएम कार्यालय पर धरना दिया। उन्होंने एडीएम को ज्ञापन देकर प्रकरण की जांच कर साजिशकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने और गुरुद्वारे की संपत्ति को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। आगाह किया कि यदि जल्द ही कोई निर्णय हुआ तो समाज के लोग उग्र आंदोलन करेंगे।

डीएम कार्यालय पर धरना देते यूपी उत्तराखंड के सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

गुरुवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा आवास विकास दशमेश नगर में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नानकमत्ता गुरुद्वारे के पूर्व रिसीवर ने अपने कार्यकाल में धार्मिक संपत्ति पर कब्जा कर लिया और तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाया। जिसका सिख संगत ने पुरजोर विरोध किया। इसके बाद वर्ष 2016 में यूपी-उत्तराखंड के आठ जिलों के 1150 गुरुद्वारों के प्रतिनिधियों ने चुनाव के माध्यम से नई कार्यकारिणी का गठन किया और प्रधान सहित 27 सदस्यों की प्रबंध कमेटी का गठन हुआ।

आरोप था कि तभी से पूर्व रिसीवर कमेटी के पदाधिकारियों से द्वेष भावना रखने लगा। 30 जनवरी को पारिवारिक विवाद का पटाक्षेप करने गए कमेटी के चार निदेशकों के खिलाफ झूठी तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करवा दिया है। इसके बाद से समाज के लोगों में रोष है।

उन्होंने डीएम को ज्ञापन देकर प्रकरण की न्यायिक जांच कराने, गुरुद्वारे की संपत्ति को कब्जा मुक्त कराने और चार निदेशकों पर दर्ज मुकदमे वापस करने की मांग की। आगाह किया कि यदि जल्द ही मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रीतम सिंह संधु, जसबीर सिंह विर्क, जागीर सिंह जख्मी, वाजिन्दर सिंह, निर्मल सिंह, पलविंदर सिंह, प्रतपाल सिंह, गुरमीत सिंह, गुरसेवक सिंह, चरणजीत सिंह, जसबीर सिंह, बलजीत सिंह, प्रगट सिंह, गुरमेज सिंह, रूप सिंह, सतवंत सिंह, फतेहजीत सिंह, जगजीत सिंह भुल्लर आदि मौजूद रहे।

सिख संगत की बैठक में हुआ निर्णय

रुद्रपुर। आवास विकास गुरुद्वारे में हुई बैठक में यूपी-उत्तराखंड सिख समाज के प्रतिनिधियों ने निर्णय लिया कि यदि जल्द ही मुकदमा वापस नहीं हुआ तो 19 मार्च को एक बार पुन :बैठक कर एसएसपी कार्यालय के सामने भारी संख्या में धरना शुरू किया जाएगा। इसके अलावा मामले की न्यायिक जांच करने का भी निर्णय लिया गया। प्रतिनिधियों ने आगाह किया कि यदि मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया तो जिले भर की संगत आंदोलन करेगी।

रेलवे स्टेशन के पास प्लॉट में मिला भ्रूण

रुद्रपुर। शहर की पॉश कॉलोनी स्थित रेलवे स्टेशन मार्ग के पास एक खाली प्लाट में चार माह का भ्रूण मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध महिला के दिखने की बात सामने आई है। पुलिस महिला की तलाश में जुट गई है।

मंगलवार की सुबह मॉडल कॉलोनी के मुख्य मार्ग से रेलवे स्टेशन को जाने वाले मार्ग में एक खाली प्लाट में काली पन्नी में लिपटा भ्रूण का शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी में एक संदिग्ध महिला दिख रही है। जिसकी तलाश शुरू हो गई है। कोतवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और संदिग्ध महिला को चिह्नित करने के बाद मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

सीएम धामी आज रुद्रपुर में, प्रशासन ने पूरी की तैयारी

जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए 54479.69 लाख रुपये से 219 कार्यों का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। इस दौरान सीएम सभी विधानसभाओं की करीब 219 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इन कार्यों की लागत 54479.69 लाख रुपये है। इसके अलावा सीएम धामी करीब 2600 लोगों को मालिकाना हक के स्वीकृत पत्र भी सौंपेंगे। इससे पूर्व डीएम ने विधायक के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तय की और फिर गांधी पार्क का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री धामी का प्रस्तावित कार्यक्रम है। इसमें सभी विधानसभाओं में कई विभागों के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास होना है। इसके तहत मुख्यमंत्री रुद्रपुर विधानसभा में 20296.92 लाख रुपये से 23 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसी तरह जसपुर में 1411.04 लाख रुपये से 31 कार्यों, काशीपुर में 6412.25 लाख रुपये से 13 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा बाजपुर में 2027.59 लाख रुपये से 19 कार्यों, गदरपुर में 2532.03 लाख रुपये से 19 कार्यों, किच्छा में 3404.52लाख रुपये से 25 कार्यों, सितारगंज में 6866.68 लाख रुपये से 22 कार्यों, नानकमत्ता में 5558.49 लाख रुपये से 36 कार्यों और खटीमा विधानसभा में 59700.17 लाख रुपये से 31 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि सीएम के कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।

2600 लोगों को मिलेंगे नजूल भूमि पर मालिकाना हक के स्वीकृति पत्र

23 विकास कार्यों का रुद्रपुर विस क्षेत्र के लिए करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

गांधी पार्क सीएम के कार्यक्रम को लेकर मंच का निरीक्षण करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

निरीक्षण के दौरान यह लोग रहे मौजूद

विधायक शिव अरोरा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण अभिषेक रुहेला, नगर आयुक्त हल्द्वानी विशाल मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री भाजपा विकास शर्मा, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, मनोज कत्याल, अधिशासी अभियंता लोनिवि राजकुमार, अधिशासी अभियंता आरडब्ल्यूडी पंकज कुमार आदि।

403 लाभार्थियों को आज मिलेंगे आवास आवंटन पत्र

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः जिला विकास प्राधिकरण की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 403 लाभार्थियों को आवास आवंटन पत्र भी दिए जाएंगे। इसके लिए प्राधिकरण ने सभी लाभार्थियों को सूचना प्रेषित कर दी है। इन सभी लाभार्थियों को बुधवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी आवंटन पत्र सौंपेंगे।

जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला ने बताया कि बागजाला में प्राधिकरण की ओर से करीब 128 करोड़ की लागत से 1872 आवास बनाए जा रहे हैं। यह निर्माण कार्य एक जून 2023 से शुरू हुआ था। इस साल के अंत तक सभी आवासों का निर्माण कार्य पूरा करना है। उन्होंने बताया कि अब तक 250 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि अन्य पर निर्माण कार्य चल रहा है।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में 18 दिसंबर 2023 को 529 लाभार्थियों को आवास आवंटन पत्र दिए जा चुके हैं। जबकि 4 मार्च 2024 को 403 लाभार्थियों को आवंटन पत्र सौंपे गये हैं। अब तक 932 लाभार्थियों को आवास आवंटन पत्र सौंपे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को 403 लाभार्थियों को सीएम धामी आवास आवंटन पत्र सौंपेंगे।

राहत

- अब तक जिला विकास प्राधिकरण 932 को दे चुका पत्र
- इस साल के अंत तक 1872 भवनों का होना है निर्माण

सीएम पूर्वाह्न 11.30 बजे पहुंचेंगे रुद्रपुर गांधी पार्क

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर बुधवार को रुद्रपुर आ रहे है। जिला सूचना कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सीएम धामी देहरादून से हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर 11.05 बजे पुलिस लाईन हेलीपैड रुद्रपुर पहुंचेंगे। इसके बाद 11.15 बजे पुलिस लाइन से कार से प्रस्थान कर 11.30 बजे से गांधी पार्क में आयोजित नजूल भूमि का नि :शुल्क पट्टा वितरण एवं आवास आवंटन पत्र व लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे।

चैती मेले के लिए 3.67 करोड़ रुपये में छूटा तहबाजारी ठेका

संवाददाता, काशीपुर

अमृत व्यापारः आगामी 8 अप्रैल से लगने वाले उत्तर भारत से सुप्रसिद्ध चैती मेले के लिए दुकान, झूले, पार्किंग व तहबाजारी का ठेका 3.67 करोड़ रुपये में छूटा। यह पिछले साल की तुलना में 20.65 लाख रुपये से अधिक है। मंगलवार को एसडीएम अभय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में चैती मेले में झूले, पार्किंग, तहबाजारी, दुकान, बिजली व साउंड के लिए टेंडर प्रकिया हुई।

इस दौरान दुकान व्यवस्था के लिए सर्वाधिक बोली पिछले साल की अपेक्षा 12.44 लाख रुपये से अधिक 1.66 करोड़ रुपये में प्रिंस ट्रेडिंग कंपनी के रविंद्र सिंह ने लगाई और ठेका अपने नाम किया। जबकि झूले-तमाशे की व्यवस्था के लिए ठेका 1.51 करोड़ रुपये में मै. आयुष कंसट्रक्शन पौड़ी गढ़वाल के नाम छूटा। पार्किंग का ठेका 16.60 लाख में जगन्नाथपुर, बाजपुर के एटीएस इंटरप्राइजेज के मो. फईम ने हासिल किया। जबकि तहबाजारी की व्यवस्था के लिए मै. हिमाचल फन फेयर के प्रोपराइटर मो. शाकिर ने सर्वाधिक 33.33 लाख रुपये की बोली लगाकर ठेका अपने नाम किया। विद्युत एवं साउंड की व्यवस्था के लिए मात्र दो टेंडर मिलने पर इनके पुनः टेंडर किए जाएंगे। यहां तहसीलदार पंकज चंदोला आदि मौजूद रहे। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि विद्युत एवं साउंड की व्यवस्था के लिये दोबारा निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। जो 10 मार्च तक क्रय किए जा सकते हैं।

तैयारी

- बिजली व साउंड की व्यवस्था के लिये होंगे दोबारा टेंडर

रुद्रपुर से पहले दिन 157 यात्री गए ट्रेन से अमृतसर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों की लालकुआं-अमृतसर ट्रेन चलाने की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गयी है। पहले दिन रुद्रपुर से करीब 157 यात्रियों ने ट्रेन से अमृतसर की यात्रा की। वहीं रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और विधायक शिव अरोरा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया।

स्थानीय लोगों व कार्यकर्ताओं में इस ट्रेन सेवा को लेकर भारी उत्साह नजर आया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह ट्रेन तराई ओर पंजाब को जोड़ने की दिशा में एक सेतु का कार्य करेगी।

यह लोग रहे मौजूद

जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, गुरविंदर चंडोक, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, पूर्व मेयर रामपाल, ऊषा चौधरी, विवेक सक्सेना, राजीव घई, गुरमीत सिंह, सुरमुख सिंह, सुरेश कोली, प्रीत ग्रोवर, प्रमोद शर्मा, राजेश बजाज, अमित नारंग, जगदीश विश्वास, हरीश भट्ट, धीरेश गुप्ता, शालिनी बोरा, राकेश सिंह, राजेश डाबर, सुशील गाबा, मनोज मदान, राजेश कमरा, संदीप राव, मोहित चड्ढा, पंकज बांगा, रोनिक नारंग, श्रीकांत राठौर, सुनील यादव, नमन रहे।

चरस तस्करी के दोषी को हुई चार साल कारावास की सजा

फैसला

- विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस ने सुनाया फैसला, वर्ष 2015 में पकड़ा, खटीमा थाने का है मामला

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः वर्ष 2015 में खटीमा इलाके से पकड़े गए चरस तस्करी के दोषी को विशेष न्यायाधीश ने चार साल का कठोर कारावास और दस हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई। इस दौरान एडीजीसी ने नौ गवाह पेश किए।

एडीजीसी फौजदारी दीपक कुमार अरोरा ने बताया कि 26 अक्टूबर 2015 को बाजार चौकी प्रभारी नरेश पाल सिंह ने वाहन चेकिंग के दौरान वन विभाग पीलीभीत मार्ग से शिव कॉलोनी खटीमा निवासी मुकेश गुप्ता को आधा किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा पंजीकृत कर दिया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस सुशील तोमर की अदालत में हुई। जहां एडीजीसी ने अदालत के सामने नौ गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने चरस तस्करी के दोषी मुकेश गुप्ता को चार साल का कठोर कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई है।

एसएसबी व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

सतर्कता

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ नगर व ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान लोगों को निडर होकर मतदान के प्रति जागरूक भी किया गया।

मंगवार को एसएसबी के जवान कोतवाली पहुंचे, यहां से कोतवाल नरेश चौहान के मार्गदर्शन में पुलिस व एसएसबी के जवानों की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च किया। मार्च मुख्यमार्ग पर भगत सिंह चौक, रामराज रोड, भोना बिराहा रोड, सरकारी अस्पताल, एनएन टोपा, चीनी मिल रोड, सेंटमेरी रोड, कृपाल आश्रम, मुड़िया कलां, मुड़िया पिस्तौर, मुख्यमार्ग स्थित पांडेय अस्पताल रोड, रेलवे क्रासिंग, गुरुद्वारा साहिब, मेन बाजार, बेरिया रोड, एसडीएम कोर्ट, मोहल्ला आलापुर, गांधीनगर से होते हुए पुनः कोतवाली आकर संपन्न हुई। इस दौरान जनता को आश्वस्त किया कि वह निर्भय होकर अधिक से अधिक संख्या में लोक महापर्व मतदान में हिस्सा लें तथा वोट जरूर डालें। उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी की गई है। इस मौके पर एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट खेमराज सिंह, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल, एएसआई गिरीश चंद्र जोशी, हेड कांस्टेबल दीपचंद, चीमा मोबाइल टीम व एक प्लाटून एसएसबी के जवान आदि शामिल रहे।

बाजपुर में फ्लैग मार्च करते पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान व पुलिस। ● अमृत विचार

10 वाहनों का किया चालान, जुर्माना वसूला

बाजपुर। पुलिस प्रशासन ने सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने मसवासी रामपुर बार्डर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 10 वाहनों का एमबी एक्ट व तीन लोगों का पुलिस एक्ट में चालान कर जुर्माना वसूला गया। रेट्रो साइलेंसर लगा होने के चलते एक बुलेट बाइक को सीज कर दिया। सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अर्जुन गिरि गोस्वामी की अगुवाई में पुलिस टीम ने आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत मसवासी रामपुर बार्डर पर सघन वाहन चेकिंग की गई जिसमें यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एमबी एक्ट में 10 बाइकों के चालान कर 5500 रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया, जबकि तीन लोगों के पुनिस एक्ट में चालान कर 750 रुपये जुर्माना किया गया। इसके अलावा एक बुलेट बाइक पर रेट्रो साइलेंसर लगा पाया गया। चालक बाइक से शहर में पटाखे का शोर कर रहा था जिसके चलते बाइक को सीज किया गया है।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' बरेली नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

प्रपत्र-4

1.	प्रकाशक का स्थान	: बरेली
2.	प्रकाशन की अवधि	: दैनिक
3.	मुद्रक का नाम	: अजय कुमार सक्सेना
	क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
	पता	: म.नं. 197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल (उत्तराखंड) - 263139
4.	प्रकाशक का नाम	: शंभू दयाल वाजपेयी
	क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
	पता	: कटरा चांद खां, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाईट, बरेली
5.	सम्पादक का नाम	: शंभू दयाल वाजपेयी
	क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
	पता	: 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स, बरेली
6.	उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों।	: रोहिलखंड इन्टरप्राइजेज, बरेली

मैं अजय कुमार सक्सेना एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य है।

हस्ताक्षर
अजय कुमार सक्सेना
मुद्रक / प्रकाशक

तारीख : 6 मार्च 2024

आंदोलन

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलित हैं आंगनबाड़ी वर्कर्स, गांधी पार्क में पिछले कई दिनों से चल रहा है धरना

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कोतवाल से हुई नोकझोंक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः आज गांधी पार्क में होने वाले मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने जब आंदोलित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जबरन हटाने का प्रयास किया तो कार्यकत्रियां बिफर पड़ी और कोतवाल-एलआईयू के साथ उनकी तीखी नोकझोंक हुई। बाद में आंदोलित कार्यकत्रियों ने आंदोलन को जारी रखने का ऐलान कर दिया।

बताते चलें कि पिछले लंबे समय से संगठन द्वारा न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपये प्रतिमाह करने, सेवानिवृत्ति होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दो लाख रुपये देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड देने का जल्द शासनादेश जारी करने को लेकर आंदोलन चल रहा है। धरना स्थल गांधी पार्क होने के कारण बुधवार को सीएम का कार्यक्रम भी गांधी पार्क में रखा गया है। मंगलवार को एलआईयू नगर यूनिट प्रभारी नरेंद्र मनवाल और कोतवाल धीरेंद्र सिंह सुबह गांधी पार्क पहुंचे और सीएम कार्यक्रम का हवाला देते हुए धरना स्थल बदलने की बात कही। जिसे सुनकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का पारा चढ़ गया और कार्यकत्रियों की एलआईयू व कोतवाल के बीच तीखी नोकझोंक होने लगी।

उनका कहना था कि कार्यकत्रियां शांतिपूर्वक ढंग से अपनी मांगों को रख रही हैं और प्रशासन जबरन उन्हें हटाने का प्रयास कर रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन की प्रदेश महामंत्री रंजीता अरोरा ने बताया कि धरना स्थल को लेकर प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी और सीएम से मुलाकात करने का आश्वासन नहीं दिया । तो धरना देने का निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर सुमन चतुर्वेदी, संध्या सक्सेना, नीलम, राखी, रेखा, पार्वती, शकुंतला पाल, रचना देवी, शिवानी, उर्मिला मिश्रा, आरती कुंवर, शर्मिला, आशा सरकार, बबली, कंचन चौहान, मंजू मोदक, सीमा मोदक, अंजली मंडल, अनीमा मंडल, अनीता पाल, लिपिका विश्वास, सुमन, कुसुम, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

कोतवाल के साथ नोकझोंक करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

दिनेशपुर एनएच-74 पर जाम लगाते पीलीभीत कावड़ संघ के कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

दिनेशपुर में कांवड़ियों को समझाते सीओ तपेश कुमार व थानाध्यक्ष अनिल जोशी।

गुस्साए कांवड़ियों ने दो घंटा एनएच-74 किया जाम

बाइक की टक्कर से कांवड़ खंडित होने से भड़के कांवड़िये, सैकड़ों वाहन जाम में फंसे -सीओ, अफसरों के समझाने पर बमुश्किल माने

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: पीलीभीत कांवड़ संघ के कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से पैदल चलकर कांवर लेकर आ रहा था। अज्ञात बाइक की टक्कर लगने से कांवड़ खंडित होने पर गुस्साए कांवड़ियों ने एनएच-74 पर जाम लगा दिया।

कांवड़ियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने कांवड़ियों के लिए उचित व्यवस्था नहीं की है। जबकि यूपी सरकार ने कांवड़ियों के आने- जाने वाले मार्गों पर वनवे की व्यवस्था की है।

मंगलवार शाम एनएच-74 पर गदरपुर से जाफरपुर के मध्य खानपुर के पास अज्ञात बाइक सवार कांवड़िये से टकरा गया। जिससे कांवड़ से पवित्र जल गिरकर खंडित हो गया। इस पर कांवड़िया फूट- फूट कर रोने लगा और उसने बताया कि वह गंगोत्री से पैदल चलकर पवित्र जल लेकर पीलीभीत यूपी जा रहा था। घटना से गुस्साए कांवड़ियों ने एनएच-74 मार्ग जाम कर दिया। जिससे दो घंटे तक वाहन जाम में फंस रहे। सूचना मिलने पर पंतनगर सीओ तपेश कुमार, नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट व थानाध्यक्ष अनिल जोशी पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के काफी समझाने के बाद कांवड़िया शांत हुए और रुद्रपुर के लिए चल पड़े। कांवड़ियों के शांत होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। जाम में फंसे दो घंटे बाद वाहन चले।

काशीपुर में कांवड़ यात्रा रूट को लेकर रोडवेज स्टेशन के पास एकत्र कांवड़िये। ● अमृत विचार

कांवड़ यात्रा को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते एसडीएम व अन्य। ● अमृत विचार

रूट डायवर्जन पर कांवड़ियों ने जताया विरोध

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: कांवड़ यात्रा के रूट डायवर्जन का कुछ कांवड़ियों ने विरोध जताया। इस दौरान दर्जनों कांवड़िये रोडवेज स्टेशन के पास एकत्रित हो गये। जिससे वहां सांकेतिक जाम भी लग गया। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांवड़ियों को समझाकर उनके गंतव्य की ओर रवाना किया।

बता दें कि बाजपुर रोड पर आरओबी निर्माण के कारण रास्ता बंद किया हुआ है। वही ट्रेनों के आवागमन को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से कांवड़ियों के लिए रूट निर्धारण किया है। जिसके अनुसार एमपी चौक से उन्हे रामलीला ग्राउंड होते हुए पटेल नगर से बाजपुर रोड की ओर भेजा रहा है।

मंगलवार को हरिद्वार से गंगाजल ला रहे दर्जनों कांवड़िये रोडवेज बस स्टेशन पर एकत्र हो गए और पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रा के लिए किये गये रूट डायवर्जन का विरोध किया। उन्होंने कहा कि रूट डायवर्जन से उनको अतिरिक्त घूम कर आना पड़ रहा है। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान वहां सांकेतिक रूप से जाम भी लग गया। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांवड़ियों को समझा बुझाकर शांत किया और उन्हे उनके गंतव्य की ओर रवाना किया। वहीं रामलीला ग्राउंड में पुलिस ने कांवड़ियों के लिए ठहरने व भंडारे की व्यवस्था भी कर रखी है। जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि मंगलवार को काशीपुर पहुंचे कुछ कांवड़ियों ने रूट को लेकर आपत्ति जताई थी।

एसडीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

काशीपुर। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया और कांवड़ रूट का जायजा लिया। इस दौरान कांवड़ यात्रा को लेकर एसडीएम ने व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश भी दिए। मंगलवार शाम को एसडीएम अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में तहसील प्रशासन व नगर निगम की टीम ने कांवड़ रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने रूट पर साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही रूट पर अतिक्रमणकारियों को भी हटाने के निर्देश दिये है। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारी कर रखी है। कांवड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसको लेकर आज व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। कुछ कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित को दिये गये हैं।

कांवड़ यात्रा को लेकर बदला गया यातायात रूट

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: महाशिवरात्रि को लेकर कांवड़ यात्रा को लेकर एसएसपी ने यातायात रूट निर्धारण की गाइड लाइन जारी कर दी है। साथ ही आदेशित किया कि भीड़भाड़ वाले मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही वर्जित रहेगी।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी के अनुसार 5 मार्च से लेकर 9 मार्च तक कांवड़ यात्रा मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। साथ ही हिदायत दी कि कांवड़ यात्रा के दौरान हाईवे पर खड़े वाहन या फिर किसी भी वाहन से दुर्घटना होगी है तो इसकी जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी और पुलिस वाहन स्वामी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। इसके अलावा एसएच हॉस्पिटल सितारगंज, पुलभट्टा, दरऊ चौक, लालपुर, बगवाड़ा मंडी, कीरतपुर मोड, रामपुर बॉर्डर, जाफरपुर मोड, महतोष मोड़, मोतियापुर मोड, स्वार यूपी बॉर्डर दोराहा, बरहैनी, लोहियापुल, पेंगा, प्रतापपुर चौकी, सूर्या बॉर्डर, धर्मपुर बॉर्डर, नादेही बॉर्डर से भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। वहीं रामपुर की ओर से आने वाले सभी भारी वाहन, जिन्हें हल्द्वानी-सिडकुल की ओर जाना होगा। वाहन चालक नो एंट्री नियमों का पालन करते हुए पूर्व की भांति रात्रि 11 बजे से सुबह सात बजे तक ही वाहनों का संचालन करेंगे। रुद्रपुर शहर इलाके में 5 से 6 मार्च तक भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक ही प्रवेश निषेध रहेगा।

कांवड़ियों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

ज्ञापन सौंपा

- पूर्व विधायक ठुकराल ने डीएम और एसएसपी से की मांग ज्ञापन सौंपा

अमृत विचार : हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मंगलवार को डीएम और एसएसपी से मुलाकात की। उन्होंने कांवड़ियों को सुरक्षा देने और असामाजिक तत्वों को चिह्नित करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। कहा कि अक्सर कांवड यात्रा मार्ग पर असामाजिक व उपद्रवी छींटाकशी कर माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में उन्हें चिन्हित करना जरूरी है।

ठुकराल ने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर बाबा के भक्तों में उत्साह है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने-अपने स्थानों को निकलते हैं। ऐसे में अक्सर उपद्रवी व असामाजिक तत्व कांवड़ियों को देखकर कटाक्ष करते हैं। उनपर आपत्तिजनक वस्तुएं फेंककर आस्था पर प्रहार करने का प्रयास करते हैं। इससे जहां हिंदू समाज की आस्था प्रभावित होती है, वहीं सांप्रदायिक तनाव बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अशांति एवं अराजकता का माहौल पैदा न हो, इसके लिए पुलिस व प्रशासन को कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के प्रति सजग रहना होगा। जिस पर डीएम व एसएसपी ने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन महाशिवरात्रि को लेकर सजग है। असामाजिक तत्वों की निगरानी की जा रही है। शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान संजय ठुकराल, भुवन गुप्ता, राजवीर सिंह विर्क, त्रिलोचन सिंह, पूर्व सभासद गोविंद राय, गणेश सरकार, ललित बिष्ट, जीएल गंगवार, राजू भुसरी, अशोक रस्तोगी, ललित कुमार, सोनू कुमार, रोहित सागर, संजीव दिवाकर, बबलू सैनी, प्रदीप कुमार, बंटी कोली, विशाल मेहर, जॉमी चाडा, विक्की आहूजा, बंटी राजोरिया, हैप्पी चौहान, विपिन राजपूत, विशाल सिंह, चेतन जौहरी, पवन राठौर, जगदीश पुजारी, अभय कुमार मौजूद रहे।

चौकी क्षेत्र में मांस की दुकानें बंद करने की मांग

काशीपुर। कांवड़ यात्रा को लेकर समाजसेवियों ने कटोराताल चौकी क्षेत्र मांस की दुकानें बंद करने की मांग की है। मंगलवार को चौकी प्रभारी विपुल जोशी को ज्ञापन सौंपते हुए समाजसेवियों ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवभक्त कांवड़ लेकर हरिद्वार से काशीपुर होते हुए अपने-अपने गंतव्य को जा रहे हैं। रास्ते में कुछ मांस व खान-पान की दुकानें खुली हैं। जिससे कांवड़ियों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कांवड़ियों के रास्ते में पड़ने वाली मांस की दुकानें बंद कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में नितिन गोले, दीपू पाल, कपिल पाल, हिमांशु, पवन पाल, राजकुमार, सुरेंद्र पाल, मोनू पाल आदि थे।

डीएम को ज्ञापन सौंपते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार

पुलिस ने की वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था

काशीपुर। सकुशल कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। जिसको लेकर कांवड़ियों के लिए एक रूट का निर्धारण भी किया गया है। जिससे कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो। पुलिस ने एमपी चौक से विपरीत दिशा में बैरिकेडिंग व रस्सी बांधकर दो फुट का कांवड़ियों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया है। इस मार्ग से कांवड़ियों को एमपी चौक से रामलीला ग्राउंड से होते हुए पटेल नगर से बाजपुर रोड की ओर भेजा जा रहा है। वही इन रास्तों पर पुलिस के साथ ही यातायात पुलिस, सीपीयू व होमगार्ड और वालिंटियर्स की ड्यूटी भी लगा रखी है। जिससे कांवड़िये जाम में फंसे बिना यात्रा जारी रख सकें।

मदरसों में अब आधुनिक शिक्षा देंगे

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड के मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के एक हाथ में कुरान, तो दूसरे हाथ में कंप्यूटर होने का सपना भाजपा सरकार में साकार होने जा रहा है। मदरसे के बच्चों को दीनी तालीम के साथ आधुनिक शिक्षा भी ग्रहण कराई जाएगी। यह बात उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने कही।

मंगलवार को माता मंदिर रोड स्थित भाजपा नेता शहनवाज खान के प्रतिष्ठान पर उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी के पहुंचने पर वरिष्ठ भाजपा नेता राम मेहरोत्रा ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मुफ्ती कासमी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनका लाभ अल्पसंख्यक समाज को मिल रहा है। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद की समकक्ष मान्यता के संबंध में शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मदरसों का पंजीयन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। वर्तमान में 415 मदरसों का पंजीकरण है। कहा कि मुख्यमंत्री धामी का विजन है कि मदरसों में आधुनिक शिक्षा होनी चाहिए ताकि यहां तालीम लेने वाले बच्चे भी डॉक्टर, आईएएस, आईपीएस व इंजीनियर बनकर देश की सेवा कर सकें। वही उन्होंने कांग्रेस पर भी कई गंभीर आरोप लगाये। इस दौरान उन्होंने काशीपुर में संचालित हो रहे मदरसों के संचालकों के साथ भी वार्ता की और उनके सुझाव व समस्याओं का सुन उनके निराकरण के प्रयास किये।

काशीपुर में प्रेस वार्ता करते उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी।

दूसरे दिन भी कांवड़ियों ने कराई स्वास्थ्य जांच

काशीपुर। भारतीय रेडक्रास सोसायटी काशीपुर शाखा के तत्वावधान में ढेला नदी पार चल रहे निःशुल्क रेडक्रास चिकित्सा शिविर के दूसरे दिन सैकड़ों की संख्या में कांवड़ यात्रियों ने उपचार कराकर स्वास्थ्य लाभ उठाया। उपचार कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि अधिकांश कांवड़ यात्रियों में एलर्जी, खांसी, पेट दर्द, शारीरिक दर्द, गैस संबंधी समस्याएं ज्यादा पाई जा रही हैं। सचिव अरुण पंत ने बताया कि सोल हैल्थ केयर इंडिया, ग्लोबल हॉस्पिटल, राजीव हास्पिटल, सूरज मेडिकल स्वामी निःशुल्क चिकित्सा शिविर के लिए दवाएं उपलब्ध करा रहें हैं। इस दौरान सोसायटी चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा, डॉ. राजीव गुप्ता, कौशलेश गुप्ता, संजय शर्मा रहे।

सुकन्या योजना की जानकारी दी

कार्यशाला

- कार्यशाला में आयोजित एससी गुड़िया आईएमटी के विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के 40 से अधिक विद्यार्थियों ने आईआईएम काशीपुर में सुकन्या समृद्धि योजना पर आयोजित वर्कशॉप में प्रतिभाग किया। उन्होंने इस योजना के फायदों की जानकारी ली।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्या डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने कहा कि आज कन्याएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इसलिए उन्हें मजबूती के साथ अपने अधिकारों को जानना जरूरी है। मुख्य वक्ता राहुल पंत मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव पोस्ट ऑफिस रुद्रपुर ने योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी एवं योजना के प्रति आम जन के साथ हुए अनुभवों को साझा किया। पोस्ट ऑफिस हल्द्वानी के मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव त्रिभुवन सिंह ने सभी के प्रश्नों व जिज्ञासाओं का समाधान किया। काशीपुर पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर रमेश चन्द्र तिवारी ने योजना संबंधी लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. कुणाल गांगुली, रिसर्च एसोसिएट नाजिया खान, दिल्ली विवि की रीनू राम, डॉ. आसिफ खान आदि उपस्थित रहे।

सुकन्या समृद्धि योजना पर आधारित कार्यक्रम में मौजूद एससी गुड़िया कॉलेज के विद्यार्थी।

पिता पर शराब पीकर मारपीट करने का आरोप

बाजपुर। शराबी ने अपनी पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट कर दी। जिससे उन्हें चोटें आई हैं। वहीं मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे बेटों ने पिता के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नरखेड़ा खमरिया निवासी दो सगे भाई मंगलवार को कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर पुलिस को बताया कि सोमवार देर रात उनके पिता शराब के नशे में घर पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं मना किया तो मारपीट की गई तथा बीच-बचाव करने पर मां के साथ भी बेरहमी से मारपीट की। जिसमें तीनों मां-बेटों को चोटें आई हैं। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। अलबत्ता पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

कार्यक्रम बोले- बिना किसी भेदभाव व दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रत्येक क्षेत्र का समान रूप से करा रहे विकास

बेहड़ ने 3 .83 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में 3.83 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

नगर के वार्ड नंबर 20 में नुक्कड़ सभा में विधायक बेहड़ ने कहा कि उनके द्वारा क्षेत्रवाद, धर्मवाद, जातिवाद एवं दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रत्येक क्षेत्र का समान रूप से विकास कराया जा रहा है तथा विकास कार्यों का लाभ सभी समुदायों मिल रहा है। विधायक बेहड़ ने 19 लाख 76 हजार की लागत से नगर के वार्ड नंबर 20 सिरौली कला में सुरेंद्रा पेट्रोल पंप के सामने से सिरौली नहर पुलिया तक 800 मीटर पीसी द्वारा डामरीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इसी क्रम में उन्होंने एनएच 74 से दरऊ मार्ग का हॉट मिक्स द्वारा 127.54 लाख की लागत से डेढ़ किलोमीटर सड़क पुनर्निर्माण कार्य, ग्राम भंगा में प्राइमरी स्कूल से मंदिर तक 79.24 लाख की लागत से 700 मीटर सड़क निर्माण, ग्राम भगवानपुर में महेंद्र सिंह के मकान से कमल फुलारा के मकान तक 94.67 लाख की लागत से डेढ़ किलोमीटर सड़क नवनिर्माण, ग्राम नजीबाबाद में 62.21 लाख की लागत से सड़क का डामरीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य का फीता काटकर शिलान्यास किया।

इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, ताहिर मलिक, फरियाद शाह, एन यू खान, बलदेव सिंह, जसविंदर सिंह आदि रहे।

किच्छा में विकास कार्य का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

आरक्षण का पालन न होने पर चिंता

संवाददता, काशीपुर

बैठक

- एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

अमृत विचार: एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा की अध्यक्षता में शिक्षक एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न भर्ती अभिकरणों द्वारा सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापनों में एससी-एसटी, ओबीसी वर्गों को संविधान द्वारा निर्धारित पद नहीं दिए जाने पर चिंता व्यक्त की गई।

पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2012 में सरकार द्वारा गठित इंदु कुमार पांडे कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार विभागीय पदोन्नति वाले पदों में एससी एसटी वर्ग को 19% एवं 4% के सापेक्ष क्रमशः ग्रुप क में 11.64% एवं 2.98%, ग्रुप ख में 12.8% व 2.70% एवं ग्रुप ग में 13.91% एवं 1.66% प्रतिनिधित्व प्राप्त था। प्रदेश में विगत 10 वर्षों से अर्थात 5 सितंबर 2012 से इन वर्गों के पदोन्नति में आरक्षण में लगी रोक के कारण ग्रुप क, ख, ग, संवर्ग के पदों में इन वर्गों के प्रतिनिधित्व में भारी गिरावट आई है। कई संवर्गों में प्रतिनिधित्व नगण्य हो चुका है। विभिन्न संवर्गों में इन वर्गों के सही आंकलन के लिए 5 सितंबर 2012 को जस्टिस इरशाद हुसैन आयोग का गठन किया गया था। आज 12 वर्ष बाद भी इस कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है।

दूसरी ओर एससी-एसटी वर्गों के राज्याधीन सेवाओं में संवैधानिक प्रतिनिधित्व हेतु गठित कमेटी की रिपोर्ट को 12 वर्ष के बाद भी सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। कहा कि सरकार की इस प्रकार की नीति से प्रदेश भर का एससी-एसटी शिक्षक कर्मचारी वर्ग नाराज है। निर्णय लिया गया कि इस मामले में शिक्षक एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री एवं शासन में जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारियों से मिलेगा। बैठक में प्रदेश महामंत्री महेंद्र प्रकाश, प्रांतीय उपाध्यक्ष डीआर बाराकोटी, आनंद सिंह विद्रोही, विजय बैरवाण, गढ़वाल मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार पाठक, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र ग्वासीकोटी, हरिद्वार जिलाध्यक्ष मेघराज सिंह, उधम सिंह नगर जिलाध्यक्ष हरिओम सिंह, चंपावत जिलाध्यक्ष मोहन सोनियाल रहे।

भाजपा प्रत्याशी घोषित होने पर अजय भट्ट का जोरदार स्वागत

नैनीताल- उधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंचे सांसद भट्ट, भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद प्रथम बार क्षेत्र में पहुंचे सांसद अजय भट्ट का जगह-जगह भाजपाइयों ने फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने भाजपा का दमन थाम लिया।

पुलभट्टा तिराहे पर आयोजित सभा में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024 में एक सशक्त केंद्र सरकार का गठन होगा। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार देश हित में हर वर्ग को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है।

गरीब जनता को मुफ्त राशन देने वाली योजना को आगामी 5 वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहां दो एम्स बनाए गए हैं। किच्छा में तमाम सुविधाओं से युक्त एम्स बनाया जा रहा है। भट्ट ने कहा कि हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी चिकित्सालय में ओपन हार्ट सर्जरी की संपूर्ण व्यवस्था कर दी गई है। अब कुमाऊं मंडल के मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी के लिए अन्य बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान कर मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता हरीश खानवानी ने किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा, उत्तम दत्ता, लवी सहगल, अक्षय अरोड़ा, विवेक दीप सिंह, सुजात यार खान, अमित नारंग, भारत भूषण चुघ, उदयवीर सिंह, नवजोत सिंह, अभिषेक, सतीश गोयल, प्रमोद गंगवार, गीता देवी, ममता देवी आदि मौजूद रहे।

किच्छा में भाजपा में शामिल लोगों के साथ भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट। ● अमृत विचार

बाजपुर में सांसद अजय भट्ट के कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा।

कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

किच्छा। आयोजित जनसभा में पूर्व ग्राम प्रधान जुम्मा खान, पूर्व प्रधान शाहिद अहमद, क्षेत्र पंचायत सदस्य सोहेल खान, कांग्रेसी नेता गफ्फार खान, पूर्व प्रधान छत्रपाल कश्यप पिंटू, सरदार विक्रमजीत सिंह, राहुल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने अन्य दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक समाज के भी दर्जनों लोगों ने शिरकत कर भाजपा प्रत्याशी भट्ट को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिलाया। भाजपा में शामिल लोगों का सांसद भट्ट ने फूलों की माला पहनाकर अभिनंदन किया। मौके पर जसविंदर सिंह, चरणजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, जसप्रीत सिंह, गुरदेव सिंह, हरमन सिंह, मोहम्मद अब्दुल, शरीफ अहमद, रफीक खान पहलवान, मोहसिन खान, कफील, मुजम्मिल, उस्मान, रंजीत सिंह, जरनैल सिंह आदि मौजूद रहे।

वाहन रैली निकाल कर किया स्वागत

किच्छा। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के किच्छा पहुंचने पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, सिंधी समाज, पंजाबी महासभा, महिला मोर्चा ने फूल मालाएं पहनाकर एवं फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। नगर के दीनदयाल चौक पर व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, पंजाबी महासभा नगर अध्यक्ष प्रवीण रहेजा, भाजपा नेता लवी सहगल, सिरौली कला में ट्रांसपोर्टर जीशान मलिक के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने भट्ट का स्वागत कर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के साथ जुलूस निकाला और जीत का भरोसा दिलाया। मौके पर हाफिज मलिक, सुजाहत खान, नाजिम मलिक, परवेज अहमद, शकील अहमद, हारून मलिक आदि मौजूद रहे।

आज बाजपुर पहुंचेंगे भाजपा प्रत्याशी भट्ट

बाजपुर। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद, केंद्रीय रक्षा, पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को पुनः प्रत्याशी बनाए जाने के बाद 6 मार्च (आज) की सायं करीब चार बजे बाजपुर विधानसभा आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को चीनी मिल अतिथिगृह में कार्यक्रम की योजना बैठक की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की सफलता के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन बाजपुर मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान ने किया। इस मौके पर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विधानसभा संयोजक राजेश कुमार, विधानसभा विस्तारक विनोद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष कमल भट्ट ,जिला मंत्री विकास गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता मंजीत सिंह राजू, योगेश मुनगली, सुखदेव सिंह नामधारी, सुरेंद्र त्यागी, कुंडेश्वरी मंडल अध्यक्ष, परविंदर विर्क, महुआखेड़ा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, सुल्तानपुर पट्टी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, चारों मंडलों के महामंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट, नरेंद्र चौधरी, चरणजीत सिंह रहे।

सार-संक्षेप

पेयजल लाइन दुरुस्त करने की मांग

बाजपुर। ग्राम चकरपुर में पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से घरों में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। इससे परेशान उपभोक्ता पाल सभा के अध्यक्ष रमेश पाल ने उपजिलाधिकारी कार्यालय में पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है। जिसमें कहा गया है कि उत्तराखंड जल संस्थान द्वारा ग्राम चकरपुर में पीने के पानी के कनेक्शन वितरित किए गए हैं। जिसकी पाइप लाइन जगह-जगह टूट जाने से गंदा पानी आ रहा है। दूषित पानी पीने से ग्रामीणों के बीमार होने की संभावना है। उन्होंने उत्तराखंड जल संस्थान बाजपुर को टूटी पाइप लाइन सही करने के लिए आदेशित करने की गुहार लगाई है।

शांतिपुरी की महिमा का आर्मी स्कूल में हुआ चयन

शांतिपुरी। शांतिपुरी नंबर चार गांधीनगर निवासी फौजी विक्रम सिंह कोरंगा की पुत्री कक्षा 8 की छात्रा महिमा कोरंगा का आर्मी स्कूल शिमला के लिए चयन हो गया है। महिमा के दादा जगत सिंह कोरंगा ने बताया कि उनकी पोती सैम मानेकशॉ ग्लोबल स्कूल शांतिपुरी में कक्षा 8 की छात्रा है। बताया कि मंगलवार को आए प्रवेश परीक्षा परिणाम में उनकी पोती का चयन आर्मी पब्लिक स्कूल डगशई शिमला में कक्षा 9 के लिए हो गया है। उन्होंने बताया कि उनकी पोती महिमा बचपन से पढने में काफी होशियार थी। महिमा की इस सफलता पर महिमा के टीचर विकास जोशी, जवाहर सिंह कोरंगा, कोचिंग टीचर जसपाल सिंह कोरंगा, कुंवर सिंह कोरंगा, लाल सिंह, खड़क सिंह कोरंगा, भुवन चंद फुलेरिया, कुंवर सिंह मेहता समेत दोस्तों व रिश्तेदारों ने बधाई दी है।

भाजपा ने ऊंची महुवट में चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

खटीमा। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत ऊंची महुवट में लाभार्थियों से संपर्क किया। अभियान ई दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने सरकार द्वारा लाभार्थियों के लिए चलाई जारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। यह भी कहा कि लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ किस तरह सरकार द्वारा बिना किसी बिचौलिये के प्रदान किया जा रहे हैं के संबंध में बताया ।नगर मंडल महामंत्री मनोज बाधवा ने बताया कि नगर मंडल के सभी बूथों पर शत प्रतिशत लाभार्थी संपर्क अभियान संपन्न हो चुका है। प्रत्येक बूथ पर अलग-अलग बूथ प्रवासियों द्वारा लाभार्थियों से संपर्क कर इस अभियान को सफल बनाया गया है। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान कलैंडर भी वितरित किए। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष विपिन राणा, नवल वाल्मीकि, शुभम वाल्मीकि, मधुमति राणा, गीता देवी, सुनीता राणा, कलावती, लक्ष्मी देवी, रामरति, सरस्वती देवी, हरनंदन सिंह, अमित राणा, देवकी नंदन राणा, सोनम राणा आदि मौजूद थे।

जीबी पंत विवि के दो विद्यार्थियों का कंपनी में चयन

चयनित विद्यार्थियों के साथ अधिकारी।

पंतनगर : जीबी पंत विश्वविद्यालय के सेवायोजन परामर्श निदेशालय के माध्यम से टैफे (ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड) कंपनी की ओर से आयोजित साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के अनुकल्प श्रीवास्तव एवं आदिति गुप्ता का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के बाद करीब 6 लाख रुपये का पैकेज प्रतिवर्ष मिलेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डॉ.एमएस नेगी ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

स्कूली बच्चों को सफाई के प्रति किया जागरूक

रोटरी कंसर्न टू कम्युनिटी हेल्थ कार्यक्रम में बच्चों के साथ अतिथि।

काशीपुर : रोटरी क्लब ऑफ काशीपुर कॉर्बेट ने रोटरी कंसर्न टू कम्युनिटी हेल्थ के तहत पीआरबी एचएस एकेडमी में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बच्चों को सफाई और कीटाणुरहित जीवन शैली के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सोनल सहगल महरोत्रा ने बच्चों को स्वच्छता संबंधी जानकारी दी। वरिष्ठ रोटेरियन एवं केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई ने बच्चों से स्वच्छता के प्रति दिये संदेश को अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी देने का आह्वान किया। क्लब अध्यक्षा डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने कहा कि रोटरी सदैव बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं तरक्की के प्रति प्रयासरत रहता है। क्लब सचिव एवं गुरु नानक इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुरुचि सक्सेना ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि बच्चे इस तरह के प्रशिक्षण से बहुत तीव्रता से सीखते हैं। इस अवसर पर एकेडमी की प्रधानाचार्या शालिनी गुप्ता सहित विद्यालय स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहे।

महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने निकाली स्कूटी रैली

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : मंगलवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ज्योति अरोरा के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने नगर में स्कूटी रैली निकाली। रैली को नगर पंचायत दिनेशपुर की अध्यक्ष सीमा सरकार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज से शुरू होकर सकेनिया रोड गूलरभोज रोड मुख्य बाजार बुध बाजार गुरुद्वारा रोड होते हुए दिनेशपुर मोड पर पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान विधानसभा विस्तारक खीमानंद जोशी ने बताया कि महिलाओं के कल्याण के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। महिला मोर्चा की नगर मंडल अध्यक्ष ज्योति अरोरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई योजनाएं लागू की है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुलबीरी चौधरी, महिला मोर्चा की नगर मंडल अध्यक्ष ज्योति अरोरा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, अशोक हुड़िया, मनोज गुंबर, अनिल जेटली, पूनम ग्रोवर, बबली शर्मा, गीता अनेजा, अनिता शाह, रेनू बिष्ट, सविता, राजबाला चौहान, दीपा चुफाल, रिंकी अधिकारी, बबली सरकार, नीलू ग्रोवर, सरकार, कंचन सिंह, अनु ग्रोवर, ममता यादव, ललिता खरवार, पूनम प्रसाद, लक्ष्मी चौहान, सीमा रानी, ललिता सरकार, प्रभा राय, ज्योति शर्मा रहे।

गदरपुर में स्कूटी रैली निकालतीं भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सड़क के मरम्मत कार्य को बताया घटिया

खटीमा। चकरपुर वाया बिचपुरी बगियाघाट मार्ग का लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे मरम्मत कार्य को ग्रामीणों ने घटिया बताते हुए विरोध किया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मार्ग को रिंग रोड बना की घोषणा की थी।

ग्राम प्रधान मदन सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग पर घटिया मरम्मत कार्य किया जा रहा है जबकि इसे चकरपुर से मिलते हुए रिंग रोड बनाने की घोषणा 2022 में चुनाव के समय थारू राजकीय इंटर कालेज में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिंग रोड बनाने की घोषणा की थी। लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। बैठक में पूर्व प्रधान भगवान जोशी, जगदीश चंद, गजेंद्र चंद, प्रकाश चंद, उमेद सिंह, हिम्मत नाथ, बहादुर रावत, नारायण दत्त आदि रहे।

रामबाग में पांच दिवसीय मेले की तैयारियां शुरू

▸▸ शिवभक्त हरिद्वार से पैदल चलकर पवित्र गंगाजल लाकर प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में शिवलिंग पर करेंगे जलाभिषेक

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर्व पर प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में छह दिवसीय मेले की तैयारी शुरू हो गई है। बाहर से आए दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठान सजाने में जुट गए हैं। शिवरात्रि पर्व पर शिव भक्त हरिद्वार से पैदल चलकर पवित्र गंगाजल लेकर आठ मार्च को शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे।

मंदिर मेला कमेटी के प्रबंधक राकेश सिंह ने बताया कि शिव भक्तों एवं मेले की सुरक्षा व्यवस्था थानाध्यक्ष अनिल जोशी देख रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से मेले परिसर में 20 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस टीम के साथ पीएसी एक प्लाटून, होमगार्ड व पीआरडी के जवान तैनात किए गए हैं।

प्रबंधक राकेश सिंह ने बताया कि प्रशासन ने 8 से 13 मार्च तक मेले की अनुमति मिली है। मंदिर के मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरासी ने बताया कि 8 मार्च को तड़के 3 बजे से पूजा-अर्चना के बाद हरिद्वार से पैदल चलकर आए कांवड़ियों द्वारा पवित्र गंगाजल से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जाएगा।

तत्पश्चात आम लोगों के लिए मंदिर परिसर खोला जाएगा। इधर अस्थाई मेला चौकी प्रभारी एसआई संतोष उप्रेती ने टीम के साथ मेले में बाहर से दुकानें लगाने आए दुकानदारों का सत्यापन किया जा रहा है।

प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

▸▸ भाजपा ओबीसी मोर्चा सामाजिक सम्मेलन

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में नगर मंडल में सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पर के नारे को चरितार्थ करते हुए ऐतिहासिक दीजिए दर्ज करने का आह्वान किया गया।

ब्लॉक सभागार में भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीकांत राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिसे धरातल पर पूरा करना कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा पीएम मोदी के नारे 400 पार को पारकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री संतोष चन्द, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, डॉ. नवीन भट्ट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जानकी गोस्वामी, हरीश वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, माया जोशी, ईश्वरी पांडे, महेश कोहली, प्रियंका गोस्वामी, कमला चंद, प्रेमा गिरि, जगदीश कश्यप, विकास सक्सेना रहे।

हाथियों ने रौंदी गेहूं की खड़ी फसल

खटीमा। खटीमा बन रेंज के अंतर्गत आने वाले चकरपुर के आसपास के कई गांव के लोग इन दोनों हाथियों के आतंक से पीड़ित हैं। पिछले कई दिनों से हाथियों के झुंड द्वारा गेहूं की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिसके लिए ग्रामीणों को खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है।

चकरपुर सहित पंत फॉर्म, बूढ़ाबाग, नई बस्ती, वन रावत बस्ती आदि क्षेत्रों में हाथियों का झुंड पिछले दो-तीन दिनों से तार बाड़ को तोड़ता हुआ खेतों में जाकर गेहूं की खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। हाथियों के आने की भनक लगने पर ग्रामीणों द्वारा ड्रम, पटाखे बजाकर हाथियों को भगाया जा रहा है। हाथियों ने राजेंद्र चंद, माया देवी सहित आधा दर्जन ग्रामीणों की गेहूं की फसल को रौंद कर तहस-नहस कर दिया।

उद्यमिता पर दी उपयोगी जानकारी

▸▸ राजकीय महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर के दौरान सूरजमल अग्रवाल पीजी कॉलेज की गृहविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संगीता कुमारी ने विद्यार्थियों को व्यवसाय में बाज़ार, सर्वेक्षण के विभिन्न पहलुओं तथा गृहविज्ञान विषय में उद्यमिता की अपार संभावनाओं के बारे में बताया।

कहा कि उद्यमिता का क्षेत्र नए उद्यमियों से व्यापक तैयारी की मांग करता है, नए व्यवसाय शुरू करने के लिए स्थान के चयन, सरकारी प्रक्रियाओं, भूमि भवन, विनिर्माण प्रक्रिया के साथ बाज़ार सर्वेक्षण किया जाना बेहद जरुरी है। किसी उत्पाद या सेवा के लिए मौजूदा या संभावित बाजारों के बारे में डाटा व्यवस्थित संग्रह, रिकार्डिंग, विश्लेषण और व्याख्या करनी होती है। उन्होंने कहा कि गृहविज्ञान में डिग्री लेकर भोजन और स्वास्थ्य संबंधी ब्लॉग की शुरुआत भी की जा सकती है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने शिविर में प्रतिभाग कर रहे विद्यार्थियों से शिविर का फीडबैक प्राप्त कर जागरूक किया। प्रतिभागियों से फीडबैक लेने के बाद उन्होंने कहा कि उद्यमिता विकास कार्यक्रम उत्तराखंड के युवाओं के आर्थिक और व्यक्तित्व विकास में योगदान देने वाला महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है, विद्यार्थी अपने अनुभव वीडियो और लेख से कार्यक्रम के नोडल अधिकारी को सौंप सकते हैं।

किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी। ● अमृत विचार

गदरपुर में निकली शोभायात्रा

▸▸ ओम बापू मंदिर में 37 वा महायज्ञ एवं संत सम्मेलन आयोजित

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : परम पूजनीय गुरु मां मिथिलेश महाराज सहारनपुर वालों के सानिध्य में संत बापू कल्याण दास जी की पुण्य स्मृति में चल रहे 37 में महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के अवसर पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा बापूजी मंदिर से प्रारंभ हुई और अनाज मंडी पंजाबी कॉलोनी गूलरभोज रोड से मुख्य बाजार होते हुए प्रारंभ स्थल पर समाप्त हुई।

शोभायात्रा में परम पूजनीय गुरु मां मिथिलेश जी सहारनपुर सहित बाहर से आए दरबार जालंधर नंदाचौर दिल्ली हरीपुरा खालसा फिल्लौर पंजाब रोठोडा धामपुर यूपी आदि कई स्थानों से आए संत महात्मा रथ पर सवार थे। संत परम पूजनीय गुरु मां मिथिलेश जी महाराज की पालकी को आकर्षक तरीके से सजाया सजाया गया था नगर के मुख्य बाजार को जगह-जगह स्वागत द्वारो से सजाया गया। विभिन्न धार्मिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह पर गुरु मां मिथिलेश का जोरदार स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष श्री बंशीधर गुंबर, सचिव सतीश बत्रा, उपाध्यक्ष अशोक बांगा, कोषाध्यक्ष किशनलाल अनेजा, लीना संजीव झाम, गुलशन मुरादिया, नरेश डूमड़ा, सुरेंद्र छाबड़ा आदि रहे।

गदरपुर शोभायात्रा में परम पूजनीय गुरु मां मिथिलेश जी रथ में सवार और श्रद्धालु।

छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

काशीपुर। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जिसका विषय चुनाव का पर्व, देश का गर्व था। रैली को महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर सत्येन्द्र चन्द्र गुड़िया मार्ग, मेन मार्केट, महाराणा प्रताप चौक होते हुए महाविद्यालयपर आकर समाप्त हुई। इस दौरान छात्राओं ने स्थानीय मतदाताओं के साथ संवाद कर उन्हें शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। यहां कैम्पस एम्बेसडर डॉ. रंजना, शीतल अरोरा, डॉ. मंगला, किरन एवं सृष्टि सिंह उपस्थित रहीं।

मांगें सदन में उठाने पर बेहड़ का जताया आभार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : उत्तराखंड विधानसभा में पंतनगर के कर्मचारियों का मुद्दा उठाने पर पंतनगर परियोजना कर्मचारियों ने विधायक बेहड़ का आभार जताते हुए उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। किच्छा के कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने विधानसभा सदन में नियम 58 के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय के उद्धार हेतु वैज्ञानिकों की टीम बनाए जाने, पंतनगर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को समय पर वेतन देने तथा दैनिक कर्मचारियों का वेतनमान प्रतिदिन 500 रुपए करने की मांग उठाई। इस पर सरकार ने 15 दिनों के भीतर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। नगर के आवास विकास स्थित कार्यालय पहुंचे तमाम कर्मचारियों ने विधायक बेहड़ का स्वागत करते हुए आभार जताया।

विधायक बेहड़ ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि आगे भी वह पंतनगर से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। इस मौके पर जनार्दन सिंह, संतोष कुमार, एडी मिश्रा, महेंद्र शर्मा, आरके श्रीवास्तव, सुनील चौधरी, महेश पाल, सतीश पाल आदि मौजूद रहे। इधर जनता संवाद कार्यक्रम के तहत दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराते हुए विधायक से उनके समाधान का आग्रह किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

संपादकीय

ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के चलते भारत 2030 तक दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। यानि भारत में वैश्विक स्तर पर किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक ऊर्जा मांग वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत होना बहुत जरूरी है। हम अब कोयले और अन्य स्रोतों पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए हमें सौर ऊर्जा के लिए अपनी क्षमता का विस्तार करने की आवश्यकता है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। इस योजना में बिजली की पहुंच और देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता की पूरी गतिकी को बदल देने की क्षमता है। करीब एक करोड़ घरों को शामिल करने की संभावना वाली इस योजना के लाभार्थियों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल तो कम होगा ही, वहीं भारत उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। इस योजना के माध्यम से, शामिल घर बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। तीन किलोवाट क्षमता वाली एक प्रणाली एक घर के लिए औसतन प्रति माह 300 से अधिक यूनिट उत्पन्न करने में सक्षम होगी। प्रस्तावित योजना के परिणामस्वरूप आवासीय क्षेत्र में छत पर स्थापित सौर ऊर्जा के माध्यम से 30 गीगावॉट की सौर क्षमता की बढ़ोतरी होगी, जिससे 1000 बीयू बिजली पैदा होगी और छत पर स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के 25 साल के जीवनकाल में 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी आएगी। अनुमान है कि यह योजना विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, बिक्री, स्थापना, ओएंडएम और अन्य सेवाओं में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगी।

करीब एक करोड़ गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग के परिवारों को छत पर सोलर पैनलों से लैस करके, इस योजना का लक्ष्य पारंपरिक बिजली ग्रिडों पर उनकी निर्भरता को कम करना है। सार्वजनिक आंकड़ों से पता चलता है कि पूरे भारत में बिजली की औसत घरेलू खपत लगभग 100 यूनिट प्रति माह है, दिल्ली जैसे कुछ ही राज्यों में यह 300 यूनिट के करीब है। हालांकि नई सूर्य घर योजना पिछली योजनाओं के मुकाबले बेहतर लग रही है। जब तक सरकार बिजली वितरण कंपनियों की आपूर्ति और कीमत निर्धारण जैसी संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं करती, तब तक एक करोड़ घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। फिर भी इस योजना के कार्यान्वयन के साथ ऐसे भविष्य की आशा की जा सकती हैं, जहां भारत नवीकरणीय उर्जा में वैश्विक लीडर बन जाएगा।

भारत में अभी चालू है चेचक की सांस्कृतिक नैदानिक पद्धति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई।

सन 1963-64 में गांव के स्कूलों में चेचक से बचाव के टीके लगाए जाए थे। भारत के स्वास्थ्य तंत्र कर्मियों द्वारा खूब मेहनत करके करोड़ों बच्चों को तीसरी पीढ़ी का चेचक-प्रतिरक्षण टीका लगाया गया। तीसरी पीढ़ी के टीके क्षीण वैक्सीनिया वायरस पर आधारित होते हैं जो बहुत कम विषाणु जनित होते हैं और कम दुष्प्रभाव होते हैं। क्षीण वायरस, प्रतिकृति या गैर-प्रतिकृति हो सकते हैं। सन 1977 के अप्रैल महीने में संपूर्ण भारत को चेचक मुक्त घोषित कर दिया। यह कौतुक की बात है कि चेचक से मुक्त होने के बाद भी देश में चेचक से बचाव की देवी 'शीतला' माता की मान्यता जारी है और 1987 और 1992 के वर्ष में दौरान दो बार विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए देशव्यापी आंदोलन चलाए जाने के बावजूद अभी तक चेचक से बचने के लिए लोकमान्यताएं पूरी शक्ति से लोगों के मन पर हावी हैं। ऐसी मान्यताओं की वैधता और अवैधता को मापने की जुर्रत किसी में नहीं है क्योंकि इससे अराजकता फैल सकती है।

चेचक की 'एटियलजि' को समझने और इस संक्रमण को नियंत्रित करने की कारगर विधि तलाश करने का पहला प्रयास सन 1796 में हालांकि ब्रिटिश फिजिशियन एडवर्ड जेनर ने शुरू किया था लेकिन वे सन 1798 तक एक कार्यकारी टीका बनाकर फील्ड-टेस्टिंग के लिए उपलब्ध करवा सके थे। बाद में ज़िंदा एनिमल्स की चमड़ी के जरिए टीका बनाया गया जो सुरक्षित नहीं थी। इसके बाद जब विषाणु को पृथक करने की टेक्नोलॉजी सुलभ हुई तो ज़िंदा विषाणु को ही टीके के बतौर इस्तेमाल किया गया। यह भी सुरक्षित विधि नहीं थी। 1970 आदि दशक तक विषाणु को क्षीण करके इसकी सर्फेस-प्रोटीन्स के जरिए एक सुरक्षित टीके का विकास संभव हुआ जिसे विश्व स्तर पर प्रयोग किया गया था ताकि चेचक के विषाणु के संपर्क के आने के बाद व्यक्ति को इन्फेक्शन हो जाए तो भी इसके दुष्प्रभाव उस पर न पड़ें। सन 1974 तक भी चेचक से भारत में ही हर साल 1.2-1.5 लाख लोग प्रभावित हो रहे थे और बहुत से मर भी जाते थे।

लंदन में कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डॉ.जॉन जेड हॉलवेल ने सन 1767 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि अठारहवीं शताब्दी के आयुर्वेदिक डॉक्टरों के दिमाग को समझने के लिए भारत से उपलब्ध हुई प्राचीन पांडुलिपि एक उत्कृष्ट स्रोत है। हॉलवेल का कहना था कि एक इनोक्यूलेटर के हाथ भारत में रहते हुए ऐसी पांडुलिपि हाथ लगी जिसका अध्ययन करने से इसमें जो लिखा था उन्हें मालूम हुआ तो वे चौंक पड़े थे। मालूम हुआ था कि विश्व में सर्प्रथम टीका बनाने की विधि सन 1000-1200 के आसपास आयुर्वेदाचार्यों ने विकसित की थी। इसमें औषधि को नाक के जरिये व्यक्ति को दिया जाता था। इस विधि का प्रसार चीन, मध्य एशिया और अफ्रीका में हुआ। इस विधि में व्यक्ति को वास्तव में ही हलके रोंप में चेचक निकलती और फफोलों से सारा द्रव बाहर निकल जाता। चमड़ी पर चन्द्रमा की सतह जैसे क्रेटरनुमा निशान नहीं पड़ते थे। लेकिन 19 वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक भी यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन का न तो कांसेप्ट बना था और न ही वैक्सीन की इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी। भारत में सार्वजनिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत चेचक का प्रोफाइलेक्टिक टीका बच्चों को अब नहीं लगाया जाता। चेचक के आखिरी दौर में यह संक्रमण पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार के संलग्न क्षेत्रों में ही व्याप्त था। अब कहीं नहीं है।



बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई जैसे कि बारहवीं सदी में उत्तर-पश्चिमी भारत और बंगाल में चेचक के लिए 'शीतला माता' का प्रतीकात्मक उदय।

समझने की जरूरत है कि इंडियन मेडिकल सर्विस के डॉक्टर अफसरों ने उस समय भारत में प्रचलित आयुर्वेद और सिद्ध मेडिकल सिस्टम्स के अलावा अरब चिकित्सा पद्धितयों का भी अध्ययन करके इसके साहित्य और वैद्यों और हकीमों की समझ और कार्यक्षमता पर भी अच्छी टिप्पणियां की थीं, लेकिन बहुत मामलों में इनकी नैदानिक पद्धति को पूर्णतः वैज्ञानिक करार नहीं दिया। शुरू में तो यूंही चलता रहा लेकिन उन्नसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश इंडियन गवर्नमेंट ने कलकता, मद्रास और बॉम्बे प्रेसीडेंसीज में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जो अभी तक चालू हैं।

भारत में यूरोपियन चिकित्सा पद्धितयों को धीरे-धीरे न केवल विस्तार दिया जाने लगा बल्कि एक खास बात यह हुई कि इसमें यूरोपियन लोगों का भारत की जलवायु, खान-पान और स्थानीय सांस्कृतिक जन-जीवन के करीब होने से संक्रामक रोगों के होने की संभावना पर पैनी दृष्टि रखने के अलावा जो आयुर्वेज्ञानिक अध्ययन हुए इनका बहुत फायदा भारतीय लोगों को भी मिला जैसे कि उन दिनों मद्रास प्रेसीडेंसी में नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित कुनूर कस्बे में डॉ.रॉबर्ट मैक्कैरिसन ने सन 1911 में न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज की स्थापना की थी जिसमें प्रारंभ में भारतीय खाद्यान्नों, फल, सब्जियों, खाद्य तेल और घी की 'न्यूट्रीटिव वैल्यूज' का पता लगाया गया था जिसका उद्देश्य फौजियों के लिए उपयुक्त आहार निर्धारित करने के लिए किया गया। सन 1950 आदि दशक के दौरान न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज को हैदराबाद शिफ्ट करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन बनाया गया जो आज तक चालू है। ऐसे काम के दौरान विलियम क्रूक जैसे ब्रिटिश ऑफिसर्स भारत का सांस्कृतिक अध्ययन करने में जुटे थे जिसने सन 1893 में 'एन इंट्रोडक्शन टू द पॉपुलर रिलिजन एंड फोकलोर ऑफ़ नॉर्थन इंडिया' प्रकाशित की। क्रूक महोदय ने अपनी पुस्तक के तीसरे अध्याय 'द गॉडलिंग्स ऑफ़ डिजीज' में पेज 78 से 88 तक सिर्फ शीतला माता की मान्यता और विश्वास के बारे में जिक्र किया है जिसकी पूजा चेचक से बचने के लिए उत्तर-पश्चिम भारत की महिलाएं करती है। क्रूक की किताब छपने के 130 वर्ष बाद भी अधिकांश भारत में रोग से बचने के लिए अंधविश्वास, झाड़-फूंक और देव-देवियों की मान्यता और पूजा-अर्चना चालू है और महिलाएं श्रद्धापूर्वक चैत्र महीने की चंद्रोदय वाले पक्ष में आने वाली सप्तमी और अष्टमी में उन स्थानों पर जाती हैं जहां-जहां शीतला माता मंदिर हैं। क्रूक ने उस सभी स्थानों के नाम दिया है। रोहतक नगर में शीतला माता मंदिर में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु महिलाएं अभी आती हैं और सरसों के तेल से तैयार 'पूड़े' (मीठा पराठा) नैवेद्य के रूप में देवी को प्रस्तुत करती हैं।

गुरुग्राम का शीतला माता मंदिर तो प्रसिद्ध है जिसमें पूजा-अर्चना के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। चैत्र का महीना इसलिए तय है कि ऋतु परिवर्तन के इसी समय पर चेचक के विषाणु का हमला मनुष्य पर होता है और अगले एक-दो महीना में प्रकोप के रूप में यह प्रकट होता था। यह जानना रोचक होगा कि बीमारियों से संबद्ध देवियां हिंदुओं के प्राचीन देवकुलों से बिलकुल अलग हैं। लोकविश्वास कायम रहने का ताज़ा उदाहरण 'कोरोना माता' का है जिसकी उत्पत्ति भारत में कोरोना संक्रमण काल में उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में एक स्थान पर सन 2021 में की गई। इस बाबत एक शानदार शोधपत्र मेघा यादव ने स्विट्ज़रलैंड से प्रकाशित होने वाले'रिलिजन्स' जर्नल के लिए सन 2022 के अंक13 में पृष्ठ संख्या 1011-1023 पर लिखा है। संक्रामक बीमारियों को दैवी-प्रकोप मानने की रीति भारत और अफ्रीका महाद्वीप के मुल्कों में ही नहीं बल्कि यूरोपियन–खासतौर से ईस्टर्न यूरोप के देशों में भी व्याप्त रही। इसी बारे इंग्लैंड के डॉ. जेडी रौलेस्टन को याद करना जरूरी है जिन्होनें 'फोकलोर ऑफ़ द डिजीजेज़' पर खूब काम किया और इस बारे में नेचर जैसी विख्यात पत्रिका में सन 1941 से लेकर 1945 तक, एक के बाद एक, शानदार टिप्पणियां प्रकाशित कीं जिसके अंतर्गत टीबी, चेचक, मिर्गी,अनजाने बुखार, यौन संक्रमण और दन्तदर्द पर लोक-विश्वास और वार्ताओं की प्रकृति और व्याप्तता पर इन्होंनें सामग्री इकट्ठा की थी।

प्रसंगवश

आजा नाच लै

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी।

सत्तर के ऊपर निकले चार बरस हो चुके हैं बंदे को। मगर आज भी उसके पैर बैंड-बाजे के बेसुरे शोर पर थिरकने के लिए और जिस्म नृत्य की मुद्रा में आने को बेताब है। इसके साथ ही वो साठ व सत्तर के सालों के उस जमाने की याद में गुम हो जाता है जब तमाम मोहल्लों से बंदे की मंडली को लड़के की शादी में नाचने का न्यौता मिलता था। वे बारात के आगे-आगे 'कम सप्टेंबर' की धुन पर ट्विस्ट और 'नया दौर' के 'ये देश है वीर जवानों को अलबेलों का मस्तानों का' की बैंड-बाजे की बेसुरी धुनों पर जोशीला भांगड़ा करते थे। नागिन की बीन बजते ही बंदा ज़मीन पर लोट-पोट होकर सांप की तरह रेंगने और फुफकारने लगता था। हालांकि मंडली में इन मुद्दों पर अक्सर खासी बहस हुआ करती थी कि 'ये देश है वीर जवानों का' वाले डांस का बारात में क्या काम है? और इसके साथ ये 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का क्या मतलब? अरे भाई सिर्फ मजबूत कद-काठी वालों को ही दुल्हनिया ले जाने का हक़ है? बेचारे दुबले-पतले और कमजोर को किस गली से दुल्हनिया हासिल होगी? कम से कम दुल्हनिया से तो पूछ लेते कि वो सेहरा सजाए दुल्हे के साथ जाने को तैयार भी है कि नहीं? सारे फैसले दुल्हा पक्ष के बुड्ढे-बुढियां ही किए जा रहे हैं। और फिर नागिन की तरह फुफकारने की क्या ज़रूरत है भाई? ये धुन तो दुल्हन की ओर से बजनी चाहिए।

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी। औरतों के बारात में सड़क पर खुलेआम नाचने की पहल भी पंजाबियों की देन है। उनके खुलेपन को शुरूआत में बड़ी हिकारत और संकीर्ण नज़र से देखा गया। चूंकि खुशी और मस्ती किसी एक वर्ग की नहीं बल्कि सांझी रवायत होती है और संगीत की धुन पर पैर स्वतः ही थिरकने लगते हैं। इसीलिए यह दिमागी सोच की संकीर्णता में बहुत दिनों तक सीमित नहीं रह पाई। तभी तो आज आलम ये है कि हरेक प्रदेश के हर वर्ग में शादी ही नहीं हर खुशी के मौके पर जमकर डिस्को डांस किए बिना जश्न पूरा नहीं होता है। छोटे से लेकर बूढ़े तक खूब नाचते-गाते-झूमते हैं। तकलीफ यह जरूर है कि ढोल काफी हद तक गायब हो गया है। आज से दस साल पहले तक तो बैंड-बाजे के साथ ढोल की थाप पर भांगड़ा करने वाले मस्तानों की टोली भी अलग से चलती थी। लेकिन वक्त और मौजूदा पीढ़ी की जरूरतों के साथ सब कुछ बदलता है। भांगड़ा भी अब डिस्को में गुम हो गया है। अब भांगड़ा डिस्को स्टाईल में उछलता, कूदता और थिरकता है।

बंदे का दौर गुज़रे आज लगभग तीस बरस हो चुके हैं। 'कम सेप्टेंबर' का ट्विस्ट गायब हो चुका है। मगर बंदे को फख्र है कि उस दौर की बाकी धुनें आज भी ज़िंदा हैं और बारातें इसके बिना अधूरी हैं। फिर बंदा याद करता है उस दिन को जब उसका बारातों में नाचने का दि एंड हुआ था। वो उसकी अपनी ही बारात थी। जैसे ही बैंड-बाजे ने 'ये देश है वीर जवानों का' की धुन छेड़ी, उधर घोड़ी पर बैठा बंदा भूल गया कि वो दुल्हा है। वो घोड़ी से कूद कर नाचने लगा था और खूब नाचा। दुल्हे का अपनी ही बारात में नाचना उस ज़माने में कौतुहल का विषय था। बड़े-बुजुर्ग बेहद नाराज़ और गुस्सा हुए थे।

अगली ट्रेजडी तो सुहागरात पर हुई थी। पत्नी गुस्से में फनफनाई और तमतमाई हुई थी। दरअसल, पति के भालू-बंदरों की तरह बारात में फूहड़ तरीके डांस की ख़बर से वो कतई खुश नहीं थी। उसे ये भी पता चल चुका था कि उसके पति यानी बंदे को नचनिया समझ कर बारातों में न्यौता मिलता था और खूब नचाया जाता था। उसे लगा था कि उसकी शादी किसी सड़क छाप नाचू से हुई है। उसकी सहेलियों ने जब इस बात पर उससे मज़ाक किया था तो उसे ये बहुत ही खराब लगा था।

बहरहाल वो बामुश्किल इस शर्त पर ठंडी हुई थी कि आइंदा से बंदा किसी भी बारात में किसी भी किस्म का डांस नहीं करेगा। वो दिन है और आज का दिन। इस दौरान बंदे ने सैकड़ों बारातें अटेंड की हैं। मगर पैर तक नहीं थिरका उसका।

कैसे नियंत्रित हो सियासत में काला धन

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी।

बीते कुछ दिनों में देश की सियासत में जो कुछ हो रहा है, उससे भले ही सरकार बन और बिगड़ रही हो लेकिन इससे लोकतंत्र की मूल आत्मा पर कुठाराघात तो हुआ ही है। एक तो सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन बांड से राजनीतिक दलों की चंदा लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पाई और उसे अवैध घोषित कर दिया। फिर चुनाव आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के बाद एक समाचार पोर्टल ने बताया कि किस तरह राजनैतिक चंदे-सरकार और सरकार की जांच एजेंसियों के बीच मिलीभगत होती है। उसी दौरान चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में महज 36 में से आठ वोट लूट गए, वह भी कैमरे के सामने और सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव परिणाम में दखल दिया। दूसरी बात स्पष्ट है कि संविधान निहित दलबदल कानून अब रद्दी का टुकड़ा है और यह केवल ताकतवर को और शक्ति देने के लिए ही दुरुपयोग का है। तीसरा अब मान लो कि लोकतंत्र का अर्थ है-जिसकी लाठी- उसकी भैंस-जिस राज्य में जिसकी ताकत है वह वोट लूट लेगा। आम लोग जो मत या वोट देते हैं वह नेता के लिए लाखों की कमी का जरिया मात्र है।

भारत में लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखने वाले सेनानियों का मत था कि 'वोट के लिए निजी अपील करना संसदीय लोकतंत्र और सामूहिक हित की भावना के प्रतिकूल है। वोट मांगने का काम केवल सार्वजनिक सभाओं के जरिए होना चाहिए।' यदि कोई भी सरकार लोकतंत्र की इस मूल भावना को जीवित रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन करती है तो आम आदमी खुद को लोकतंत्र के करीब समझेगा। असल में यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं। किसी भी दल से टिकट पाना हो या प्रचार के लिए समर्थकों को मैदान में भेजना या फिर मतदाताओं को रिझाना-लुभाना, सभी कुछ केवल धन पर आश्रित है और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा में ये सब खर्च संभव नहीं होता। ऊपर के खर्चों के लिए ऊपर से ही कमाई होती है और इस राह में अनाचार, भ्रष्टाचार और दुराचार को विजेता की नैतिकता का जामा पहना दिया जाता है।

यह समय की मांग है कि एक जन कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी। ऐसा नहीं कि चुनाव सुधार के कोई प्रयास किए गए नहीं, लेकिन विडंबना है कि सभी सियासती पार्टियों ने उनमें रूचि नहीं दिखाई। वीपी सिंह वाली राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार में कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अगुआई में सन 1990 में गठित चुनाव सुधारों की कमेटी का सुझाव था कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों को सरकार की ओर से वाहन, ईंधन, मतदाता सूचियां, लाउड-स्पीकर आदि मुहैया करवाए जाने चाहिए। इसमें यह भी कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को न केवल सरकार के अंतर्गत किसी नियुक्ति बल्कि राज्यपाल के पद सहित किसी अन्य पद के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। साथ ही किसी भी व्यक्ति को दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों पर चुनाव लड़ने की अनुमति न देने, निर्दलीय चुनाव लड़ने पर जमानत राशि बढ़ाने की बात भी इस रिपोर्ट में थी।

राजनैतिक दलों का चंदा एकत्र करने का तरीका चुनाव के दौरान और बाद में भ्रष्टाचार को बेहिसाब बढ़ावा देता है। 1970 में प्रत्यक्ष कर जान के लिए गठित वांचू कमेटी की रपट में कहा था कि चुनावों में अंधाधुंध खर्चा काले धन को प्रोत्साहित करता है। अगस्त-98 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि उम्मीदवारों के खर्च में उसकी पार्टी के खर्च को भी शामिल किया जाए। आदेश में इस बात पर खेद जताया गया था कि सियासती पार्टियां अपने लेन-देन खातों का नियमित ऑडिट नहीं कराती हैं। अदालत ने ऐसे दलों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के भी निर्देश दिए थे। लेकिन हुआ कुछ भी नहीं।

असल बात तो यह है कि अब चुनाव आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है, उसी का परिणाम है कि उससे उपजा प्रतिनिधि भी जनता से बहुत दूर है। तभी उसके समाज से सरोकार नहीं है और जनता भी वोट देने के बावजूद उसे अपना 'प्रतिनिधि' नहीं मानती। दिनों दिन बढ़ती यही दूरी लोकतंत्र को नए किस्म की राजशाही में परिवर्तित कर रही है। चुनाव प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और खर्च काम करना आज लोकतंत्र के सशक्तिकरण की अनिवार्य जरूरत है।

सोशल फोरम

राजनीति की गंगा

एक पार्टी के बारे में अक्सर विपक्षी कहते हैं कि वह राजनीतिज्ञों के पापों को भी पुण्य में बदल देती है। दरअसल मोक्षदायिनी गंगा में पहले यही गुण था। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कभी खूब थे जो हानिकर रोगाणुओं का भक्षण कर जल को रोगमुक्त करते थे। मगर इसकी भी एक सीमा थी। अब गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कमतर हो चले हैं और कई जगह तो गंगाजल इतना अशुद्ध हो चला है कि पीने की कौन कहे, वह स्पर्श लायक भी नहीं है।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

लोकसभा चुनाव के लिए एक पार्टी के हाल के आबंटित टिकटों के कुछ चेहरे भी ऐसे हैं जिनके बारे में विपक्षियों का यह आक्षेप कि इस पार्टी में आकर जघन्य पाप भी धुल जाते हैं, सही लगता है। आखिर इस राजनीतिक गंगा की भी दोष प्रक्षालन की कोई तो सीमा होगी? और यह भी ध्यातव्य है कि इस समय यह पार्टी अपनी लोकप्रियता के चरम बिन्दु पर है। और चरम बिन्दु के तदनंतर क्या होता है कहने की जरुरत नहीं।

कथित पार्टी की सफलता का मूल कारण केवल एक है-हिन्दू माईंड सेट को सेट कर लेना। उसके मन की बात को भांपना और तदनुसार रणनीतियां बनाना। राम जी तो सभी का बेड़ा पार करते हैं और इस पार्टी के यूसपी तो राम जी ही है। जन जन, जन मन में व्याप्त राम जी। राम जी राजनैतिक नैया पार कराने के भी शर्तियां माध्यम बन गए हैं। और राम नाम की इसी बहती गंगा में हाथ धोने कथित पार्टी में शामिल हो रहे हैं लोग, जो पापों को धो देने की गारंटी देती है। मगर जनता सब देख रही है। राम जी तो ठीक हैं मगर आखिर में काम, किया गया जमीनी काम ही आएगा। यह यूफोरिया, यह नशा हमेशा के लिए नहीं है। उत्कर्ष पर पहुंच कर संभलना बहुत मुश्किल होता है। तनिक भी संतुलन बिगड़ा बस सीधे नीचे।

यह संभलने का वक्त है। टिके रहने का वक्त है। अन्यथा जिस जनादेश ने अर्श तक पहुंचाया वही फर्श तक भी पहुंचाने का काम अंजाम देगी। समय रहते इस पार्टी के आलाकमान को चेतने का समय है।

-फेसबुक वॉल से

कुबेर का घमंड

कुबेर को घमंड हो गया था कि वो ब्रह्मांड में सबसे अमीर है। आप भी जानते हैं कि कुबेर रावण के सौतेले भाई थे। काम था लोगों के धन को अपने पास रखने का। तकनीकी भाषा में कहें तो वो खजांची थे। लेकिन उन्हें लगने लगा था कि उनके पास जो कुछ है, वो सब उन्हीं का है। वो रात-दिन लोगों को अपनी संपत्ति दिखलाते थे। जताते थे कि वो ब्रह्मांड में सबसे दिमागदार हैं, इसीलिए उनके पास इतनी संपत्ति है।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

एक बार रावण ने शिव से कुबेर की मुलाकात कराई। कुबेर के सिर पर दौलत की सनक देख शिव ने कहा कि तुम्हारे पाल इतनी दौलत है। लेकिन क्या फायदा? तुम अपने वैभव का प्रदर्शन ठीक से नहीं कर पा रहे हो। ऐसा करो कि तुम तीनों लोकों के देवताओं को अपने बसाए किसी नगर (लंका) में भव्य पार्टी दो। लोगों को दिखला दो कि तुम क्या हो। दौलत हो तो उसका प्रदर्शन भी होना चाहिए। कुबेर को बात भा गई। सही बात है, इतना है तो इसका प्रदर्शन तो बनता है। कुबेर ने पार्टी की तैयारी कर ली। तैयारी क्या करनी थी? उनके पास तो पूरा देश था सोने (गोल्ड) का। उन्होंने सभी को न्योता भेजा। शिव को भी न्योता भेजा।

शिव थोड़ा व्यस्त थे। वो खुद पार्टी में नहीं गए, लेकिन व्यवहार निभाने के लिए अपने पुत्र गणेश को उन्होंने भेज दिया। घर से कोई जाए, व्यवहार दे आए तो उपस्थिति दर्ज हो जाती है। गणेश तो गणेश थे। खाना परोसा गया। सभी देवता भोजन शुरू करते उससे पहले ही गणेश सारा भोजन चट कर गए। भोजन खत्म हो गया लेकिन गणेश का पेट भरा नहीं था। बाकी मेहमान अभी भूखे ही थे। गणेश ने कहा कि और खाना लाओ। कुबेर हतप्रभ। सारा खाना अकेले गणेश हजम कर गए? उन्होंने हाथ जोड़ दिए। कोई इतना खाता है क्या? सबके हिस्से का खाकर भी कह रहे हैं, और खिलाओ।

गणेश अभी भूखे थे। उन्होंने कहा कि खाना खत्म हो गया, इस बात से उनका कोई मतलब नहीं। उन्हें तो भूख लगी है, खाना चाहिए। और उन्होंने कुबेर को दौड़ा लिया।

आप कहानी में लॉजिक मत तलाशिएगा कि गणेश ने ऐसा कब कहा, कहां कहा? गणेश का क्रोध देख कर कुबेर जान बचा कर भागे। आगे-आगे कुबेर। पीछे-पीछे गणेश। भागते-भागते कुबेर हिमालय पहुंचे, शिव के पास। 'प्रभु रक्षा कीजिए। गणेश पूरा खाना खाने के बाद भी तुष्ट नहीं हुए हैं। अब मेरे पीछे पड़ गए हैं।' शिव मुस्कुराए। उन्होंने पार्वती की ओर देखा। पार्वती ने एक मोदक गणेश के मुंह में डाला। गणेश तुष्ट हो गए। शांत होकर बैठ गए। कुबेर हैरान थे। इतने पकवान खा कर जिसका उदर शांत नहीं हुआ था, मां के हाथों एक मोदक में शांत हो गया? वो शिव के चरणों पर लेट गए। 'प्रभु, ये क्या है?'

'ये मन है। जब मन संतुष्ट हो गया तो गणेश शांत हो गए। पेट भरना कुछ नहीं होता। महत्वपूर्ण है मन का भरना। जिसका मन तुष्ट वो संसार में सबसे अमीर। सुनो कुबेर, तुम सबसे अमीर नहीं हो। क्यों नहीं हो क्योंकि तुम्हारा मन तुष्ट नहीं है। और जिसे तुम अपना कहते हो, वो तुम्हारा है क्या?' कुबेर को अहसास हो गया था कि जिस दौलत का वो प्रदर्शन कर रहे थे, जिस पर इतरा रहे थे, वो असल में कुछ भी नहीं। असल में वो दौलत उनकी थी ही नहीं। दौलत किसी एक ही होती ही नहीं है।

खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है।

वो तब सबसे अधिक मजबूत होती है जब दुनिया उसे कमजोर करने की कोशिश करती है। वो भीड़ में कभी गुम नही होती और तन्हाई में भी आत्मविश्वासी बनी रहती है। पुरूषों को आकर्षित करने की बजाय वो खुद को फूल देती है। वो अपनी मनपसंद है। बुरा बर्ताव करने वालों को वो कतई बर्दाश्त नहीं करती और उनकी तरफ ध्यान भी नही देती जो उसे काबू करना चाहते हैं। वो एक लच्छेदार बालों वाले गोरे लड़के पर फिदा है और चुपके-चुपके उसे जी भर कर दुआ देती है। अपनी गल्तियों पर वो शर्मिंदा नहीं होती बल्कि उनको सीख की तरह इस्तेमाल करती है। पछताने का उसे वक्त नहीं मिलता। वो खुद को स्त्री होने का आदर देती है।



निधि नित्या
जबलपुर

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है। पहले से किसी रिश्ते में रह रहा पुरुष या विवाहित पुरुष किसी और स्त्री के पास इसलिए चला जाता है क्योंकि वो दूसरी स्त्री उसके ईगो को फीड करती है। ज़्यादातर पुरुष उस स्त्री के साथ रहना पसंद करते हैं जो उसके आधीन रहना सहजता से स्वीकार कर लेती है। ज़्यादातर पुरुष सक्षम और मज़बूत स्त्रियों के साथ रहना नहीं चाहते हैं। दूसरे शब्दों में कहूं तो पुरुष रिलेशनशिप में उस स्त्री को अधिक पसंद करता है जो मानसिक रूप से कमज़ोर होती है या जो पुरुष पर अपनी मेन्टल डिपेंडेंसी दिखाती रहती है।

इस बात को थोड़ा सा विश्लेषित करेंगे तो समझ आएगा कि जो पुरुष स्वयं मानसिक रूप से और वैचारिक रूप से कमज़ोर होते हैं वे ऐसी स्त्रियों को पसंद करते हैं जो उनको भगवान या तारनहार बने रहने का सुख देती है। इसके विपरीत समक्ष स्त्री उनकी पसंद तब होती है जब वो उनके ज़िम्मेदारी के बोझ को कम कर सकती हो। चाहे वो ज़िम्मेदारी परिवार, समाज या कमाई, कर्तव्य की हो। दोनों विपरीत बात और आंकलन हैं। ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव है जो लोगों से मिलने पर मिला।

एक नजर

लोगों को मिलेगी परिवार रजिस्टर की नकल

लोहाघाट : नगर पालिका लोहाघाट प्रशासन ने लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल जारी करने का निर्णय लिया है। ईओ पूरन सिंह बोहरा ने बताया कि युवाओं की मांग को देखते हुए पालिका प्रशासन ने परिवार रजिस्टर की नकल देने का निर्णय लिया है। 10 रुपये के बांड पेपर में उल्लखित आधार कार्ड संख्या, राशन कार्ड, भवन कर, जन्म तिथि, वोटर आइडी आदि प्रपत्रों के आधार पर परिवार रजिस्टर में नाम अंकित कर उसकी नकल दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जो लोग नगर में अस्थाई रूप से रह रहे हैं उन्हें नकल जारी नहीं होगी। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा ने बताया कि पालिका का कार्यकाल खत्म होने के बाद युवाओं को परिवार रजिस्टर की नकल बनाने में परेशानियां हो रही थीं। नवागंतुक ईओ ने समस्या का समाधान कर दिया है। अमर नाथ, दीपक राय, कविता खर्कवाल, भावना जोशी, कमला नाथ, लीलांबर गहतोड़ी, मनोज खर्कवाल, हेम राय, राजू बिष्ट, चंदन बिष्ट, मुन्ना उप्रेती ने इसके लिए भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, डीएम नवनीत पांडेय, प्रशासक रिंकू बिष्ट और ईओ पूरन सिंह का आभार जताया है।

बारिश से जीआईसी बिनोली की प्रयोगशाला क्षतिग्रस्त

छत की सुरक्षा दीवार ढही, जगह-जगह आई दरारें, छात्रों के लिए बना खतरा, आज एसडीएम से मिलेगा अभिभावकों का शिष्टमंडल

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बीते दिन हुई बारिश से भिकियासैंण तहसील के राजकीय इंटर कॉलेज बिनोली सटेड़ की विज्ञान प्रयोगशाला क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रयोगशाला के छत की सुरक्षा दीवार ढह गई है, जबकि कई जगह दरारें आई हैं। इससे प्रयोगात्मक कार्य करने वाले छात्रों के लिए जोखिम बन हुआ है। स्कूल प्रबंधन ने मामले की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी है।

राजकीय इंटर कॉलेज बिनोली सटेड़ में बिनोली, सटेड़, सनणा, पटियाचौरा, अफों, सिमड़ा, दिलीगांव समेत आसपास के तोकों के करीब डेढ़ सौ से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययन करते हैं। विद्यालय में विज्ञान विषय से शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के लिए वर्ष 2009 में एक प्रयोगशाला का निर्माण किया गया था। जिसमें इंटर कक्षाओं के बच्चे विज्ञान विषयों पर आधारित प्रयोगात्मक कार्य करते थे।

बारिश से क्षतिग्रस्त प्रयोगशाला की छत की सुरक्षा दीवार। ● अमृत विचार

अभिभावक संघ के अध्यक्ष महेश चंद्र उप्रेती ने बताया कि बीते दिन तेज बारिश और हवा से प्रयोगशाला की छत में बनी सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। जबकि छत में कई जगह दरारें भी आई हैं। इससे प्रयोगशाला भवन खतरे की जद में आ गया है। उप्रेती ने बताया कि छात्रों के हित को देखते हुए इसकी जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी भिकियासैंण और राजस्व पटवारी क्षेत्र बिनोली को दे दी है। सूचना मिलने के बाद राजस्व उपनिरीक्षक बिनोली ने मौका मुआयना किया। बताया कि मामले में अभिभावकों का एक शिष्टमंडल प्रयोगशाला के शीघ्र पुनर्निर्माण को लेकर बुधवार (आज) को एसडीएम भिकियासैंण से मुलाकात करेगा और उन्हें ज्ञापन सौंपेगा।

राजकीय अस्पताल के कोविड वार्ड में जलभराव, दस्तावेज भीगे

रानीखेत, अमृत विचार : रानीखेत स्थित गोविंद सिंह माहरा राजकीय अस्पताल के कोविड वार्ड में जलभराव हो गया है। जिससे वार्ड के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है। दो दिन पूर्व क्षेत्र में भारी बारिश हुई थी। जिससे राजकीय अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बने कोविड वार्ड में पानी भर गया। बारिश ने वार्ड के निर्माण की पोख खोल दी है। बता दें कि कुछ समय पूर्व अस्पताल की तीसरी मंजिल पर कोविड वार्ड का कार्य संपन्न हुआ था। जिसका शिलान्यास बड़े धूमधाम से किया गया था। वर्तमान में इस वार्ड में अस्पताल का एडमिन स्टाफ बैठ रहा था। बारिश में जलभराव होने से वार्ड में रखे कई जरूरी दस्तावेज भीगकर खराब हो गए हैं। इसका पता अस्पताल प्रशासन को तब चला जब कोविड वार्ड का स्टाफ यहां पहुंचा। वार्ड पूरा जलमग्न था। यहां रखा सोफा सहित सरकारी कागजात पूरी तरह से भीग चुके थे। जिसे स्टाफ ने किसी तरह दस्तावेजों को उठाकर सुरक्षित स्थान पर रखा। बताया जाता है कि जस समय कोविड वार्ड का निर्माण हो रहा था उस दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने इसके निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए विरोध किया था। जिस पर अस्पताल प्रशासन ने कार्यदायी संस्थान को नोटिस देकर आगाह किया था। लेकिन बारिश ने वार्ड निर्माण की पोल खोल दी। लोगों ने कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

कोविड वार्ड में पानी भरने के बाद दस्तावेजों को हटाता कर्मचारी। ● अमृत विचार

कर्मचारियों ने सांसद टम्टा से लगाई गुहार

अल्मोड़ा, अमृत विचार : वेतन और स्थाई पदों को स्वीकृत करने की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स और उपनल कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार मंगलवार को भी रहा। इस दौरान कर्मचारियों का एक शिष्टमंडल अल्मोड़ा पहुंचे सांसद अजय टम्टा से मिला और उन्हें अपनी समस्या बताई।

कर्मचारियों ने सांसद से कहा कि दो माह से वेतन न मिलने के कारण उनके सामने भुखमरी जैसे हालात पैदा हो गए हैं। उनका भविष्य भी सरकार के निर्णय से अंधकारमय हो गया है। कर्मचारियों ने सांसद से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर मांगों पर कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर सांसद टम्टा ने कर्मचारियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में सुशील, सूरज कुमार, मुकुल, सागर सिंह, विवेक लोहनी, पंकज टम्टा, रजत भारती, भरत, सुनीता, चंदन बोरा, लीला, रेखा कनवाल, भावना, नरेंद्र सिंह, महेंद्र कनवाल शामिल रहे।

दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: विकास खंड सल्ट में चल रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पुरुषोत्तम उपाध्याय राजकीय पॉलिटेक्निक सल्ट के सेवायोजना शिविर का पांचवें दिन का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह रावत ने किया।,

उन्होंने सेवायोजना के स्वयंसेवकों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी ईमानदारी से करने की बात कही। रावत ने कहा कि युवा हमारे देश की रीढ़ हैं। उनके ऊपर अपने भविष्य के साथ साथ समाज को मजबूत करने का जिम्मा भी है। आज समाज में तमाम तरह की बुराईयां व्याप्त हैं। जिनके कारण समाज लगातार दूषित होता जा रहा है। इसलिए युवाओं का जिम्मेदारी वह स्वयं के साथ समाज को भी मजबूत करें। कार्यक्रम प्रभारी शूरवीर सिंह ने चार दिनों में हुए क्रियाकलापों की जानकारी दी। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर अनीता कड़ाकोटी, गिरीश फुलोरिया, दिनेश नाथ गोस्वामी, स्वयंसेवक निकिता रावत, प्रदीप, सचिन नेगी, योगेश खुल्वे समेत अनेक शिविरार्थी मौजूद रहे।

सेवायोजना के स्वयंसेवियों को संबोधित करते पूर्व जिपं सदस्य नारायण रावत।

मेडिकल कॉलेज में सफेद दाग का इलाज हुआ शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : शरीर में सफेद दाग से परेशान मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में इसका इलाज शुरू हो गया है। जिससे मरीजों को बड़े शहरों का रूख नहीं करना पड़ेगा।

अल्मोड़ा निवासी 13 वर्षीय किशोर को सफेद दाग से संबंधित बीमारी थी। जिसका ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा के चिकित्सकों ने स्मेश ग्राफटिंग तकनीक से किया, जो सफल रहा। अल्मोड़ा में यह ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज में पहली बार किया गया। अभी तक इसके उपचार की सुविधा जिले के किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं थी। मेडिकल कॉलेज के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक त्यागी ने बताया कि बारह से साठ वर्ष की उम्र के बीच यह ऑपरेशन कभी भी किया जा सकता है। जिसके परिणाम 70 से 100 प्रतिशत तक हो सकते हैं। प्राइवेट संस्थानों में इस ऑपरेशन का खर्च 20 से 30 हजार रुपये आता है। मेडिकल कॉलेज में यह मामूली खर्च पर होगा।

18वीं सिटीजन लाइब्रेरी का शुभारंभ

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जिएं पहाड़ सिटीजन लाइब्रेरी की 18वीं लाईब्रेरी का शुभारंभ मंगलवार को डीएम नवनीत पांडे ने किया। उन्होंने लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों को परीक्षा से संबंधित टिप्स भी दिए। डीएम पांडे ने कहा कि जिएं पहाड़ सिटीजन लाइब्रेरी ने एक मुहीम चलाकर 18 से अधिक लाइब्रेरी खोली हैं, जो सराहनीय कार्य है। कहा कि ज्ञान एवं रोजगार को बढ़ाने में यह लाइब्रेरी मददगार होगी।

उन्होंने युवाओं से कहा कि नशे से दूर रहकर एक बेहतरीन भविष्य बनाएं, इसके लिए कड़ी मेहनत कर अपने मुकाम को हासिल करें, इसमें प्रशासन भी हरसंभव मदद करेगा। इस मौके पर एसडीएम आकाश जोशी, तहसीलदार जगदीश गिरी, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार, समिति जिला समन्वयक अनिल चौधरी पिंकी, शिवराज सिंह कठायत, रोहिताश अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, दलीप सिंह महर, अंजली चन्द, सुभाष अधिकारी, दीपक प्रसाद, बरखा निषाद, मानवी ठाकुर, सुमन, नेहा, सोनम, शहनाज खातून, सौरभ मौजूद रहे।

टनकपुर में लाइब्रेरी का फीता काटकर शुभारंभ करते डीएम नवनीत पांडेय।

प्राधिकरण मामले में स्थिति स्पष्ट करे सरकार: जोशी

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिला विकास प्राधिकरण का विरोध कर रही सर्वदलीय संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार से मामले में स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

मंगलवार को सर्वदलीय समिति के सदस्यों ने जिला मुख्यालय के गांधी पार्क में धरना दिया। इस दौरान समिति के संयोजक पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में प्राधिकरण को लागू कर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का काम किया। जबकि पर्वतीय क्षेत्रों की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए यहां प्राधिकरण लागू करना बिल्कुल व्यावाहारिक नहीं है। भाजपा के दो पूर्व मुख्यमंत्री जनता की भावना को समझकर प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा पूर्व में कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी वर्तमान धामी सरकार इस मामले में कोई ठोस निर्णय नहीं ले पा रही है। कहा कि जब तक सरकार प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त नहीं कर देगी, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। धरने में आनंद सिंह बगड़वाल, हेम चंद्र जोशी, चद्रंमणि भट्ट, मोहन चंद्र कांडपाल, लक्ष्मण मौजूद रहे।

मांगें न मानी तो होगा चुनाव का बहिष्कार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मांगों पर कार्रवाई न होने से नाराज उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। कहा कि अगर जल्द उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

मंगलवार को जिले भर के राज्य आंदोलनकारी गांधी पार्क में एकत्र हुए। जहां धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने कुछ समय पहले सभी राज्य आंदोलनकारियों को एक समान पेंशन दिए जाने व आश्रितों को पेंशन के दायरे में लिए जाने की घोषणा की थी। लेकिन यह घोषणा आज तक पूरी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि क्षैतिज आरक्षण का विधेयक तो विधानसभा में पारित कर दिया गया है। लेकिन यह लागू कब से होगा यह निर्धारित नहीं किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि राज्य आंदोलनकारी नौकरी की आयु सीमा से बाहर होते जा रहे हैं, लेकिन सरकार उनके प्रति गंभीर नहीं है। गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाना तो दूर सरकार ग्रीष्मकालीन राजधानी तक बनाने को तैयार नहीं है। सरकार एक ओर अपनी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीट रही है। जंगली जानवरों का आतंक, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए लोग दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान ब्रह्मानंद डालाकोटी, शिवराज बनौला, दौलत सिंह बगड़वाल, लक्ष्मण सिंह, रवींद्र सिंह, पान सिंह, गोपाल सिंह बनौला, दिनेश शर्मा, मोहन सिंह भैसोड़ा, जीवन सिंह, महेश पांडे, तारादत्त भट्ट, बहादुर राम, तारादत्त तिवारी, पूरन सिंह, कैलाश राम, कृष्ण चंद्र, गोविंद राम मौजूद रहे।

अल्मोड़ा गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन करते राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

दुग्ध उत्पादकों का जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन 10 को

अल्मोड़ा, अमृत विचार : विभिन्न मांगों पर कार्रवाई न होने से नाराज दुग्ध उत्पादकों ने सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उत्पादकों ने कहा है कि वह अपनी जायज मांगों के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनुसना कर रही है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दुग्ध विकास संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट ने कहा है कि वह लंबे समय से दुग्ध क्रय मूल्य में वृद्धि के साथ ही सचिवों का मानदेय बढ़ाए जाने, पशु आहार पर अनुदान बढ़ाए जाने समेत अनेक मांगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों पर कोई गौर नहीं कर रही है। बिष्ट ने कहा है कि पर्वतीय क्षेत्रों में अनेक परिवार दुग्ध उत्पादन कर अपनी आजीविका चलाते हैं, लेकिन इसके बाद भी सरकार दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिस कारण दुग्ध उत्पादकों में आक्रोश पनप रहा है। बिष्ट ने कहा है कि दुग्ध उत्पादकों ने अपनी उपेक्षा के विरोध में 10 मार्च को जिला मुख्यालय के गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। कहा कि इस कार्यक्रम में अल्मोड़ा के अलावा पिथौरागढ़ और नैनीताल जिले के दुग्ध सचिव व उत्पादक भी प्रतिभाग करेंगे। बिष्ट ने अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादकों और सचिवों से कार्यक्रम में भाग लेने की बात कही है।

वर्ग पहेली-1

बाएं से दाएं

1. एक पौधा जिसकी जड़ औषधि के काम आती है।
3. 1. विरक्ति, अरुचि, वैराग्य 2. चाह या अनुराग का अभाव।
4. 1. छोटी-छोटी बातों पर अप्रसन्न होना, जल्दी नाराज़ होना, रूठ जाना 2. चिढ़ना, झल्लाना 3. झुंझलाना।
6. हरियालीयुक्त, हरीतिमा की आभा से युक्त।
8. साठ वर्ष की उम्रवाला।
9. 1. माया जाल 2. सांसारिक आकर्षण, ममता।

ऊपर से नीचे

2. 1. झुरना 2. किसी का कमज़ोर हो जाना 3. सूखना।
3. विकल होने का भाव या अवस्था, अधीरता, बेचैनी, व्याकुलता।
5. 1. लेई जो न अधिक गाढ़ी और न अधिक पतली हो और जिसे चाटा जाए, चटनी, माजून 2. औषधि जिसे चाटा जाए।
6. हृष्टपुष्ट, ताकतवर, स्वस्थ, बलशाली।
7. भरण-पोषण करने वाला, पालक, पोषक।



वर्ग पहेली - 362 का हल

1 ख़ि		2 अ		3 सं
ल		नि		वि
4 क	ट	चा	य	धा
त		मि		न
	5 वि	त	र	क
6 पं	च	पि	ता	
त		न	7 झा	ल

सुडोकू -80

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6		1		9	2	5		
	4		7				1	
	3				8		6	
5			2			1		
	2						3	
		4			7			9
	5		6				4	
	9	7			5		2	
		8	1	7				5

सुडोकू - 79 का हल

8	3	6	9	5	1	4	7	2
1	9	5	2	4	7	3	6	8
2	7	4	8	3	6	9	1	5
5	2	7	3	6	9	8	4	1
6	1	3	5	8	4	7	2	9
4	8	9	1	7	2	6	5	3
9	4	8	7	1	5	2	3	6
3	6	1	4	2	8	5	9	7
7	5	2	6	9	3	1	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 06.30 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 14.52 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। जॉब में उच्च अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है।

वृष — आज आपकी रूखी बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवाद हीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

मिथुन — आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

कर्क — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशन्सा करेंगे।

सिंह — आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा।

कन्या — आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

तुला — आज काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे।

वृश्चिक — आज पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

धनु — आज घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुये हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे।

मकर — आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवान्छित यात्रायें करनी पड़ सकती है।

कुंभ — आज बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है।

मीन — आज परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- घातक — सुबह : 11.00
- जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY MAX
- आंख मिचौली — सुबह : 10.11
- दिल तो बच्चा है जी — शाम : 04.03

SONY PIX
- एनाकोंडा — सुबह : 11.48
- पैसिफ़िक रिम — दोपहर : 03.03

ZEE CINEMA
- फोन भूत — सुबह : 10.50
- बरसात — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- देवदास — सुबह : 08.53
- फोर्स 2 — रात : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...

पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।

उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?

जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..

साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं

जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

पहली बार शुरू हुई व्यवस्था, डीएम ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए जरूरी निर्देश

पूर्णागिरि मेले में एटीएम और नेटवर्किंग की सुविधा

संवाददाता, टनकपुर

टनकपुर तहसील सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते डीएम नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

अमृत विचार : आगामी 26 मार्च से शुरू होने जा रहे सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। सरकारी तौर पर मेला इस बार 15 जून यानि पूरे 82 दिन तक संचालित होगा। मेले में सुरक्षा के मद्देनजर प्रांतीय रक्षक दल और होमगार्डस के 50-50 जवान तैनात किए जाएंगे।

मंगलवार को टनकपुर तहसील सभागार में डीएम नवनीत पांडेय ने अधिकारियों के साथ मेले की तैयारियों को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि अधिकांश तैयारियां पूरी हो गई हैं और जो तैयारी रह गए हैं उन्हें हर हाल में एक सप्ताह में पूरा कर लें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति कुंभार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत इस बार पुलिस बल की अन्य जिलों से कम उपलब्धता होगी। इसके चलते होमगार्ड और पीआरडी से अधिक संख्या में जवान देने को कहा गया है। साथ ही मंदिर समिति के स्वयंसेवक भी सुरक्षा व्यवस्था में मदद करेंगे। मेले में पहली बार श्रद्धालुओं को एटीएम और मोबाइल नेटवर्किंग की सुविधा मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि एनएचपीसी सीएसआर से मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध कराएगा। जबकि स्वास्थ्य विभाग तीन एंबुलेंस के अलावा दिल के रोगियों को तत्काल मदद के लिए व्यवस्था करेगा। वहीं मेले में चलता-फिरता एटीएम के अलावा सचल मोबाइल नेटवर्किंग की व्यवस्था भी होगी। जबकि परिवहन निगम टनकपुर से ठुलीगाड़ तक मेले में अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार ठुलीगाड़ मेला क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक का एटीएम संचालित किया जाएगा। साथ ही नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत बूम घाट में मां गंगा आरती का भी आयोजन होगा।

मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने कहा कि समिति मेले की व्यवस्था में सभी तरह से सहयोग करेगी। बैठक में मेला मजिस्ट्रेट एसडीएम आकाश जोशी, मेला अधिकारी जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भगवत पाटनी, सीओ शिवराज सिंह राणा, एआरटीओ सुरेंद्र कुमार, परिवहन निगम के जीएम पवन मेहरा, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शिवराज सिंह कठाय, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नीरज पांडे, हरीश चन्द्र तिवारी, जगदीश तिवारी, भैरव पांडे सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

40 भोजन माताओं को दिया प्रशिक्षण

हल्द्वानी, अमृत विचार : सीआरसी नगर जेल रोड क्षेत्र में मंगलवार को भोजन माताओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें हल्द्वानी ब्लॉक के 40 विद्यालयों की 40 भोजन माताओं ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड की ओर से तैयार मॉड्यूल भोजन माता प्रशिक्षण संदर्शिका के आधार पर दिया गया।

प्रशिक्षण में पंतनगर गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से तैयार सूक्ष्म पोषक तत्वों से परिपूर्ण पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन बनाने की विधियों की जानकारी भी दी गई। इस दौरान भावना कांडपाल, मुकुल चंद्र, कांता देवी, दीपा, साधना, नीमा, मनीशा, भावना, कमरू निशा जुबेदा, सुनीता, लक्ष्मी, मंजू, हरीश बिष्ट आदि ने प्रतिभाग किया।

सार-संक्षेप

प्रतिभागियों को जानकारी देतीं प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा। ● अमृत विचार

देवभूमि उद्यमिता योजना कार्यक्रम शुरू

बनबसा : राजकीय महाविद्यालय बनबसा में मंगलवार से देवभूमि उद्यमिता योजना कार्यक्रम शुरू हो गया है। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा ने किया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर उद्यमी आशीष गर्ग ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रतिभागी स्वरोजगार, कुटीर उद्योग, स्टार्टअप की शुरुआत कर सकते है। उन्होंने प्रतिभागियों से स्थानीय उतपादों का निर्माण और उसके प्रचार-प्रसार की बात कही। इस मौके पर प्राध्यापक डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. शशि प्रकाश सिंह, डॉ. भूप नारायण दीक्षित, हेम कुमार गहतोड़ी, अमर सिंह, विनोद चंद, त्रिलोक चंद्र कांडपाल मौजूद रहे।

भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों को चिन्हित करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

भिक्षावृत्ति करने वाले दस बच्चे चिन्हित किए

बनबसा : एएचटीयू टीम ने ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत बनबसा-टनकपुर में भिक्षावृत्ति करने वाले 10 बच्चों को चिन्हित किया है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी सुरेन्द्र सिंह खड़ायत के नेतृत्व में टीम ने बनबसा क्षेत्र के चूना भट्टा वार्ड 5 तथा थाना टनकपुर क्षेत्र के खच्चर पड़ाव वार्ड 4 में ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया। इस दौरान शिक्षा से वंचित 10 बच्चों को चिन्हित किया गया। खड़ायत ने बताया कि चिन्हित बच्चों को दूसरे चरण में शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ते हुए विद्यालय में दाखिला दिलाया जायेगा।

दुष्कर्म का प्रयास करने वाला आरोपी फरार

बनबसा : बनबसा में नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर दबिश दे रही है। विगत दिनों एक महिला ने थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति पर उसकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने ग्राम देवीपुरा निवासी हीरा चंद के खिलाफ पाक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि आरोपी फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आईएचएम रामनगर में शुरू होंगे स्नातक में प्रवेश

रामनगर : नेशनल कॉउंसिल ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (एनसीएचएमसीटी) से संबद्धता के बाद आईएचएम रामनगर में भी इस सत्र से प्रवेश शुरू हो जाएंगे। प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आईएचएम के देशभर के कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च है। 11 मई को ऑनलाइन परीक्षा होगी। तीन वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की वेबसाइट (https://exams.nta.ac.in/nchm/) पर जाकर आवेदन पत्र भर सकते हैं। किसी भी स्ट्रीम से 12वीं पास करने वाले विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

एक नजर

टनकपुर से देहरादून के लिए रेल सेवा 9 मार्च से

टनकपुर : टनकपुर, बनबसा, चंपावत व पिथौरागढ़ क्षेत्र के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। टनकपुर से 9 मार्च से देहरादून के लिए रेल सेवा शुरू होने जा रही है। यह नई एक्सप्रेस रेल संख्या 15020 और 15019 टनकपुर से प्रत्येक शनिवार को देहरादून के लिए और देहरादून से प्रत्येक रविवार को टनकपुर के लिए प्रस्थान करेगी। रेल सेवा टनकपुर से शनिवार को शाम 7:40 पर देहरादून के लिए रवाना होगी, जो देहरादून रविवार को सुबह 4 बजे पहुंचेगी। वहीं रविवार को देहरादून से अपराह्न 3:15 बजे टनकपुर के लिए प्रस्थान करेगी जो अगले दिन सुबह 7:35 बजे टनकपुर पहुंचेगी। जानकारी देते हुए इज्जतनगर रेलवे मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि टनकपुर से यह रेल सेवा देहरादून के लिए 9 मार्च से शुरू होने जा रही है। यह रेल टनकपुर, बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, रामगंगा ब्रिज, चंदौसी, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, हरिद्वार से होते हुए देहरादून को पहुंचेगी।

कोर कमेटी बूथ स्तर तक तैयार करे चुनावी रणनीति

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभारी सुरेश भट्ट ने चुनाव प्रबंधन समिति सदस्यों व कार्यकर्ताओं के साथ की बैठकें

कोर कमेटी की बैठक को संबोधित करते लोकसभा प्रभारी सुरेश भट्ट। ● अमृत विचार

बैठक में मौजूद चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा के बाद भाजपा चुनावी तैयारियों को धार देने में जुट गई है। मंगलवार को चुनावी रणनीति पर मंथन के लिए लोकसभा प्रभारी की मौजूदगी में तीन मैराथन बैठकें हुई। जिसमें कोर कमेटी के सदस्यों को बूथ स्तर तक चुनावी रणनीति तैयार करने, विधानसभाओं में प्रबंधन समितियों का गठन करने और 400 पार का आंकड़ा पाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कमर कस लेने की बात कही गई।

लोकसभा प्रभारी व राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने चुनाव कार्यालय में क्षेत्र के कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2014 के चुनावों में इस सीट से 53 प्रतिशत व 2019 के चुनावों में 64 प्रतिशत मत हासिल कर विजय पताका फहराई थी। लेकिन 2024 के चुनावों में कोर कमेटी को 75 प्रतिशत मतों से इस सीट को जीतने का संकल्प लेना होगा। इसलिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को एक्टिव कर चुनावी रणनीति तैयार की जाए। लोकसभा के अंतर्गत आने वाली 14 विधानसभाओं के संयोजकों और प्रभारियों को दो दिनों के अंदर सभी विधानसभाओं में कोर कमेटी व प्रबंधन समिति बनाने के निर्देश दिए। चुनाव कार्यालय खोले जाने और पन्ना प्रमुखों को सक्रिय करने की नसीहत भी दी।

भट्ट ने तीसरी बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों व 34 विभागों के दायित्व संभाल रहे कार्यकर्ताओं से अलर्ट मोड पर रहने और जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के चार सौ पार के नारे को पूरा करने के लिए अल्मोड़ा लोकसभा सीट को रिकार्ड मतों से जीतकर प्रधानमंत्री मोदी की झोली में डालने का संकल्प अभी से कार्यकर्ता ले लें।

बैठक के दौरान प्रत्याशी अजय टम्टा ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया और चुनावी रणनीति में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। बैठकों चुनाव सह प्रभारी दीपक मेहरा, लोकसभा संयोजक शिव सिंह बिष्ट, क्लस्टर के सह प्रभारी प्रदीप बिष्ट, कैबिनेट मंत्री व सोमेश्वर विधायक रेखा आर्य, डीडीहाट के विधायक बिशन सिंह चुफाल, कपकोट के विधायक सुरेश गढ़िया, बागेश्वर की विधायक पार्वती दास, पूर्व विधायक महेश नेगी, पूरन फर्तियाल, कैलाश शर्मा, मीना गंगोला, हेमा जोशी सहित संगठनात्मक जिलों के जिलाध्यक्ष सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मतदान केन्द्रों पर रखें पैनी नजर

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए नियुक्त जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट को एक दिवसीय सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों, नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी देने के अलावा उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया।

सीडीओ आरसी तिवारी ने मजिस्ट्रेट को मतदान से पूर्व अपने-अपने क्षेत्रों का स्थलीय भ्रमण कर मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, फर्नीचर, मतदाता सूची, संचार आदि सुविधाओं की पूरी जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। मतदेय स्थलों पर मोबाइल नेटवर्क सुविधा, पहुंच मार्ग एवं सुगम रास्तों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने आपसी समन्वय से मतदेय स्थलों का अच्छी तरह से निरीक्षण कर मतदेय स्थलों के निकट स्वास्थ्य एवं अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी प्रकार की घटना पर पूर्ण निगरानी रखें और तत्काल इसकी सूचना दें। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण व मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन ने नियुक्त सभी मजिस्ट्रेटों को अपने क्षेत्रों में मतदान से पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद मजिस्ट्रेट के कर्तव्य एवं दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण देते हुए उनकी शंकाओं को मौके पर समाधान किया गया। इस दौरान परियोजना निदेशक शिल्पी पंत समेत सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी आठ को जनपद में

बागेश्वर, अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम दो दिवसीय जनपद दौरे पर आ रहें है। वह आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा व पोलिंग बूथों का निरीक्षण करेंगे। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी 8 मार्च को सुबह 9 बजे ग्वालदम चमोली से प्रस्थान कर बागेश्वर पहुंचेंगे। करीब 11 बजे से 1 बजे तक जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा व पोलिंग बूथों का निरीक्षण करेंगे। अपराह्न 1.30 बजे बागेश्वर से बिन्सर अल्मोड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे। 9 मार्च को सुबह 10 बजे बिन्सर अल्मोड़ा से प्रस्थान कर 12 बजे कौसानी पहुंचकर पोलिंग बूथों का निरीक्षण करेंगे। 10 मार्च को सुबह 9 बजे कौसानी से कर्णप्रयाग के लिए प्रस्थान करेंगे।

आहार व व्यवहार पर बौद्धिक सत्र आयोजित

चंपावत, अमृत विचार : विवेकानंद विद्या मंदिर जूप चंपावत में एकल अभियान अंचल के बौद्धिक सत्र में शिक्षक सामश्रवा आर्य ने आचार्य बहनों को आहार एवं व्यवहार विषय पर सम्बोधित किया।

अभियान प्रमुख ट्विंकल व कार्यालय प्रमुख उमेश भट्ट के संचालन में हुए सत्र में शिक्षक आर्य ने कहा कि आज बढ़ते अनाचार, दुराचार, बुराइयों व बुरी संगति की वजह हमारी विकृत आहार व व्यवहार शैली है। इसलिए 'आहार' और 'व्यवहार' आदर्श होना चाहिए। इस अवसर पर सोनी, लक्ष्मी, नेहा, प्रियंका, शिवानी, सुनीता, विनीता, कविता, अनीता, बबीता, अंकिता, राखी, सिमरन, सपना, रजनी, सुमन व पायल ने संकल्प पत्र भर शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख बाराकोट विनीता फर्त्याल, चंपावत रेखा देवी, शंकर दत्त पांडेय, मोहन जोशी, भुवन चंद्र पांडेय, भावना सेठी, अनीता, ममता आदि रहे।

चुनाव में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

संवाददाता, अल्मोड़ा

बैठक

▸▸ **जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए नोडल अधिकारियों को निर्देश**

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव को सफल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने नोडल और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की नवीन कलक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी।

उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को संवेदनशील होकर कार्यों को संपादित करने के निर्देश दिए। कहा कि यदि किसी अधिकारी की लापरवाही या आदर्श आचार संहिता का पालन न करने की गतिविधि सामने आई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को सभी पोलिंग बूथों की जांच कर करने निर्देश दिए। साथ ही सभी कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को आचार संहिता के दौरान नियमों के अनुसार की कार्य करने को कहा। इस दौरान अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी विनोद शर्मा ने आचार संहिता लागू होते ही किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, एडीएम सीएस मर्तोलिया, सीएमओ डॉ. आरसी पंत, संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत वरुणा अग्रवाल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे-मुन्ने बच्चे। ● अमृत विचार

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने कार्यक्रमों से मोहा मन

लोहाघाट : डॉ. लीलाधर भट्ट सरस्वती शिशु मंदिर कर्णकरायत का वार्षिकोत्सव समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय ने विद्या भारती के संचालित विद्यालय को राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का केंद्र बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित व शारदा वंदना के साथ हुआ। विशिष्ट अतिथि भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड के उपाध्यक्ष कृष्णा नन्द चौबे एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेंद्र ढेक ने विद्या भारती के तपस्वी एवं कर्मयोगी शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं ढेक ने विद्यालय को आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। व्यवस्थापक नरेश करायत की अध्यक्षता, बहिन महक ढेक एवं आचार्य राकेश के संचालन में हुए समारोह में प्रधानाचार्य गिरीश जोशी ने मुख्य अतिथि समेत सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर विनोद ढेक, राजू फर्त्याल, राजू गड़कोटी, ग्राम प्रधान आरती देवी, तुलसी ओली, सूरज कुमार, शेखर मुरारी, गुणानन्द पांडे, नेहा, ममता धौनी आदि मौजूद रहे।

सतर्कता अल्मोड़ा, टनकपुर और बनबसा में लोगों को किया मतदान के लिए जागरूक, शांति बनाए रखने की अपील

पुलिस और एसएसबी जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

संवाददाता, अल्मोड़ा

अल्मोड़ा में फ्लैग मार्च करते पुलिस और एसएसबी के जवान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने और मतदाताओं को सुरक्षा के लिहाज से आश्वस्त करने के उद्देश्य से मंगलवार को अल्मोड़ा पुलिस और एसएसबी के जवानों ने जिला मुख्यालय समेत अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, शांति व कानून व्यवस्था को भंग करने व उपद्रवी और अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कोतवाली पुलिस और एसएसबी के जवानों ने नगर के थाना बाजार, कचहरी बाजार, लाला बाजार, मिलन चौक, शिखर तिराहे होते हुए माल रोड, टैक्सी स्टेंड, केमू स्टेशन, चौघानपाटा होते हुए जीआर गेट तक फ्लैग मार्च किया।

एसएसपी पींचा ने बताया कि थाना सोमेश्वर क्षेत्र में एसएसबी ने सोमेश्वर बाजार, चनौदा, लोद बाजार में फ्लैग मार्च कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

वहीं, टनकपुर में भी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सोमवार को सीओ शिवराज सिंह राणा और कोतवाल चन्द्र मोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च शिवालिक चौराहा, तुलसी चौराहा, राजाराम चौराहा, चड्डा तिराहा, रोडवेज स्टेशन, पीलीभीत चुंगी व पिथौरागढ़ चुंगी आदि स्थानों तक निकाला गया। इस दौरान लोगों से आदर्श आचार संहिता व धारा 144 सीआरपीसी का पालन करने, कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाये रखने, भय रहित मतदान करने के साथ मादक पदार्थों के वितरण संबंधी सूचना तत्काल मजिस्ट्रेट व पुलिस को देने की अपील की गई।

इधर, बनबसा में भी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च निकाला। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण के नेतृत्व में जवानों ने मुख्य बाजार, पाटनी तिराहे, चंद मार्केट, मीना बाजार आदि स्थानों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान एसएसबी के निरीक्षक धर्मफूल, एसआई जितेन्द्र बिष्ट, विनोद चौहान, जगदीश कन्याल सहित पुलिस और एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

टम्टा के स्वागत में निकाली बाइक रैली

संवाददाता, अल्मोड़ा

अल्मोड़ा में कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते सांसद अजय टम्टा।

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में तीसरी बार प्रत्याशी बने सांसद अजय टम्टा का अल्मोड़ा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। उन्होंने क्वारब से अल्मोड़ा तक बाइक रैली निकाली और जमकर आतिशबाजी की।

मंगलवार को अजय टम्टा टिकट मिलने के बाद पहली बार अल्मोड़ा पहुंचे। जहां कार्यकर्ता उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। कार्यकर्ता टम्टा के स्वागत के लिए वाहनों के काफिले के साथ क्वारब पहुंचे थे। जहां से उन्हें अल्मोड़ा नगर तक लाया गया। इस दौरान टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को सच करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा-ऊपिथौरागढ़ लोकसभा क्षेत्र की जनता इस बार भी भाजपा को रिकार्ड मतों से जिताने के लिए संकल्पबद्ध है। जनता के इसी भरोसे से कार्यकर्ता भाजपा के 400 पार के नारे को साकार कर दिखाएंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, विधायक सुरेश गढ़िया, मोहन सिंह मेहरा, महेश जीना, मनीष जोशी, गोविंद पिलख्वाल, राजेंद्र रावत, रवि रौतेला, ललित लटवाल, रंजीत भंडारी, धर्मेंद्र बिष्ट, ललित मोहन दोसाद, राजेंद्र बिष्ट, मनोज वर्मा, कैलाश गुरुरानी, संजय डालाकोटी, महेश बिष्ट, देवाशीष नेगी, लीला बोरा, विमला रावत, अजय वर्मा, प्रताप कनवाल, हिमाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

नगर पंचायत पुरोला बनी नगर पालिका परिषद

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की घोषणा, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : नगर पंचायत पुरोला अब नगर पालिका परिषद बनेगी। लाभार्थी सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की।

बड़कोट (उत्तरकाशी) के रामलीला मैदान में लाभार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इस दौरान लाभार्थियों को सामग्री व चेक भी प्रदान किए गए। केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पीएम ड्रोन दीदी योजना में वीरांगना कृषि उत्पादन संगठन जखोल को खेती बागवानी के काम में आने वाले ड्रोन केन्द्र के संचालन हेतु दस लाख रूपये दिए। सीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत फार्म मशीनरी बैंक के लिए समूहों को कृषि यंत्र। लखपति दीदी योजना, ईजा-बोई शगुन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को देय अनुदान व योजना राशि के चेक वितरित किए एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की अनेक लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान की गई।

रामलीला मैदान में बुजुर्ग महिला का अभिवादन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि उत्तरकाशी, बड़कोट एवं रंवाई क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का समाधान हमारी सरकार प्राथमिकता से करेगी। जनप्रतिनिधियों द्वारा दी गई विभिन्न विकास योजनाओं पर भी जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बड़कोट हेतु पेयजल योजना पर जल्द कार्य किए जाने की बात कही। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विश्व में भारत का मान सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है, भारत विश्व में एक नई ताकत बनकर उभरा है। उन्होंने कहा आज भारत का प्रत्येक व्यक्ति विकास का लाभार्थी है। बाबा बौखनाथ की कृपा से हाल ही में हमने सिलक्यारा रेस्क्यू टनल ऑपरेशन में फतह हासिल की थी। ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट-2023 के तहत अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिंग हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का संचालन धरातल पर देखने को मिलता है। आज पात्र लाभार्थियों को ही संबंधित योजना का लाभ मिल रहा है। भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार हुआ है। युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। विभिन्न रोजगार मेलों का आयोजन कर रोजगार देने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश सरकार द्वारा विकास, सुशासन, रोजगार तथा उत्तराखंड की विशिष्ट संस्कृति को बचाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में निरंतर तीर्थस्थलों पुनर्निर्माण का कार्य जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उन्हीं के नेतृत्व में केदारनाथ बद्रीनाथ का भव्य निर्माण कार्य जारी है। ऑल वेदर रोड के माध्यम से चारधाम यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने का कार्य हुआ है। राज्य सरकार ने कड़ा नकल विरोधी कानून लाकर नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने का काम किया है। उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता विधेयक पास किया है। हमने कैबिनेट की बैठक में एक विशेष क्लेम ट्रिब्यूनल के गठन की मंजूरी दी है, इस ट्रिब्यूनल का काम दंगाइयों से सरकारी नुकसान की भरपाई करवाना है। वहीं धर्मांतरण कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बचाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार प्रधानमंत्री के प्रेरक मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, निःशुल्क खाद्यान्न, निःशुल्क इलाज, किसानों के विकास, गरीबों के आवास, सीमाओं की सुरक्षा, प्रत्येक नागरिक को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन देने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नतृत्व में लखपति दीदी योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, किसान सम्मन निधि, 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का मुफ्त में इलाज देने का कार्य किया है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष सतेंद्र राणा, विधायक दुर्गेश्वर लाल, विधायक सुरेश चौहान, विधायक संजय डोभाल, आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिल्ला, बागवानी विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजकुमार, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, मीडिया प्रभारी भाजपा मनवीर चौहान, जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रवासी उत्तराखंडी विदेशों में हमारे ब्रांड एम्बेसडर: धामी

ब्यूरो, देहरादून

वर्चुअल संवाद

- प्रवासियों की सुविधा के लिए राज्य में गठित होगा प्रवासी उत्तराखंड बोर्ड
- मुख्यमंत्री ने प्रवासियों से की किसी दुर्गम क्षेत्र के गांव को गोद लेने की अपील

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रवासी उत्तराखण्डियों को विदेशों में उत्तराखण्ड का ब्रांड एम्बेसडर बताया। कहा, कि प्रवासी उत्तराखण्ड वासियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं बौद्धिक क्षमता से उत्तराखण्ड के बाहर देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने प्रवासी उत्तराखंडवासियों से अपील की कि वे अपनी जन्म भूमि के किसी दुर्गम क्षेत्र के गांव को गोद लेकर उसके समग्र विकास में सहयोगी बनें। इसमें राज्य सरकार भी सहयोगी रहेगी।

मुख्यमंत्री मंगलवार को सचिवालय में प्रवासी उत्तराखंडियों से वर्चुअल संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवासी उत्तराखण्डवासियों के सहयोग एवं सहायता के लिये पूर्व में प्रवासी सेल बनाया गया था। इसे और अधिक सुविधा युक्त बनाए जाने के लिए प्रवासी उत्तराखण्ड बोर्ड का भी गठन किया जाएगा। साथ ही प्रवासी भारतीय दिवस की भांति राज्य में देश व विदेशों में रहने वाले प्रवासियों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, ताकि उनके विचार एवं सुझावों पर चिन्तन एवं मनन किया जा सके। इस मंथन से निकलने वाला अमृत निश्चित रूप से देश व प्रदेश के विकास में फलीभूत होगा। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, अमेरिका, जापान, ब्रिटेन, फ्रांस सहित 12 देशों में रह रहे 22 प्रवासी उत्तराखण्डियों के विचार व सुझाव जाने। इस दौरान आस्ट्रेलिया से सुरेन्द्र सिंह रावत, न्यूजीलेण्ड से जोत सिंह बिष्ट, चीन से देव रतूड़ी, अमेरिका से शैलेश उप्रेती, जापान से इंदिरा भट्ट, यू.के. से मनीष जुगराण, थाइलैंड से चन्द्र शेखर सिलोड़ी, सिंगापुर से सुनील थपलियाल, फ्रांस से उत्तम रावत, ओमान से राकेश बेलवान ने संवाद किया। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी प्रवासियों का अलग-अलग टाइम जोन में रहते हुए संवाद से जुड़ने के लिए धन्यवाद दिया।

कांग्रेस ने भाजपा और संघ का डर दिखाकर की राजनीति

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कांग्रेस ने हमेशा मुसलमान को भाजपा और संघ का डर दिखाकर अपनी राजनीति की है। उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून काशमी कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इस देश में जितने शहर नहीं उससे ज्यादा दंगे कांग्रेस ने कराए हैं।

मुफ्ती शमून।

भवानीगंज स्थित पंचवटी कॉलोनी में अपने परिचित वसीम अहमद के घर में मीडिया से मुख़ातिब उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून काशमी ने भाजपा और संघ की भी जमकर तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्र, संस्कृति वायु और पर्यावरण की बात करने वाली भाजपा और आरएसएस कभी मुसलमानों की खिलाफ नही हो सकती हैं। उन्होंने संघ और मुसलमान के बीच दूरी बनाने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया हैं। बनभूलपुरा की घटना पर शमून काशमी ने कहा कि यह सोचने का विषय है जिन हाथों में किताबे होनी थी, उन हाथों में पत्थर कहां से आए। प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों पर हमला करना गलत है।

गोरिया फॉर्म में होगा समागम का आयोजन

काशीपुर, अमृत विचार: चैती स्थित गोरिया फॉर्म में तीन दिवसीय समागम का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

चैती स्थित गोराया फॉर्म में बाबा गुरूपदेश जी उदासीन ने प्रेसवार्ता में बताया कि वर्ष 2024 में खालसा पंथ की स्थापना को 325 साल पूरे हुए हैं। जिसको लेकर समागम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वर्ण मंदिर से अकाल तख्त के जत्थेदार के अलावा अन्य संत बाबा शामिल होंगे। जो की खालसा फौज की स्थापना के बारे में बताएंगे। यह समागम 17, 18, 19 मार्च को आयोजित किया जाएगा। जिसमें यूपी उत्तराखंड के सिख समाज के लोग शामिल होंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री व राज्यपाल को भी समागम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

46 महाविद्यालयों को 5.30 करोड़ से मिलेंगे लैब उपकरण

संवाददाता, हल्द्वानी

सुविधा

- कुमाऊं के 16 व गढ़वाल मंडल के 30 कॉलेजों को मिलेगा लाभ
- उच्च शिक्षा विभाग से बजट को मिली वित्तीय मंजूरी

अमृत विचार: राजकीय महाविद्यालयों में प्रयोगशालाओं के लिए उपकरण आदि खरीदने के लिए उच्च शिक्षा विभाग से 5.30 करोड़ रुपये के बजट को वित्तीय मंजूरी मिली है। प्रदेश के 46 महाविद्यालयों को पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के अंतर्गत यह लाभ मिला है। 5.30 करोड़ की धनराशि से कुमाऊं मंडल के 16 और गढ़वाल के 30 महाविद्यालयों में संचालित लैब के लिए नए उपकरण खरीदे जाएंगे। उच्च शिक्षा उपनिदेशक आरएस भाकुनी ने बताया कि निदेशालय स्तर से बजट आवंटित कर दिया है।

अब सभी डिग्री कॉलेज अपने स्तर से बजट खर्च करेंगे। वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले सभी कॉलेज अपनी लैब के लिए उपकरण और इससे संबंधित सामान खरीदेंगे। इस संबंध में उत्तराखंड शासन के अपर सचिव डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर उच्च शिक्षा निदेशक को पत्र भेजा है।

एमबीपीजी में 8 करोड़ से तैयार हो रहा योगा भवन

एमबीपीजी कॉलेज में 8 करोड़ रुपये से योगा भवन तैयार हो रहा है। भवन का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। आचार संहिता से पहले काम पूरा होने पर इसका लोकार्पण किया जा सकता है। भवन में योगा के साथ ही अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र विभाग की कक्षाएं चलाई जाएंगी। एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य एनएस बनकोटी ने बताया कि भवन का काम पूरा होने की कगार पर है। उन्होंने बताया कि योगा भवन बनने से विद्यार्थियों को काफी सुविधा मिलेगा। इधर, लोकसभा चुनावों को लेकर कस्तूरबा भवन और कॉमर्स विभाग के भवन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां चलने वाली कक्षाओं को ऑनलाइन चलाया जा रहा है।

महाविद्यालय का नाम	धनराशि (लाख में)
1.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत	14
2.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर	12
3.राजकीय महाविद्यालय जैंती	12
4.राजकीय महाविद्यालय कपकोट	10
5.राजकीय महाविद्यालय गरूण	10
6.कांडा	12
7.राजकीय महाविद्यालय देवीधुरा	12
8.राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी	10
9.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग	12
10.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुनस्यारी	8
11.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर	12
12.राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़	8
13.राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग	12
14.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़	12
15.राजकीय महाविद्यालय सितारगंज	12

नोट : इस सूची में उपरोक्त कॉलेज समेत स्नातक व स्नातकोत्तर के कुल 46 कॉलेज शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश

सार-संक्षेप

बाइकों की भिड़ंत में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत

बुरावली (अमरोहा) : हसनपुर-रहरा मार्ग पर सोमवार रात दो बाइकों की आमने-सामने भिंड़त में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत में दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान दोनों गंभीर घायलों ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में पिता-पुत्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव रहरई निवासी अरुण (30 वर्ष) अपने दोस्त गांव के ही संजय और सुनील के साथ बाइक पर सवार होकर शादी में शामिल होने अमरोहा जा रहा था। दूसरी बाइक पर रहरा थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी 55 वर्षीय राजपाल अपने बेटे प्रवीन (23 वर्ष) के साथ गंगानगर गांव में शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे। रहरा में बिजली घर के निकट दोनों बाइकों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इसमें अरुण की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद इलाज के दौरान राजपाल और प्रवीन ने भी दम तोड़ दिया। राजपाल गांव में ही परचून की दुकान चलाता था, जबकि प्रवीन मजदूरी करता था।

शत्रु संपत्ति मामले में गवाह नहीं आने से सुनवाई टली

रामपुर : एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में शत्रु संपत्ति के मामले में मंगलवार को गवाह नहीं आने से सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 13 मार्च को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला है। यह मामला सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अल्लामा जमीर रिजवी ने अजीमनगर थाने में दर्ज कराया था। इसमें शत्रु संपत्ति को जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने का आरोप है। जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन जौहर ट्रस्ट करता है। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया था। पिछली तारीख पर 14 आरोपियों पर कोर्ट ने आरोप तय कर दिए थे। मामले में मंगलवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई।

थानाध्यक्ष के विरुद्ध गैर जमानती वारंट

मुरादाबाद : अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-पांच दानवीर सिंह ने 23 साल पुराने मामले में मूंढापांडे थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक गोवर्धन लाल वर्मा के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। अभियोजन पक्ष को अगली सुनवाई पर साक्षी प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर दिया है। न्यायालय ने अपने पारित आदेश में कहा है कि पत्रावली वर्ष 2000 से लंबित है। साक्षी (गोवर्धन लाल वर्मा) उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अगली नियत तिथि 29 मार्च पर साक्षी उपस्थित नहीं हुए तो अभियोजन के साक्ष्य का अवसर समाप्त कर दिया जाएगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि लंबित मामले में वादी पक्ष के न्यायालय में न आने के कारण बार-बार एसएसपी व डीएम को पत्र लिखना पड़ रहा है। वादी के लगातार गैर हाजिर रहने पर न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

चचिया ससुर ने किया दुष्कर्म, पति ने दिया तीन तलाक

बरेली : बारादरी क्षेत्र निवासी महिला ने चचिया ससुर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध पर पति ने दूसरी शादी कर के फोन पर तीन तलाक दे दिया। महिला ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने मामले में जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। महिला के मुताबिक मई 2023 में उसकी शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही उसे दहेज न लाने के ताने दिए जाने लगे। आरोप है कि एक महीने पहले उसके पति बाहर गए थे। उस दौरान चचिया ससुर ने उसे घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने मायके में आकर इसकी जानकारी दी। उसने पति को बताकर विरोध किया तो तीन मार्च को पति, चचिया ससुर समेत चार अज्ञात लोगों ने घर में घुस कर मारपीट की। पति ने इस दौरान फोन पर उसे तीन तलाक दे दिया।

हत्या मामले में पिता-पुत्र समेत चार पर केस दर्ज

संवाददाता, मसवासी (रामपुर)

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव रहमतगंज में पारिवारिक विवाद निपटाने गए सीआरपीएफ के जवान की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक के पिता ने पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव रहमतगंज में सोमवार दोपहर बाद हरस्वरूप और उसके पुत्रों में विवाद हो रहा था। मामला दूर की रिश्तेदारी का होने के कारण सीआरपीएफ के जवान धर्मेंद्र यादव उर्फ भूरा पुत्र जोगेंद्र सिंह यादव विवाद को निपटने के लिए उनके मकान पर पहुंचा। आरोप है कि विवाद को छोड़ पिता-पुत्रों ने सीआरपीएफ के जवान की बंदूक से गोली मारकर हत्या की। उस टूटी हुई बंदूक को भी पुलिस ने घर के आंगन से बरामद कर लिया था। गोली मारने से पहले सीआरपीएफ के जवान को लाइसेंसी बंदूक की बटों से भी पीटा गया था। मंगलवार को जैसे ही उसका शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। पिता जोगिंदर सिंह और जवान की मां, भाई बहन रो-रोते बेहाल हो गए। पुलिस ने जोगिंदर सिंह यादव की तहरीर पर हरस्वरूप और उनके पुत्र रामकुमार कृष्ण कुमार, राजेश कुमार, ललित कुमार को नामजद कर धारा 34, 323, 504, 506, 307 और 302 के तहत ममाला दर्ज किया है। चौकी इंचार्ज रोहित कुमार ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दी गई है, लेकिन अभी आरोपी फरार हैं। मृतक का अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ पट्टीकला के कोसी पुल श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान पुलिस व सीआरपीएफ के अधिकारी भी मौजूद रहे।

जवान के शव पर पुष्प चक्र चढ़ाते स्वार पुलिस इंस्पेक्टर संदीप त्यागी।

पंचतत्व में विलीन हुए धर्मेंद्र

मसवासी : सीआरपीएफ जवान के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद मंगलवार को वह पंचतत्व में विलीन हो गए। सीआरपीएफ के अधिकारियों सहित क्षेत्र के लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। जवान की अंतिम यात्रा में हजारों लोगों का हुजूम उमड़ा। सोमवार को दो भाइयों का विवाद निपटाने के दौरान झगड़ा कर रहे एक पक्ष कृष्ण कुमार उर्फ पिंटू ने अपने पिता हरस्वरूप की लाइसेंसी बंदूक से सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र उर्फ भूरा के सर में गोली मार दी। जब तक परिजन अस्पताल पहुंचते तब तक सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र उर्फ भूरा की मौत हो चुकी थी। मंगलवार दोपहर सीआरपीएफ जवान धर्मेंद्र उर्फ भूरा के शव को गांव लाया गया। उसकी अंतिम यात्रा पट्टी कलां स्थित मोक्ष धाम पहुंची। जहां सीआरपीएफ के अधिकारियों, परिजनों सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी।

हाईवे पर दो ट्रक भिड़े एक चालक की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार : हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रक के चालक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी और दूसरे ट्रक के चालक-परिचालक भाग गए। मृतक की शिनाख्त होने पर पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को सूचना दे दी है।

यह हादसा मंगलवार तड़के करीब चार बजे पूरनपुर-खुटार मार्ग पर मुजफ्फरनगर मोड़ से करीब दो सौ मीटर आगे राईस मिल के पास हुआ। पुलिस के अनुसार दोनों ट्रक खुटार की तरफ से आ रहे थे। तेज गति में पीछे से आए ट्रक ने आगे चल रहे दूसरे ट्रक में टक्कर मार दी। हादसा इतना वीभत्स था कि पीछे वाले ट्रक के परखच्चे उड़ गए। इसमें गंभीर चोटें आने से पीछे चल रहे ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी शिनाख्त उत्तराखंड के जिला उधमसिंह नगर के किच्छा थाना क्षेत्र के गांव दरऊ निवासी 32 वर्षीय फुरकान पुत्र इमरान के रूप में हुई। उसका एक साथी और दूसरे ट्रक के चालक -परिचालक मौके से भाग गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी पीलीभीत पहुंच गए। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि ट्रकों की टक्कर हो गई थी। जिसमें एक के चालक की मौत हुई है। दोनों वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करा दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

युवती की मां को पीटा अश्लील हरकतें कीं

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: शहर निवासी एक युवती ने अपने तीन युवक साथियों की मदद से माता-पिता को कमरे में बंद कर दिया और अलमारी में रखे पांच लाख के जेवर लेकर युवकों के साथ भाग गई। युवती की मां का आरोप है कि जब विरोध किया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट व अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि दो मार्च को वह और उसके पति नीलेश दीक्षित घर में सो रहे थे। इस बीच उसकी पुत्री की मिली भगत से शोभित श्रीवास्तव, विश्वमोहन उर्फ मोनू श्रीवास्तव, रोहित कुमार निवासी सुंदरपुरम रात करीब दो बजे घर में घुस आए। सो रहे उसके पति को घर के कमरे मे बंद कर दिया। घर की अलमारी का लॉकर खोलकर उसमें रखे करीब 5 लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। खटपट की आवाज सुनकर जब उसकी की आंख खुली तो आरोपी गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। विरोध करने पर शोभित ने हाथ पकड़ लिया। विश्वमोहन व रोहित कुमार ने छेड़छाड़ कीं। चीख-पुकार होने पर उसे कमरे में बंद कर दिया और पुत्री समेत सभी आरोपी भाग गये।

इंटरसिटी एक्सप्रेस का शहजादनगर में इंजन फेल

बरेली, अमृत विचार : इंटरसिटी एक्सप्रेस का मंगलवार सुबह बरेली जंक्शन से रवाना होने के बाद शहजादनगर स्टेशन के पास इंजन फेल हो गया। इससे करीब ढाई घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। परेशान यात्रियों ने एक्स पर पोस्ट कर रेलवे अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद दूसरा इंजन लगाकर ट्रेन को रवाना किया गया।

बरेली से नई दिल्ली को जाने वाली ट्रेन संख्या 14315 इंटरसिटी एक्सप्रेस बरेली जंक्शन से अपने निर्धारित समय 4:55 बजे से दो मिनट की देरी से रवाना हुई थी। करीब 55 किलोमीटर चलने के बाद ही ट्रेन का इंजन रामपुर से पहले शहजादनगर स्टेशन पर फेल हो गया।

चन्दौसी के दो युवकों की संदिग्ध हालत में मौत

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवापुर के दो युवकों की फरीदाबाद (हरियाणा) के बल्लभगढ़ में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। दोनों युवक कमरे में मृत मिले। घटना की सूचना मिलने पर परिजन बल्लभगढ़ के लिए रवाना हो गए थे। मंगलवार शाम शवों के पहुंचने से परिजन विलाप करने लगे। दोनों युवक बल्लभगढ़ के सीकरी में मजदूरी करते थे।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवापुर निवासी रिंकू (20 वर्ष) पुत्र नत्थू, भूरे (20 वर्ष) पुत्र प्रेमपाल फरीदाबाद में बल्लभगढ़ के सीकरी में मजदूरी करते हैं। वहां बीएसएनएल की लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। सीकरी में शेड में बने कमरों में अन्य मजदूरों के साथ रहते थे। रविवार की रात दोनों भोजन करने के बाद सो गए।

सोमवार की दोपहर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो अन्य मजदूरों ने ठेकेदार व स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो दोनों युवक रिंकू व भूरे मृत व एक बेहोशी की हालत में मिला। दोनों युवकों के मुंह व नाक से झाग निकल रहे थे तथा पास में ही शराब की बोतले रखी थीं।

निजी फार्म के खेल में छात्र पर एफआईआर

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और स्नातकोत्तर की वार्षिक परीक्षा के व्यक्तिगत छात्रों के फार्म जमा करने के खेल में पकड़े गए छात्र नितिन के खिलाफ बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले में चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने तहरीर दी थी।

पुलिस नितिन से पूछताछ कर रही है, कि उसके गैंग में कौन-कौन शामिल है। सोमवार को नितिन, आकाश और पवन के अलावा दो अन्य छात्रों के आवेदन लेकर पहुंचा था। काउंटर पर बैठे कॉलेज के कर्मचारी ने जब फीस रसीद पर बार कोड स्कैन किया तो नहीं हुआ। शक होने पर नितिन को पकड़ लिया।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1835, राज श्री 1350, फॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज (नई) 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

बीते साल के सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने जारी किए आंकड़े

बेरोजगारी दर घटकर 3.1 प्रतिशत पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर 3% पर आ गई।

वहीं महिला बेरोजगारी वर्ष 2022 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रही थी। इसी तरह पुरुषों के लिए बेरोजगारी का आंकड़ा 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत था लेकिन पिछले साल यह घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की कुल दर में भी वर्ष 2023 में गिरावट आई और यह 5.2 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष, 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 5.7 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2021 में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसी तरह, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 2022 के 2.8 प्रतिशत और 2021 के 3.3 प्रतिशत से घटकर बीते साल 2.4 प्रतिशत पर आ गई।

देश में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ी



कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा।

सीसीआई जल्द ही एआई पर बाजार अध्ययन करेगा शुरू

नई दिल्ली। निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार अध्ययन शुरू करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

कौर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है।

कर्मचारियों की कमी से संकट में आ गईं मंडी समितियां

- 5111 पद के सापेक्ष 1760 बचे बरेली में ज्यादा परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जिलों की 251 मंडी समितियां और मंडी परिषद मुख्यालय कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। नई भर्ती न होना और बराबर सेवानिवृत्ति होने से मंडी समितियां संकट में हैं। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी से मंडी शुल्क, शमन शुल्क, देयताओं की वसूली, मंडी कारोबार से लेकर कार्यालय के सभी कार्य प्रभावित हैं। स्थित यह है कि कुल 5111 में 1760 कर्मचारी ही बचे हैं। इन पर खाली पदों का भी बोझ है।

बरेली मंडल में ज्यादा दिक्कत है। यहां की सभी मंडियों में 448 स्वीकृत पदों पर 122 कर्मी बचे हैं। इनमें तृतीय श्रेणी के 184 में 33 व चतुर्थ श्रेणी 264 में 122 कर्मचारी हैं। दिसंबर तक कई सेवानिवृत्ति की कतार में हैं। कार्यों का संचालन बिगड़ने पर उप निदेशक (प्रशासन विपणन) बरेली ने मंडी परिषद मुख्यालय से कर्मियों को तैनात करने की मांग की है। निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की भर्ती के लिए उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजा जा चुका है। जल्द समाधान होगा।

मंडी परिषद मुख्यालय पर 30 प्रतिशत ही स्टॉफ बचा है। भर्ती न होने के कारण आउटसोर्सिंग से काम चल रहा है या फिर बचे कर्मियों के पास पटल व कार्य अतिरिक्त हैं। मुख्यालय पर भी कई कर्मी मार्च से सेवानिवृत्ति होने वाले हैं। वहीं, प्रदेश के कुल 5111 स्वीकृत पदों की बात करें तो इसमें तृतीय श्रेणी के 1678 पदों में 541 और चतुर्थ श्रेणी के 3433 में 1219 कर्मचारी कार्यरत हैं। 3551 कर्मचारियों की कमी है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,000
गिन्नी (प्रति नग)	49,150-49,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,800
सोना जेवरात गिन्नी	63,800
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,800
चांदी आभूषण	74,100।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 89-107 मसूरी 68-98 बासमती 135-160, **दाल दलहन**-काला चना 80-110 साबुत चना दाल 100-105 मूंग साबुत 108-125 राजमा 135-156 दाल उड़द 120-148 साबुत मसूर दाल 100-114 मसूर दाल 100-115 उड़द साबुत 115-140 काबुली चना 140-185 अरहर दाल 150- 161 लोबिया/करमानी 105- 135 सोयाबीन- 92-115 मूंगफली 118-135 मटर (सूखी) 60-70 मक्का 32-35 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 रुपये राजमा लाल: 155 रुपये।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में रहा विफल

- वित्तीय अधिसूचना इकाई ने लगाया है आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

पेटीएम पेमेंट्स बैंक धन शोधन रोधक कानून के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी सूचना देने के लिए एक आंतरिक व्यवस्था बनाने में विफल रहा। वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने अपने आदेश में यह बात कहने के साथ ही जोड़ा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अपनी भुगतान सेवा में उचित जांच प्रक्रिया का पालन नही किया। उसने फिनटेक कंपनी पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

वित्तीय खुफिया जानकारी जमा करने वाली संघीय एजेंसी ने अपने एक मार्च के आदेश में कहा कि बैंक के खिलाफ ये आरोप चार से अधिक की जांच के बाद पुष्ट किए गए थे। इस संबंध में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 14 फरवरी, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एफआईयू की कार्रवाई पर एक बयान जारी किया था। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने कहा था कि जुर्माना एक कारोबारी खंड से संबंधित है, जिसे पहले ही बंद कर दिया गया था।

क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द बनेंगी लखपति : सीतारमण

- बिहार में कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलीं वित्त मंत्री

छपरा, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द लखपति बनेंगी। सीतारमण ने मंगलवार को बिहार के जिला मुख्यालय सारण में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा 61787 परिवार के बीच कुल 1349.52 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। इ

सके माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना सृजन कार्यक्रम, स्टैंड अप योजना,

कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रधानमंत्री स्वनिधि तथा जीविका सहित कुल नौ योजना के तहत लाभार्थियों को राशि वितरित की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत काम कर रहा है। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर लखपति दीदी बहुत ही जल्द बन सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी तक महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए जितने भी काम प्रारंभ किया है पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री के द्वारा यह काम नहीं किया जा सका है। श्रीमती सीतारमण ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय

वे लोग मुझे कहते हैं मेरा परिवार ही नहीं है: मोदी

तेलंगाना की रैली में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री, 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

हैदराबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि परिवारवाद की राजनीति के कारण प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोले कि वे (कांग्रेस) लोग मुझे कहते हैं, मेरा परिवार ही नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने आगे कहा मैं घोटाले का खुलासा करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके इस प्यार को मैं तेलंगाना के विकास के रूप में दोगुना करके दूंगा।

नरेंद्र मोदी आज संगारेड्डी जिले में 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद पटेलगुडा, पाटंचेरु स्थित एसआर इन्फिनिटी में आयोजित विजय संकल्प सभा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाया और तीखी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस की विरासत और परिवारवार की राजनीति की अवधारणा की निंदा करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। उन्होंने परिवार-आधारित पार्टियों के भीतर भ्रष्टाचार को उजागर करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन पार्टियों के नेताओं में असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गयी है। उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य दलों पर जनता के पैसों से खुद के लिए धनराशि के संचय की निंदा की। उन्होंने परिवारवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों के पास लूट का लाइसेंस होने की वैधता पर सवाल उठाया।

नरेंद्र मोदी तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पटानचेरु में एक सार्वजनिक बैठक के लिए पहुंचते ही समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

चंडीखोल (ओडिशा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया, उनमें तेल और गैस, रेलवे, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग तथा परमाणु ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं बिश्वेश्वर टुडु भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

- उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की संयुक्त रिपोर्ट में जताई गई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है।

देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत

वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा। लेकिन 2022 में 70,900 करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें 1.83 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि, 2023 में डिजिटल मीडिया 65,400 करोड़ रुपये को पार कर गया और 2024 में लगभग 75,100 करोड़ रुपये पहुंच जाने की उम्मीद है। यह टेलीविजन मीडिया के 71,800 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में डिजिटल मीडिया लगभग 95,500 करोड़ रुपये का होगा। इसमें 2023-26 के बीच संचयी रूप से 13.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं टीवी मीडिया 76,600 करोड़ रुपये का होगा। यह डिजिटल मीडिया से करीब 20 प्रतिशत से कम होगा।

फिक्की मीडिया एवं मनोरंजन समिति के चेयरमैन केविन वाज ने कहा-डिजिटल मीडिया 2024 में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार है। यह संभवतः टेलीविजन क्षेत्र को पीछे छोड़कर एम एंड ई क्षेत्र का अग्रणी खंड बन जाएगा। अनुमान है कि डिजिटल मीडिया में इस उछाल के साथ एम एंड ई क्षेत्र की वृद्धि 10 प्रतिशत सालाना पहुंच जाएगी और यह 3.0 लाख करोड़ रुपये का पार कर जाएगा। इस मजबूत वृद्धि का कारण मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा, ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों को व्यापक रूप से अपनाना है।

एक नजर

डिप्टी सीएम शिवकुमार को न्यायालय से राहत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन की एक जांच मंगलवार को खारिज कर दी। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक पीठ ने शिवकुमार को राहत दी।

एसबीआई को ढाल बना रही है सरकार: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉण्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि बैंक को चुनावी बॉण्ड की जानकारी देने के लिये इतना समय क्यों चाहिए? एसबीआईने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया।

केंद्र सेना की पदोन्नति की प्रक्रिया को करे स्पष्ट: उच्चतम न्यायालय

- सुप्रीम कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट करे। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की स्थिति के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव होने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल तीन नवंबर को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है। वेंकटरमणी ने कहा कि सूची में शामिल किए जाने की अवधारणा एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक

योग्यता पर आधारित है। इसके समर्थन में, उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दायर नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है, तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है। अहमदी ने उनकी दलीलों का विरोध किया और कहा कि पुरुष अधिकारियों को पैनलबद्ध करने के लिए इसी तरह की कवायद नहीं की गई थी। न्यायालय की पीठ ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध की और अटॉर्नी जनरल से एक हलफनामा भी दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

गलत बयानबाजी के चक्कर में फंसे द्रमुक सांसद ए. राजा

- भाजपा ने गिरफ्तारी की मांग की कांग्रेस ने उनके बयान निंदा की

चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस पर न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है।

भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'विभाजन' का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा है जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पंसद नहीं आईं। राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं।

माओवादी संबंध मामला : कोर्ट ने डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

नागपुर। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने मंगलवार को माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा को बरी कर दिया। अदालत ने उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा। इसने कहा-अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी साक्ष्य या आपत्तिजनक सामग्री पेश करने में विफल रहा है।

इस्तीफे के बाद अभिजीत ने भाजपा में शामिल होने का एलान किया

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को एलान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ''भ्रष्टाचार का पर्याय'' है और वह मजबूती से लड़ेंगे। गंगोपाध्याय ने कहा, ''मैं संभवतः सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, गंगोपाध्याय इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया।

सीबीआई करेगी ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने निर्देश दिया कि निर्देशों का पालन मंगलवार को ही शाम 4.30 बजे तक किया जाए। ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर कीं, जिसमें ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एक संयुक्त विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया गया था। यद्यपि ईडी चाहता था कि जांच केवल सीबीआई को हस्तांतरित की जाए, जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच केवल राज्य पुलिस को दी जाए।

संदेशखालि मामला

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच सीबीआई को सौंपी

सीबीआई ने बंगाल पुलिस से संपर्क किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने हाथ में लेने के लिए मंगलवार को राज्य की पुलिस से संपर्क किया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। सीबीआई की टीम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता में सीआईडी के दफ्तर भी पहुंची है।

बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

पश्चिम बंगाल सरकार ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने के लिये मंगलवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की।

सात्विक और चिराग, त्रिसा और गायत्री ने फ्रेंच ओपन में किया जीत से आगाज

पेरिस, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मंगलवार को मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की।

मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह 8 मैचों में पांचवीं जीत है। 2022 की चैंपियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर 16-21, 21-19, 21-17 से जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत की यह महिला जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है। तनीषा और अश्विन की जोड़ी 11वें जबकि त्रिसा और गायत्री की जोड़ी 14वें स्थान पर हैं।

फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट

मंधाना को दिल्ली में भी बेंगलुरु जैसे उत्साह की उम्मीद

डब्लयूपीएल के दूसरे सत्र के बाकी मैच देश की राजधानी में होंगे, सोमवार को खेला गया बेंगलुरु सत्र का आखिरी मैच

नई दिल्ली, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा सत्र के पहले चरण में बेंगलुरु में दर्शकों ने जैसा उत्साह दिखाया वैसा ही माहौल टूर्नामेंट को लेकर देश की राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिलेगा।

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र का आयोजन बेंगलुरु और दिल्ली में किया जा रहा है। बेंगलुरु चरण में सोमवार को सत्र का आखिरी मैच खेला गया, जिसमें आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 23 रन से हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस दौरान दर्शक बड़ी संख्या में मौजूद थे। मंधाना ने कहा कि हम देखेंगे कि क्या दिल्ली के दर्शक बैंगलोर के प्रशंसकों की ऊर्जा को टक्कर दे पाएंगे। हमने यहां पुरुषों का क्रिकेट देखा है, मैं 2016 में एक मैच देखने आई थी। उस समय स्टेडियम दर्शकों से भरा था और ऐसा ही (बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम की तरह) माहौल था। इस दौरान लोगों ने मेरा काफी समर्थन किया और यह देखना शानदार था। भारतीय महिला टीम की इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में भी मुंबई के ब्रेबोर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे थे। इससे यह पता चलता है कि महिला क्रिकेट की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

मंधाना ने कहा कि एक महिला खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि यह महिला क्रिकेट की जीत है। मैं यह सिर्फ स्मृति मंधाना या आरसीबी के बारे में नहीं कह रही हूं, मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट जीत रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुंबई में हमें दर्शकों का साथ मिला, इस साल बेंगलुरु में दर्शकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। यह देखकर अच्छा लगा की दर्शक सिर्फ घरेलू टीम ही नहीं बल्कि दूसरी टीमों के मैच देखने के लिए स्टेडियम में आए।

खेल डायरी

वेगनेर को संन्यास लेने पर मजबूर किया: रोस

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार बल्लेबाज रोस टेलर ने कहा है कि तेज गेंदबाज नील वेगनेर को संन्यास लेने को मजबूर किया गया। वेगनेर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में संन्यास का ऐलान किया। उन्हें बताया गया था कि उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना जाएगा। वेगनेर हालांकि पहले टेस्ट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे और ड्रिंक्स भी लेकर आए। टेलर ने कहा कि अब समझ में आ रहा है। उसे संन्यास लेने पर मजबूर किया गया। वेगनेर की प्रेस कांफ्रेंस सुने तो पता चलता है। वह संन्यास लेने वाला था लेकिन आखिरी टेस्ट के बाद। वह इस श्रृंखला के लिए उपलब्ध था। उसके बाद उसे चुना नहीं गया। भविष्य के लिए सोचना सही है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हर हालत में जीत के लिए मैं नील वेगनेर पर भरोसा करता। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चैन की सांस ले रहे होंगे कि वह टीम में नहीं है। वेगनेर को दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए चुना गया था लेकिन मुख्य कोच गैरी स्टीड ने उसे बता दिया था कि वह एक भी मैच नहीं खेलेगा।

सुमित नागल इंडियन वेल्स में पदार्पण पर जीते

इंडियन वेल्स, एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता, लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

नीदरलैंड्स ने नेपाल को चार विकेट से हराया

कीर्तिपुर, एजेंसी। माइकल लेविट 54, कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के 48 और टिम वान डेर गुग्टेन के 5 गेंदों में 21 रनों की पारी से नीदरलैंड्स ने ट्राई सीरीज के फाइनल में नेपाल को 4 विकेट से हरा दिया है। नीदरलैंड्स ने 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। माइकल लेविट और मैक्स ओ'डॉड ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। माइकल ने 54 और डॉड ने 22 रन बनाए। विक्रमजीत सिंह 29 रन, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने 48 रन बनाए। आखिरी ओवरों में टिम वान डेर गुग्टेन ने आतिशी पारी खेलते हुए नीदरलैंड्स को 19 .3 ओवर में 6 विकेट पर 189 रन बनाकर जीत दिला दी। नेपाल से कुसल मल्ला ने 4 विकेट लिए। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने व अबिनाश बोहरा ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

बीसीसीआई से मान्यता चाहती है नेत्रहीन क्रिकेट टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम चाहती है कि बीसीसीआई उन्हें अपनी छत्रछाया में लेकर सक्षम खिलाड़ियों की तरह माने ताकि वे भी आगे बढ़ सकें। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम के कोच मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि नेत्रहीन क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाने के लिए बीसीसीआई से मान्यता मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मान्यता के साथ नेत्रहीन क्रिकेटरों को बोर्ड से केंद्रीय अनुबंध भी मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के नेत्रहीन क्रिकेटरों को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से अनुबंध मिले हैं और वे अच्छा खेल रहे हैं। बीसीसीआई को भी आम क्रिकेटरों की तरह नेत्रहीन क्रिकेटरों को अनुबंध देने चाहिए। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ के महासचिव शैलेंदर यादव ने कहा कि नेत्रहीन क्रिकेटरों के लिए सराहना और सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि नेत्रहीन टीम के पूर्व कप्तान शेखर नाईक को पद्मश्री दिया गया और पूर्व कप्तान अजय रेड्डी को अर्जुन पुरस्कार मिला। उम्मीद है कि दूसरे देशों की तरह बीसीसीआई नेत्रहीन क्रिकेट को मान्यता देगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को भारत सरकार और प्रदेश सरकारों से वित्तीय सहायता मिल रही है। कुछ को हरियाणा, ओडिशा और केरल में सरकारी नौकरी भी मिली है। हम चाहते हैं कि कुछ और खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां मिले।

इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ : अश्विन

उस श्रृंखला से मिली सीख से वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं

धर्मशाला, एजेंसी

भारत के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी क्योंकि उससे मिली सीख से ही वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं। इंग्लैंड ने वह श्रृंखला 2-1 से जीती थी जो भारत में 1984-85 के बाद श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन उस श्रृंखला में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके और एलेस्टेयर कुक तथा केविन पीटरसन ने उन्हें आराम से खेला। 12 साल बाद अश्विन ने उस श्रृंखला को करियर का निर्णायक मोड़ बताया।

अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। कुक ने यहां आकर आसानी से रन बनाए। लेकिन मेरे लिए वह श्रृंखला और उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई श्रृंखला ने बहुत कुछ बदला। मैंने पहले अच्छा खेला था तो मुझे समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यो हुआ। अश्विन ने 4 टेस्ट में 14 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में कई लेख लिखे गए और इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि कहां गलती हुई।

इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने सौ टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। उन्होंने कहा कि बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पेल रहा। मैने दोनों पारियों में गेंदबाजी की। तीसरे दिन सुबह गेंदबाजी करके 3 विकेट लिए। मैंने मैच में 7 विकेट लिए लेकिन हम वह मैच 31 रन से हार गए थे। उसके बाद बेंगलुरू टेस्ट मैच में मैंने दूसरे दिन सुबह गेंदबाजी की। सेंचुरियन में 2018-19 में पहले दिन 4 विकेट लिए। ये स्पेल खास रहे। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। रविंद्र जडेजा की बल्लेबाजी बेहतर होने से उन्हें विदेश में अक्सर तरजीह मिलती रही, लेकिन अश्विन ने कहा कि अब उन्हें अतीत से कोई गिला नहीं। कोई कप्तान या खिलाड़ी किसी ऐसे को बाहर नहीं रखना चाहता जो उपयोगी लगता हो। रविंद्र जडेजा एक अच्छा बल्लेबाज है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर सिर्फ गेंदबाजी के आधार पर ही चयन नहीं किया जाता है।

अश्विन बोले- स्मिथ, रूट को गेंद डालना पसंद

अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच से दो दिन पहले उन खिलाड़ियों को याद किया जिनके साथ मैदानी जंग में उन्हें मजा आता है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पूर्व अश्विन की प्रशंसा की थी और अब भारतीय स्पिनर ने भी अपने इस प्रतिद्वंद्वी की सराहना की। अश्विन ने कहा कि रूट के अलावा स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुझे स्टीव, विलियमसन और रूट को गेंद डालना पसंद है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में हैं। जब मैं प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलता था तो मुझे स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी करने वालों को गेंदबाजी करने का मौका मिला। तमिलनाडु में मुझे एस बद्रीनाथ को गेंदबाजी करने का अवसर मिला और वह स्पिन को अच्छी तरह से खेलता है। मिथुन मनहास और रजत भाटिया भी इनमें शामिल हैं। ये सभी उन बल्लेबाजों में हैं जिनका मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सामना नहीं करना चाहता। मैं उनके सम्मान में सर झुकाता हूं क्योंकि इन्होंने मुझे बहुमूल्य सबक सिखाए।

आंकड़ों का दुर्लभ संयोग

अश्विन और बेयरस्टो पूरा करेंगे टेस्ट मैचों का सैकड़ा

धर्मशाला, एजेंसी

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार को 5 मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच के लिए जब मैदान पर उतरेंगे तो यह चौथा मौका होगा जब दो खिलाड़ी एक साथ अपना 100वां टेस्ट खेलते दिखेंगे। पहली बार 2000 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए मैच में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और एलेक स्टीवर्ट ने इस उपलब्धि को पाया था। द. अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने 2006 में सेंचुरियन में द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच में अपना-अपना 100वां टेस्ट खेला था। यह इकलौता मौका था जब 3 खिलाड़ियों ने एक मैच में अपना 100वां टेस्ट खेला था। 2013 में पर्थ में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज श्रृंखला में एलिस्टर कुक और माइकल क्लार्क ने टेस्ट मैचों का सैंकड़ा एक साथ पूरा किया था। अश्विन और बेयरस्टो गुरुवार से अपनी-अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह दूसरा मौका होगा जब प्रतिद्वंद्वी टीमों के दो खिलाड़ी एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। भारत-इंग्लैंड मैच शुरू होने के एक दिन बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी और उनके पूर्ववर्ती केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। चौतीस साल के बेयरस्टो 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने 2012 में पदार्पण किया था। भारत मौजूदा श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है।

लक्ष्य भी ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर

बस्तो अर्सिंजियो (इटली), एजेंसी

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर चल रहे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। पुरुषों की 80 किग्रा स्पर्धा में चाहर सोमवार को ईरान के गेश्लाघी मेसम से हार गए। पहले राउंड में 2-3 से हारने के बाद चाहर ने दूसरे राउंड में 3-2 से जीत दर्ज कर वापसी की लेकिन मुकाबला खत्म होने में जब केवल 20 सेकंड बचा था तब मेसम ने आक्रामक रवैया अपनाया और चाहर को नॉकआउट कर दिया। भारत के अब तक जो 4 मुक्केबाज रिंग पर उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किग्रा), एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) सभी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन और एशियाई चैंपियनशिप में छह बार के पदक विजेता शिव थापा सहित 5 भारतीय मुक्केबाज अब भी ओलंपिक कोटा पाने की दौड़ में हैं। भारत ने अब तक ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी में चार कोटा पाए हैं। इनमें निकहत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) हैं। इन सभी ने पिछले साल एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले झारखंड के बाएं हाथ के गेंदबाज शहबाज नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने कहा कि मैं काफी समय से संन्यास पर विचार कर रहा था और अब मैं तीनों प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं। नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 2019 में रांची में द. अफ्रीका के खिलाफ पर्दापण किया था। उन्होंने 4 विकेट लिए थे। उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका मिला था। आईपीएल में उन्होंने दिल्ली और हैदराबाद की टीम से 72 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में 542 विकेट लिए हैं। टी-20 में उनके नाम 125 विकेट हैं। नदीम 2015-16 और 2016-17 में रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में भी ज्यादा विकेट लिए। इसी ट्रॉफी में उन्होंने राजस्थान को 10 रन देकर 8 विकेट लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 2013 से 2020 तक उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलते हुए 83 विकेट भी लिए थे।



बॉलीवुड हलचल

यश की फिल्म शादी एक रात की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। निर्माता-निर्देशक रुस्तम अली चिस्ती की भोजपुरी फिल्म शादी एक रात की की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में यश कुमार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर चिस्ती ने बताया कि यह फिल्म नाम के अनुसार ही बेहतरीन बन रही है। उम्मीद है दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में यश कुमार अपने यूनिक अभिनय और सब्जेक्ट वाली फ़िल्में के लिए प्रसिद्ध हैं। वे इस फिल्म में भी एक अलग और नायाब अंदाज में नज़र आएंगे। फिल्म की कहानी से लेकर संवाद तक सभी दर्शकों को पसंद आने वाले हैं। वही, फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि फिल्म उन अच्छी फिल्मों में होगी, जिसे लोग बार बार देखना चाहेंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सेट पर हम कहानी को टाइम लाइन पर उतार रहे हैं। फिल्म शादी एक रात की यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता, अनारा गुप्ता, पूजा सिंह, समर्थ चतुर्वेदी, अनिता रावत, राधे कुमार, हीरा यादव, संजीव सोलंकी, राजेश तोमड मुख्य भूमिका में हैं।

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' का गाना नैना जारी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना नैना रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हो गया है। इस गाने में करीना, तब्बू और कृति अपने दिकलश अदाओं का जादू चलाती नजर आ रही हैं। गाने को दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने गाया है। इस गाने को कम्पोज राज रन्जोध ने किया है। उन्होंने ही इसके लिरिक्स भी लिखे हैं। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है, जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज

मुंबई,एजेंसी। गायक नवरत्न पांडेय और अभिनेत्री लवली काजल का गाना रंग लहे लहे डाली' रिलीज हो गया है। नवरत्न पांडेय और नेहा राज ने इस गीत को आवाज दी है। यह भोजपुरी होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में नवरत्न पांडेय और लवली काजल की जोड़ी है। इस गाने में दिखाया गया है कि नवरंग पांडेय दोस्तों के साथ भांग पीकर पूरे मूड दिख रहे हैं। उनके सामने जब उनकी पत्नी आती है तो वह होली खेलने के लिए कहते हैं कि... 'फगुआ में हमरो बनाई द मिजाज, सइयां जी से आपन काहे खातिर लाज, मन में बा बेचैनी कइसे संभाली हो कइसे संभाली...'लवली काजल रंग लगाने का ऑफर देते हुए कहती है कि... एको जगे छोड़ी जनि खाली, राजा जी रंग लहे लहे डाली... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत विक्की वॉक्स ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं।

अरविंद का गाना साली घरवाली रिलीज

मुंबई। भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया होली स्पेशल गाना साली घरवाली टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। कल्लू ने कहा कि यह गीत श्रोताओं की खुशियों को और भी गहरा करेगा। शिल्पी राज के साथ गया यह गाना बेहद खास है। टी-सीरीज के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि कल्लू और शिल्पी राज का यह गाना बेहद खूबसूरत है।

स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बनीं नयनतारा

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री नयनतारा स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बन गई है। आम के शौकीनों के लिए प्रमुख पेय के रूप में पिछले कुछ वर्षों में, स्लाइस ने संपूर्ण देश के घरों में अपनी जगह पक्की की है। स्लाइस ने नयनतारा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। नयनतारा ने कहा, मैं स्लाइस परिवार का हिस्सा बनकर और इस प्रतिष्ठित ब्रांड की विरासत में योगदान देकर रोमांचित हूं। मैं ब्रांड की आगामी परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि नया अभियान मेरे प्रशंसकों को अनोखे और मनमोहक तरीके से स्लाइस की रमणीय दुनिया में डुबो देगा। पेप्सिको इंडिया के स्लाइस एंड ट्रॉपिकाना के एसोसिएट डायरेक्टर, अनुज गोयल ने कहा, स्लाइस परिवार में नयनतारा का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि जनता के बीच उनकी व्यापक अपील ब्रांडों को हमारे मुख्य उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद करेगी। स्लाइस और नयनतारा दोनों ने परिवारों का मनोरंजन किया है और लोगों को एक प्यारे ढंग से एक साथ लाया है।

फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा की आने वाली फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर' विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। वह एक क्रांतिकारी, समाजसुधारक और राजनेता थे। फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में रणदीप हुड्डा ने विनायक दामोदर सावरकर का किरदार निभाया है, वहीं अंकित लोखंडे ने उनकी पत्नी 'यमुनाबाई' की भूमिका निभाई है। ट्रेलर की शुरुआत रणदीप के डायलॉग से होती है, जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि 'हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से मिली है। यह वो कहानी नहीं है। ट्रेलर में दिखाया गया कि कैसे सावरकर ने अखंड भारत की लड़ाई लड़ी। किस तरह उन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपनी फौज खड़ी कर अग्रेजों को भागने पर मजबूर किया। इससे रणदीप हुडा अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म को ज़ी स्टूडियोज, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर ने प्रोड्यूस किया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

हिमाचलः भूस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई। बता दें, पिछले सप्ताह से हो रही ताजा बर्फबारी और बारिश ने पहाड़ी हिस्सों में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा- जिले में धरमपुर इलाके के गाहर गांव में सोमवार रात दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, अचानक हुए भूस्खलन से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा- सुखारी मुखिया (31) और बासे मुखिया (46) मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

बर्फ के तूफान का कहर, कई इलाके 12 फीट तक बर्फ में दबे

सेन फ्रांसिस्को। तस्वीर अमेरिका में कैलिफोर्निया की है। वहां बर्फ का भीषण तूफान आया है।। हवा की रफ्तार 306 किमी प्रति घंटे तक रही। साथ ही हर घंटे 6 6 इंच से अधिक बर्फबारी हो रही है।। कुछ इलाकों में तो 12 फीट से अधिक ऊंचाई तक बर्फ जमा है। इससे यातायात बाधित है। मैमथ माउंटेन क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। इस कारण वहां स्की रिजॉर्ट को बंद कर दिया गया। राज्य के करीब 2.3 लाख लोगों के यहां बिजली गुल है।

यूक्रेन ने नष्ट किया अरबों की कीमत वाला रूस का युद्धपोत

कीव। यूक्रेन ने रूस के एक और युद्धपोत को समुद्र में डुबोने का दावा किया है। उसने मंगलवार को कहा कि उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काला सागर में क्रीमिया के पास रूसी युद्धपोत को डुबो दिया गया। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे पर लक्ष्यों को लगातार निशाना बना रही है। हालांकि रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन ने फरवरी में भी दो रूसी युद्धपोतों को डुबोने का दावा किया था।

लक्षद्वीपः मिनिकॉय द्वीप पर भारतीय नौसेना का नया बेस आज से शुरू

नई दिल्ली। हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद के तहत भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप समूह में अगले सप्ताह एक नया बेस आईएनएस जटायु बनाने जा रही है। भारतीय नौसेना 6 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में मिनिकॉय में आईएनएस जटायु के रूप में नौसैनिक टुकड़ी को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईएनएस जटायु की स्थापना द्वीपों में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा।

पराग समेत एक्स के कई पूर्व अफसरों ने मस्क पर किया केस

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- वेतन को लेकर हुआ विवाद, 12.8 करोड़ डॉलर न देने पर एक्स के मालिक पर लगाया आरोप

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और एक्स के कई पूर्व शीर्ष अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है। विवाद नौकरी से निकाले जाने के बाद हर्जाने के तौर पर दिए जाने वाले वेतन को लेकर है।

पराग अग्रवाल के अलावा जिन अन्य लोगों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है, उनमें नेड सीगल, एक्स के पूर्व सीएफओ, विजया गड्डे, एक्स की पूर्व चीफ लीगल ऑफिसर और सीन एजेट, एक्स के पूर्व जनरल काउंसल का नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पराग अग्रवाल समेत चारों अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ 12.8

करोड़ डॉलर के विच्छेद वेतन (सेवेरेंस सैलरी) न देने के आरोप लगाए हैं।

इन अधिकारियों को एलन मस्क द्वारा एक्स का अधिग्रहण करने के बाद नौकरी से निकाल दिया गया था। मस्क ने अधिकारियों पर काम में लापरवाही बरतने और गलत आचरण के चलते नौकरी से निकाला था। हालांकि इन अधिकारियों ने मस्क के आरोपों से इनकार किया था।

पाकिस्तानः मोदी ने शहबाज को प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शहबाज शरीफ को शुभकामनाएं दी है।

दरअसल, बीते सोमवार को शहबाज के पीएम पद की शपथ के बाद भारत की ओर से बधाई संदेश न मिलने पर कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं, लेकिन फिलहाल उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। 2022 में जब शहबाज शरीफ पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब भी पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी थी।

31 MARCH के पहले पूरे कर लें ये जरूरी काम

इस महीने वित्त वर्ष समाप्त हो रहा है। 31 मार्च से पहले अपने फाइनेंशियल और टैक्स प्लानिंग से संबंधित सभी जरूरी काम पूरे कर लेने चाहिए। आइये जानते हैं कौन से महत्वपूर्ण काम ये महीन खत्म होने से पहले निपटा लेना जरुरी है।

चेक करें ईसीएस डेबिट

इंश्योरेंस प्रीमियम, एसआईपी, हाउसिंग लोन इंस्टॉलमेंट आदि आमतौर पर ईसीएस के द्वारा बैंक खाते से डेबिट होते हैं। अगर किसी तकनीकी कारण से ईसीएस डेबिट नहीं हो पाई हो या चेक से भुगतान की दशा में चेक बाउंस हो गया हो तो करदाता इनका क्लेम नहीं ले सकता है।

- पुरानी सैलरी डिटेल सबमिट करें वित्त वर्ष के दौरान अगर जॉब चेंज किया है तो मौजूदा नियोक्ता के पास फॉर्म 12बी में पुराने नियोक्ता से प्राप्त सैलरी की डिटेल सबमिट करें। नहीं तो हो सकता है कि दोनों नियोक्ता इनकम टैक्स बेसिक एक्सम्पशन लिमिट की छूट दे दें। ऐसी डिटेल नहीं देने पर रिटर्न दाखिल करते समय ब्याज सहित टैक्स का भुगतान करना पड़ सकता है।

- एक्सपेंस प्रूफ सबमिट करें कर्मचारी को हाउस रेंट अलाउंस या लीव ट्रैवल कंसेशन जैसी कुछ छूट खर्च करने पर ही मिलती हैं। 31 मार्च से पहले ऐसे बिल सबमिट कर इनका डिडक्शन क्लेम किया जा सकता है।
- यदि आपने अभी तक फास्टैग केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसकी डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। अगर आप 31 मार्च तक फास्टैग केवाईसी नहीं करते हैं तो बाद में आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो सकता है।

पीपीएफ, एनपीएस खातों में न्यूतम राशि

यदि साल भर में पीपीएफ और एनपीएस खातों में कोई भी रकम जमा नहीं की है तो इस दशा में ये एकाउंट्स डोरमेट याने निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसे खाते सक्रिय बनाये रखने के लिए 31 मार्च के पहले इनमें 500 रुपए की न्यूनतम राशि जमा करा दें। बता दें, खाताधारक को नॉमिनेशन की प्रक्रिया को जरूर पूरा करना चाहिए। अकाउंट खोलने के लिए आपको फॉर्म-ए और नॉमिनेशन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए फॉर्म-बी भरना जरूरी है। इससे बाद खाताधारक की मृत्यु हो जाने की स्थिति में खाते में जमा राशि को क्लेम करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा ने गाजा में संघर्ष को लेकर जताई गहरी चिंता

भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थक बिना शर्त हो बंधकों की रिहाईः कंबोज

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

इजराइल-हमास के बीच पिछले पांच महीने से चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गाजा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। साथ ही उन्होंने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की।

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फिलिसतीनी एक स्वतंत्र देश में खुलकर जी सकें। वीटो के इस्तेमाल पर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा कि संघर्ष पर भारत की स्थिति स्पष्ट रही है और कई मौकों पर यह कहा गया है। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों के बीच सीधी और सार्थक बातचीत के जरिए हासिल किया गया केवल दो राष्ट्र समाधान ही स्थायी शांति ला सकेगा। भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीनी लोग इजराइल की सुरक्षा जरूरतों का सम्मान करते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में खुलकर रह सकें। भारत के स्थायी दूत ने तनाव को कम करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा, 'स्थायी समाधान पर पहुंचने के लिए हम हिंसा करने से बचने, सभी बंधकों को रिहा करने, उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और सीधी शांति वार्ता जल्द शुरू करने की स्थितियां बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा, 'जंग पर भारत का रुख स्पष्ट रहा है और हमने यह कई मौकों पर कहा भी है।

इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बड़े पैमाने पर नागरिक जीवन, विशेषकर महिलाओं और बच्चों का नुकसान हुआ है। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, इसके परिणामस्वरूप एक खतरनाक मानवीय संकट भी पैदा हुआ है। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है।

इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत

इजराइल में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों से मौजूदा परिस्थितियों के कारण देश के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया गया है। दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह के मद्देनजर, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से उत्तर और दक्षिण में सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले या आने वाले लोगों को, इजरायल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी जाती है। यह सलाह ऐसे समय में जारी की गई है जब एक दिन पहले लेबनान से हिजबुल्लाह आतंकवादियों द्वारा दागी गई एंटी-टैंक मिसाइल के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे। यह मिसाइल इजरायल के उत्तरी सीमावर्ती मार्गालियोट समुदाय के पास एक बगीचे में गिरी थी। इस हमले के तीनों पीड़ित केरल के थे। भारत में इजरायल दूतावास ने लेबनान द्वारा की गई टैंक रोधी गोलीबारी को कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला बताया और शोक संतप्त परिवारों के लिए प्रार्थना की। नई दिल्ली में इजराइली दूतावास ने कहा, हमले के कारण एक भारतीय नागरिक की मौत और दो अन्य के घायल होने से गहरे सदमे में हैं और दुखी हैं।

पीटीआई ने नई सरकार को बताया फर्जी, 10 को देशव्यापी प्रदर्शन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने 'जनादेश की चोरी' के खिलाफ 10 मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी पिछले महीने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है।

पीटीआई जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है।

पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने पत्रकारों से बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा, हम सभी राजनीतिक ताकतों को एकजुट करेंगे और कानून व संविधान के दायरे में आंदोलन शुरू करेंगे। मीडिया के मुताबिक, नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर कैसर ने कहा कि वे सभी प्रांतों में सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनकी मांगें पूरी हो सकें।" कैसर ने कहा, "हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभी राजनीतिक ताकतों को एक साथ लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन करेंगे।

10 मई के बाद देश में भारतीय सेना नहीं रहेगी मौजूद : मुइज्जू

माले (मालदीव), एजेंसी

- मुइज्जू बोले-कोई भी भारतीय सैनिक मालदीव में सादे कपड़ों में भी मौजूद नहीं रहेगा

भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मीडिया में आई एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी।

मीडिया के अनुसार, उन्होंने द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। मीडिया ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा, यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं,

वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं। उन्होंने कहा, ''10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं। उन्होंने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने निशुल्क सैन्य सहायता हासिल करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा।

बद्रीनाथ धाम ने ओढ़ी बर्फ की चादर...

चमोली : उत्तराखंड में पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी हुई। इस दौरान चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट भी बर्फ की सफेद चादर से ढक गए। चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम, पिथौरागढ़ व बागेश्वर समेत हिमालय की ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फबारी से बद्रीनाथ धाम में लगभग दो फीट तक बर्फ जम गईं। अन्य उंचाई वाले स्थान हिमपात के बाद बर्फ की मोटी सफेद चादर में लिपट गए जबकि निचले इलाकों में बर्फबारी से ठिठुरन और बढ़ गई है। ● एजेंसी

देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होताः विदेश मंत्री जयशंकर

सियोल, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि वह युग जब कुछ ताकतों ने वैश्विक व्यवस्था को पुनर्निधारित करने में अत्यधिक प्रभाव का प्रयोग किया था, अब वह बीत चुका है इसलिए भारत और दक्षिण कोरिया की इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान करने की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है।

बता दें, विदेश मंत्री एस जयशंकर तीन दिनों के एशिया के दौरे पर हैं। इसी क्रम में वे दक्षिण कोरिया और भारत के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए सियोल पहुंचे। जयशंकर ने दक्षिण कोरिया में रहने वाले भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात

- दक्षिण कोरिया में भारतीय प्रवासियों से मिले विदेश मंत्री

की। सियोल में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने देश की प्रगति में उनके योगदान को सराहा।

उन्होंने कहा कि अपने देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता। जो लोग विदेश में रहते हैं वे जानते हैं कि उनके दिल और दिमाग का एक बड़ा हिस्सा हमेशा भारत में रहता है। विदेश मंत्री ने कहा कि आप सभी अलग-अलग तरीकों से हमारे देश की प्रगति में योगदान देते हैं।

हिंद-प्रशांत में नहीं दिखाएगा कोई ताकत

पणजी, एजेंसी

- राजनाथ ने चीनी सैन्य आक्रामकता पर दिया संदेश, बोले- सहयोगी देशों की मदद कर रही नौसेना

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए।

नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में मंगलवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद-प्रशांत के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी। गोवा



स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था।

नये भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा, "भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है।" सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे।

भारतीय सेना का प्रशिक्षु विमान खेत में गिरा, पायलट घायल

गया, एजेंसी

तकनीकी खराबी के कारण अचानक सेना का प्रशिक्षु विमान गांव के खेत में गिर गया। विमान के गिरते ही ग्रामीणों के बीच अफरातफरी का माहौल मच गया। कुछ ही देर में विमान को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदाहा गांव की है।

इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि बगदाहा गांव में सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट का इंजन अचानक फेल हो जाने के कारण क्रैश होकर खेत में गिर गया। एयरक्राफ्ट पर दो पायलट सवार थे। लेकिन इस घटना में दोनों पायलटों को मामूली चोटें आईं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विमान का प्रशिक्षण देने के लिए दो पायलट गया के ओटीए से उड़ान भरे थे। जैसे ही एयरक्राफ्ट बोधगया के बगदाहा गांव के पास

पहुंचा, अचानक तेज आवाज के साथ जा गिरा। उस दौरान थोड़ी देर के लिए गांव के ग्रामीणों के बीच अफरातफरी मच गई। गिरने के बाद सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। हालांकि घटना की सूचना के बाद घटनास्थल पर सेना के अधिकार पहुंच गए। फिलहाल क्षतिग्रस्त एयरक्राफ्ट को प्लास्टिक कवर से ढक कर वापस कैंप ले जाने की तैयारी में जुट गए है। घटनास्थल पर मौजूद सेना के एक अधिकारी ने ऑफ द रिकॉर्ड बताया कि माइक्रो एयरक्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरा था।

विज्ञान नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में जेम्स टेलिस्कोप की नजर, जुलाई से शुरू होगी खोज

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी के अब खुलेंगे रहस्य

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्रह्मांडीय खोज की दुनिया में खगोलविदों ने अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। जिसकी पूर्ति जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से होगी। लक्ष्य में ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी को शामिल किया गया है। इस वर्ष जुलाई से अगले वर्ष जून के बीच खगोलीय खोज की दुनिया में नए आयाम स्थापित हो सकेंगे।

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी ब्रह्मांड में छिपे वह रहस्य हैं, जिनके बारे में विज्ञान आज भी अनभिज्ञ है। हालांकि ब्लैक होल के बारे में काफी कुछ जानकारी है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से पर्याप्त नही है। बड़ी बात यह है कि ब्लैक होल ब्रह्मांड की अदृश्य

जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप के साथ ब्लैक होल व एक्सोप्लानेट की काल्पनिक तस्वीर।

महाशक्ति है। लिहाजा इसके बारे में प्रत्येक जानकारी बेहद जरूरी है। जिस कारण ब्लैक होल को भी लक्ष्य में रखा गया है।

एक्सोमून (बाहरी ग्रहों के चंद्रमा) की बात करें तो अभी तक इस दिशा में खोज का आंकड़ा शून्य है। यह स्वाभाविक है कि दूसरे तारों के अपने ग्रह हैं तो उनके उपग्रहों की भी अलग दुनिया होगी। जिनके बारे में हम कुछ नही जानते। यह भी संभव है कि किसी ब्रह्मांड के किसी एक्सोमून में ही जीवन हो। जिसके चलते एक्सोमून की खोज को पहली बार लक्ष्य बनाया गया है। डार्क एनर्जी की बात करें तो यह वह शक्ति है जो ब्रह्मांड के बड़े हिस्से में अपना वर्चस्व रखता है। मगर आज तक इसके बारे में हम अंजान हैं। लंबे समय से इस महाशक्ति पर शोध किये जा रहे हैं। मगर इसकी वास्तविकता का पता नही लग सका है। मगर जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप इस दिशा में गूढ़ रहस्यों का पर्दाफाश कर पाएगी।

जुलाई से जून 2025 तक दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक होंगे शामिल

नासा के स्पेस टेलेस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट ने जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच का समय निर्धारित किया है। यह टेलेस्कोप 5500 घंटे खोज करेगी। इस कार्य में दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक शामिल होने रहे हैं। जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप अंतरिक्ष में पृथ्वी से 15 किमी की दूरी पर स्थित है, जो आधुनिक खगोल विज्ञान की विशाल आंख है और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यह टेलेस्कोप अभी तक कई कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है और अब इसकी अगली रोचकपूर्ण खोज को लेकर दुनिया के वैज्ञानिको की नजरें इस पर रहेंगी।

भारत का पुनरुत्थान कायम रहेगा, यहां से पीछे नहीं हटेगा

वाशिंगटन, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से कहा कि भारत का पुनरुत्थान, जो भूराजनीति, धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सहित कई कारकों का परिणाम रहा है, कायम रहने वाला है और देश यहां से पीछे नहीं हटने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट के वकील और लेखक जे साई दीपक स्टैनफोर्ड इंडिया डायलॉगः द लीडर्स ऑफ टुमॉरो में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'सच्चाई यह है कि सत्तर, अस्सी और नब्बे के दशक की पीढ़ी भारत को एक रोमांचक कहानी के रूप में देख रही है। अब वे इसका हिस्सा बनना चाहते हैं, जो मुझे लगता है कि स्वागत योग्य है। यह

- स्टैनफोर्ड विवि में छात्रों से बोले शीर्ष कोर्ट के वकील

शानदार है। मुझे निश्चित रूप से विश्वास है कि भारत के अतीत में पुनरुत्थान एक एकल परिवर्तनीय समीकरण नहीं है। यहां कई कारक हैं जैसे भू-राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और न जाने क्या-क्या। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह यहां रहने के लिए है और मुझे लगता है कि यह यहां से वापस नहीं जा रहा है।' बता दें, दिनभर चलने वाले सम्मेलन का आयोजन स्टैनफोर्ड इंडिया पॉलिसी एंड इकोनॉमिक्स क्लब (एसआईपीईसी) ने मोटवानी जडेजा फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किया था।